# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 13 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-147 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### नालंदा में पंचायत चुनाव के प्रत्याशी की हत्या

**नालंदा।** नालंदा में बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर सोए व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे गांव में सनसनी फैल गई. यह घटना देर रात की बताई जाती है. मृतक की पहचान छबिलापुर थाना क्षेत्र के केशरी बिगहा गांव निवासी साजो यादव के 45 वर्षीय पुत्र छोटे यादव के तौर पर की गई है। घटना के संबंध में मृतक के भाई सुनील यादव ने बताया कि पूर्व की चुनावी रंजिश के कारण इनकी हत्या हुई है। आरोपी गांव का ही धीरज यादव है। धीरज यादव और मृतक के बीच पूर्व से ही वर्चस्व को लेकर विवाद चला आ रहा है. इसी रंजिश के कारण हत्या की यह वारदात हुई है।

### नरोत्तम का टिकट कटने पर हिंसा, 27 नेताओं पर FIR

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को चुनाव होना है। यहां से भाजपा ने आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने से समर्थक भड़क गए। चक्काजाम कर पुलिस पर पथराव कर दिया।

### ट्रंप के रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम का निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ रिपब्लिकन सीनेटर और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी लिंडसे ग्राहम का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके कार्यालय ने रविवार को जारी बयान में बताया कि ग्राहम का निधन अचानक हुई एक संक्षिप्त बीमारी के बाद हुआ। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, वॉशिंगटन स्थित कैपिटल हिल स्थित उनके आवास पर कार्डियक अरेस्ट की सूचना मिलने पर आपातकालीन चिकित्सा दल पहुंचा था। हालांकि आधिकारिक तौर पर मृत्यु के कारण की विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है।

### एनडीए प्रत्याशी नीरज सिन्हा ने नीतीश से लिया आशीर्वाद

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के साथ एनडीए के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने नीरज सिन्हा को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि एनडीए पूरी ताकत के साथ बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में विजय हासिल करेगा। पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने नीरज सिन्हा को आशीर्वाद देते हुए जनता की सेवा और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

### ओमान के पास जहाज पर हमला, 11 भारतीय सवार थे

**वॉशिंगटन।** ओमान तट के पास एक व्यापारी जहाज 'GFS गैलेक्सी' पर हमला हुआ। भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) ने रविवार को बताया कि इस जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे। इनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय अब भी लापता है। भारत ने हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मस्कट में भारतीय दूतावास ओमान सरकार के साथ मिलकर लापता भारतीय की तलाश और बचाव अभियान पर लगातार नजर रखे हुए है। भारत ने इस अभियान में सहयोग के लिए ओमानी अधिकारियों का धन्यवाद भी दिया। भारत ने कहा कि क्षेत्र में व्यापारी जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना तुरंत बंद होना चाहिए।

**बिहार का दूसरा मरीन ड्राइव :** 13.25 करोड रुपए की लागत से सिकंदरपुर लेक फ्रंट का लोकार्पण

# मुजफ्फरपुर में बनेगा आर्किटेक्चर और सिविल इंजीनियरिंग विवि

## सीएम ने 1,047.09 करोड़ की 982 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**मुजफ्फरपुर/पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को मुजफ्फरपुर में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 1047.09 करोड़ की लागत वाली 982 विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इसके तहत 375.04 करोड़ रुपए की लागत से मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत 669 विकास योजनाएं, 233.77 करोड़ रुपए की लागत से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज योजना अंतर्गत 3 विकास योजनाएं, 213.25 करोड़ रुपए की लागत से मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी परियोजना सहित अन्य विकास योजनाएं शामिल है।

इस अवसर पर सीएम ने सिकंदरपुर में मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत 213.25 करोड रुपए की लागत से सिकंदरपुर लेक फ्रंट का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात सीएम ने सिकंदरपुर लेक फ्रंट का निरीक्षण किया। इस दौरान सिकंदरपुर लेक फ्रंट परिसर का रात्रि नजारा वीडियो क्लिप के माध्यम से सीएम के समक्ष प्रदर्शित की गई। सीएम ने कहा कि सिकंदरपुर लेक फ्रंट परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। मुख्यमंत्री ने बाबा गरीबनाथ तथा शहीद जुब्बा सहनी सहित जिले के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत को नमन किया। सीएम सम्राट ने एमआईटी मुजफ्फरपुर के मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज परियोजनाओं तथा मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी योजना से जुड़ी परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया है। आज 673 योजनाओं का उद्घाटन तथा 309 योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, जिससे शहरी आधारभूत संरचना, जल निकासी व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। सीएम ने आगे कहा कि राज्य में 12 नए टाउनशिप विकसित किए जाएंगे, जिनमें मुजफ्फरपुर में तिरहुत टाउनशिप की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। पटना-मुजफ्फरपुर रैपिड रेल कॉरिडोर बनने से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय लगभग 40 मिनट रह जाएगा। वहीं हल्दिया-रक्सौल हाईवे के निर्माण से मुजफ्फरपुर की कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी तथा व्यापार एवं आवागमन को नई गति मिलेगी। मुजफ्फरपुर से लोग 6 घंटे में कोलकाता पहुंचेंगे। सीएम ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर स्थित एमआईटी परिसर में आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।



**मुख्य बिंदु**

- मुजफ्फरपुर में तिरहुत टाउनशिप बनाया जाएगा
- मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य शीघ्र होगा

### सीएम आज करेंगे बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना का शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की सुगम, त्वरित और सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना 2026 का शुभारंभ सोमवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। यह योजना पर्यटन विभाग तथा सिविल विमानन विभाग, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में संचालित की जाएगी। पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य बिहार में उच्च स्तरीय धार्मिक एवं विरासत पर्यटन को बढ़ावा देना, घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करना, वाल्मीकिनगर, कैमूर एवं राजगीर क्षेत्रों में स्थानीय रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना तथा बिहार को हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म गंतव्य के रूप में राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। हेली टूरिज्म के प्रथम चरण में वाल्मीकिनगर (पश्चिम चम्पारण), मां मुंडेश्वरी मंदिर, कैमूर तथा राजगीर (नालंदा) को शामिल किया गया है।

# वैशाली में जवान और उसके पिता की गोली मारकर हत्या

**आपसी विवाद**



**वैशाली (एनएसबी)।** बिहार में वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रजासो गांव में रविवार सुबह रास्ते के विवाद में छुट्टी पर घर आए एक आर्मी जवान और उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस दोहरे हत्याकंड से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस के मुताबिक मृतक आर्मी जवान की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो दिल्ली में भारतीय सेना में तैनात था। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले एक रिश्तेदार की बिजली करंट लगने से मौत हो जाने के बाद वह छुट्टी लेकर अपने गांव आया था। इसी दौरान गांव में विवादित जमीन से रास्ते को लेकर उसका अपने चचेरे भाई जगदीश राय से विवाद हो गया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, शनिवार देर शाम दोनों पक्षों के बीच रास्ते को लेकर कहासुनी हुई थी। सूचना मिलने पर बिदुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया था। हालांकि, यह विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। रविवार की सुबह आरोपी पक्ष ने कथित तौर पर दोबारा हमला कर दिया। आरोप है कि जगदीश राय ने पहले जितेंद्र कुमार और उसके पिता मुनारीक राय पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली लगने से मुनारीक राय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल जितेंद्र कुमार को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।, जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## 2.75 करोड़ रुपए का गबन कर पदाधिकारी फरार, मुजफ्फरपुर से अररिया तक छापेमारी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर के साहेबगंज नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक अधिकारी (ईओ) रंधीर लाल पर 2.75 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता का गंभीर आरोप लगाया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए शनिवार को साहेबगंज थाना पुलिस ने उनके आवास और वर्तमान पदस्थापना वाले फारबिसगंज नगर परिषद कार्यालय में छापेमारी की, लेकिन रंधीर लाल पहले ही फरार हो चुके थे.छापेमारी में साहेबगंज थाना के सब-इंस्पेक्टर कुणाल कुमार के नेतृत्व में फारबिसगंज थाना के एसआई अमित राज, उपेंद्र शर्मा, आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार सहित पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस टीम शुक्रवार देर रात उनके आवास पर भी पहुंची थी, लेकिन वे वहां नहीं मिले.रंधीर लाल पर साहेबगंज नगर परिषद में पदस्थापित रहते हुए GeM पोर्टल के माध्यम से 3000 स्ट्रीट लाइट, रिफ्यूज कॉम्पेक्टर, हाई मास्ट लाइटिंग टावर और CCTV कैमरों की खरीद में नियमों की अवहेलना और वित्तीय अनियमितता का आरोप है. नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्र के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है।

## पहलगाम में बादल फटा, सड़क बही, उत्तराखंड में लैंडस्लाइड

**भोपाल (एजेंसी)।** उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जहां मानसून की रफ्तार थमी है, वहीं पहाड़ी राज्यों में बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। शनिवार रात जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटने के बाद बाढ़ आई। कई खेत बर्बाद हो गए, सड़क बह गई। उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड हुआ। कई गाड़ियां और मशीनें मलबे में दब गईं। इधर, देश के लगभग 70% हिस्से से मानसून के बादल गायब हो गए हैं। इसका कारण पाकिस्तान की ओर से आ रही सूखी हवाएं बताई जा रही हैं। मौसम की वेबसाइट ऑल इंडिया वैदर की रिपोर्ट के अनुसार ये सूखी हवाएं अरब सागर, मध्य भारत और दक्षिण भारत तक फैल गई हैं। इनकी वजह से राजस्थान, दिल्ली-NCR, पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र में अगले 5 दिन तक बारिश की संभावना भी कम है।



बारिश रुकने से मध्य प्रदेश, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तापमान बढ़ गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान 42°C दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रशांत महासागर में 3 नए सिस्टम बन रहे हैं, अगर इनमें से एक भी बंगाल की खाड़ी तक पहुंच गया तो मानसून फिर से एक्टिव हो सकता है।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**सोनबरसा (एनएसबी)।** सोनबरसा थाना पुलिस ने रविवार की दोपहर फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने सोनबरसा चौक स्थित देव कंप्यूटर नामक दुकान की तलाशी के दौरान चार आधार कार्ड, एक डेल कंपनी का लैपटॉप, एक रियलमी मोबाइल फोन तथा आधार कार्ड बनाने से संबंधित कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान दुकान के रैक में छिपाकर रखे गए चार आधार कार्ड बरामद हुए। साथ ही लैपटॉप और मोबाइल की जांच में कई लोगों के आधार कार्ड से संबंधित पावती रसीदों के फोटो एवं व्हाट्सएप चैट मिले, जिनसे फर्जी आधार कार्ड बनाने से जुड़े साक्ष्य प्राप्त होने का दावा किया गया है।


# बेरहमी से पीटकर की बंटी की हत्या

## अथमलगोला से बरामद किया गया था अपहृत का शव

**पटना (एनएसबी)।** बीते 6 जुलाई को पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर के पास से बंटी का अपहरण हुआ था। 5वें दिन यानी 11 जुलाई को उसका शव राजधानी से 60 किमी दूर बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र में मिला। बंटी का चेहरा कूचा हुआ था। आंख-नाक का कुछ पता नहीं चल रहा था। बायां हाथ ठीक था, लेकिन दाहिने हाथ की सिर्फ हड्डी बची थी। पूरे शरीर पर चोट के काले निशान थे। शव गलनी शुरू हो चुकी थी। बंटी के दांए हाथ पर टैटू था। हत्या के बाद बदमाशों ने उस टैटू को भी नुकीले चीज से गोदकर हटा दिया। बंटी के हाथ में एक कड़ा भी था। जो पोस्टमॉर्टम के दौरान नहीं मिला। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि युवक की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या की गई है।



बंटी, मृतक



रविश, आरोपी

**भाई का आरोप-पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने में नहीं दिखाई तत्परता**

पोस्टमॉर्टम में गोली लगने या शरीर में छर्रे मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। हत्या के मुख्य आरोपी समेत नामजद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर ही है।डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर ईंट-पत्थर जैसे भारी चीजों से वार किया गया, जिससे उसका चेहरे, हाथ और कुचला था। प्रारंभिक जांच से स्पष्ट होता है कि हत्या बेरहमी से की गई। इधर, बंटी के भाई मुकुल यादव ने कहा कि हम लोग भाई को खोजने के लिए अथमलगोला, कभी इधर, कभी उधर भटक रहे थे। लगातार 6 दिन से खोजने में जुटे थे। इसी दौरान अथमलगोला की तरफ हम लोग 70-80 किलोमीटर आगे तक गए थे। फिर लौटते समय देखें कि बहुत सारा भीड़ लगी हुई थी। बगल में एक शव पड़ी हुई थी। हम लोगों ने शव की पहचान की। मुकुल का आरोप है कि पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने में कोई तत्परता नहीं दिखाई। अब तक पुलिस को हमने 3 अपराधी को पकड़कर दिए हैं। बीसी का भाई, अजीत का भाई और ये सब पहले से रिकॉर्ड में है।

# नए वोटर को देना होगा माता-पिता के SIR का ब्योरा

## अभी केवल पुराने वोटर्स पर लागू था, बोले-इससे पहचान-रिकॉर्ड मिलाना आसान होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वाले नए आवेदकों के लिए भी नया नियम लागू किया है। अब फॉर्म-6 भरकर वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने वाले हर नए वोटर को अपने माता-पिता के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का ब्योरा भी देना होगा। चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार, यह नियम केवल पुराने मतदाताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पहली बार वोटर बनने वाले आवेदकों पर भी लागू होगा।

**चुनाव आयोग ने यह नियम क्यों बनाया :** नए मतदाताओं की पहचान और रिकॉर्ड का मिलान करना आसान होगा।

आवेदकों को कम दस्तावेज जमा करने पड़ेंगे। डुप्लीकेट, मर चुके, ट्रांसफर हो चुके और विदेशी वोटर्स पहचानने में मदद मिलेगी। ऑनलाइन For-6 भरने वाले आवेदक भी यह घोषणा भरे बिना आवेदन आगे नहीं बढ़ा सकते।



**फॉर्म-6 के साथ देना होगा घोषणा पत्र :** EC अधिकारियों ने बताया कि बिहार में जून 2025 में शुरू किए गए स्क्र अभियान के दौरान फॉर्म-6 के साथ यह घोषणा पत्र जोड़ा गया था। नए मतदाताओं को आवेदन के साथ यह घोषणा भी भरनी होती थी। हालांकि आयोग ने स्पष्ट किया कि फॉर्म-6 में कोई औपचारिक संशोधन नहीं किया गया है, बल्कि निर्देश जारी कर इस घोषणा को अनिवार्य बनाया गया है।

**संयुक्त राष्ट्र की आपत्तियों पर एउ का जवाब :** चुनाव आयोग ने संयुक्त राष्ट्र के विशेष रैपोर्टेयर्स द्वारा एसआईआर की पारदर्शिता पर उठाए गए सवालों को खारिज किया है। आयोग का कहना है कि एसआईआर पूरी तरह संवैधानिक और पारदर्शी प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य सभी पात्र भारतीय नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना और अपात्र नाम हटाना है। किसी भी समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है और यदि किसी का नाम हटता है, तो उसे चुनौती देने का अवसर दिया जाता है।

चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर को तीन चरणों में लागू किया है। पहला फेज, सबसे पहले स्क्र बिहार में लागू हुआ। फाइनल वोटर लिस्ट जारी हो चुकी है और यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था।

## सीतामढ़ी : पोखर में डूबने से भाई-बहन की मौत

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** परिहार थाना क्षेत्र के सहजौली गांव में रविवार की दोपहर पोखर में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सहजौली गांव निवासी चंदन साह के पुत्र आयुष कुमार (5) और पुत्री कृति कुमारी (8) के रूप में हुई हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों भाई-बहन रविवार को गांव के पश्चिम स्थित सरेह के पोखर में नहाने गए थे। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। कुछ देर बाद पोखर के पास मौजूद लोगों की नजर बच्चों पर पड़ी। ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए तत्काल पोखर में छलांग लगाई और काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। आनन-फानन में दोनों बच्चों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, सीतामढ़ी ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष पंकज यादव ने बताया कि सहजौली गांव के दो बच्चों के पोखर में डूबने की सूचना मिली थी।

# बिहार प्रशासनिक सेवा के 45 अफसरों का तबादला

## कई जिलों के बदले गए DTO और SDO

**पटना (एनएसबी)।** बिहार प्रशासनिक सेवा के 45 अधिकारी रविवार को स्थानांतरित कर दिए गए। कई जिलों में नए जिला परिवहन अधिकारी न अनुमंडलों में नए अनुमंडलाधिकारी तैनात किए गए हैं। अमर ज्योति को सासाराम सदर का भूमि सुधार उप समाहर्ता, डीटीओ बेगूसराय राजीव कुमाप को एसडीओ डुमरांव, अपर समाहर्ता पूर्णिया, रवि राकेश को उप विकास आयुक्त अररिया, अररिया की उप विकास आयुक्क रोजी कुमारी को उप विकास आयुक्त भागलपुर बनाया गया। वरीय उप समाहर्ता, बक्सर गौरव सिंह को एसडीओ, औरंगाबाद, पटना के वरीय उप समाहर्ता विनय कुमार को एसडीओ, वीरपुर, जमुई के वरीय उप समाहर्ता नागमणि कुमार वर्मा को एसडीओ, रक्सौल, बांका में पदस्थापित अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण अधिकारी प्रियंका प्रियदर्शिनी को उक्त पद पर ही नवादा सदर बनाया गया।

**रुपेश कुमार बने भूमि सुधार उप समाहर्ता :** अपर समाहर्ता दरभंगा, मनोज कुमार को अपर समाहर्ता नवादा, टोनी कुमारी को एसडीओ , झंझारपुर, कोमल किरण को जिला परिवहन अधिकारी किशनगंज, अभिषेक किशोर को वरीय उप समाहर्ता मधुबनी, अमित राज को जिला परिवहन पदाधिकारी पश्चिम चंपारण, रुपेश कुमार को भूमि सुधार उप समाहर्ता, तेघड़ा बनाया गया। वहीं आलोक चंद्र चौधरी को जिला परिवहन अधिकारी, वैशाली, मुक्तेश्वर कुमार को भूमि सुधार उप समाहर्ता बारसोई, प्रियंका सिन्हा को जिला परिवहन अधिकारी, मुजफ्फरपुर, मो. मुश्तकीम को महाप्रबंधक, एसएफसी, पटना, रंजीत कुमार को जिला परिवहन अधिकारी, नवादा बनाया गया।



## खबरें : एक नजर में

### रजौली के फुलवरिया डैम मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया का अनुमंडल पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, आज रात तक आवागमन एवं जलापूर्ति बहाल करने के निर्देश

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रजौली प्रखंड अंतर्गत हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया डैम जाने वाले मार्ग पर बनी पुरानी पुलिया क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया तथा आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सिंचाई प्रमंडल,रजौली एवं रेलवे के समन्वय से क्षतिग्रस्त स्थल पर ह्यूम पाइप लगाकर आज रात्रि तक आवागमन बहाल करने की कार्रवाई की जा रही है।

### राजस्व कार्यों की जिलावार समीक्षा का दूसरा चरण आज से , पहले दिन 13 जुलाई को होगी पटना जिले की समीक्षा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जिलों की समीक्षा के दूसरे चरण की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। दूसरे चरण की पहली समीक्षा बैठक 13 जुलाई को पटना जिले से होगी। इस बैठक में पटना जिले के सभी अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में राजस्व संबंधी महत्वपूर्ण मामलों तथा जन शिकायतों में प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जाएगी। विभागीय सचिव जय सिंह ने बताया कि पहले चरण में लगातार 13 दिनों तक वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के सभी 38 जिलों की व्यापक समीक्षा की गई थी। उस दौरान जिलों को लंबित राजस्व मामलों के शीघ्र निष्पादन, जन शिकायतों के समयबद्ध समाधान तथा विभिन्न विभागीय अभियानों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे। अब दूसरे चरण में उन्हीं निर्देशों के अनुपालन की जिलावार समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को शाम 5 बजे मंत्री के कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में पटना जिले के दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भू-मापी, राजस्व न्यायालयों के लंबित वाद, सरकारी भूमि से जुड़े मामलों तथा जन शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा होगी। सभी अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों को अद्यतन प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। सचिव श्री सिंह ने कहा कि दूसरे चरण की समीक्षा का उद्देश्य केवल प्रगति का आकलन करना नहीं, बल्कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना और राजस्व सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना है। समीक्षा के दौरान प्रत्येक मामले की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पटना से शुरू होने वाला यह समीक्षा अभियान आगे अन्य जिलों में भी चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा, ताकि पहले चरण में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की प्रभावी निगरानी की जा सके और आम लोगों को राजस्व सेवाओं का लाभ निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराया जा सके।

# बिहार विधान सभा के दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का सफल समापन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) तथा प्राइड (लोकसभा सचिवालय) के संयुक्त तत्वावधान में बिहार विधान सभा के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रबोधन कार्यक्रम का बिपार्ड, गयाजी में सफलतापूर्वक एवं विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे एवं अंतिम दिन विभिन्न विषयों पर तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संसदीय परंपराओं, विधायी प्रक्रिया, विशेषाधिकार, नवाचार तथा संसदीय समितियों की भूमिका पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सदस्यों द्वारा बिपार्ड परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप ब्रह्मयोनि पहाड़ी के निकट वृक्षारोपण से हुई। इसके पश्चात तकनीकी सत्रों का शुभारंभ हुआ।

प्रथम सत्र विधायी एवं संसदीय प्रक्रिया विषय पर आयोजित हुआ। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सदस्य तारकिशोर प्रसाद ने बजट निर्माण, वित्तीय प्रावधानों तथा विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली पर अपने अनुभव साझा किए। प्राइड, लोकसभा सचिवालय के निदेशक पार्थो गोस्वामी ने बजटीय प्रक्रिया, सरकारी एवं गैर-सरकारी विधेयकों, समितियों की भूमिका, उद्देशिका, वित्तीय ज्ञापन तथा विधायी प्रक्रिया के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सदस्य संदीप सौरभ ने प्रश्नकाल एवं जनकल्याणकारी विधायी प्रावधानों की उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए, जबकि सदस्य उमेश कुशवाहा ने कहा कि आधुनिक तकनीक ने विधायी कार्यो को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जनोन्मुख बनाया है।


उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत करते बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार।

द्वितीय सत्र विशेषाधिकार एवं नवाचार विषय पर केंद्रित रहा। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जनता का विश्वास ही जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी पूंजी है और जनसेवा ही उस विश्वास को बनाए रखने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने विधायकों के विशेषाधिकारों के प्रभावी एवं उत्तरदायी उपयोग पर बल देते हुए विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं मीडिया के समन्वय की आवश्यकता रेखांकित की। पुलिस मुख्यालय के सहायक महानिदेशक (रेल) डा. कमल किशोर सिंह ने सदस्यों के विशेषाधिकारों की विधिक व्याख्या प्रस्तुत की, जबकि राज्यसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव राघव प्रसाद दास ने संवैधानिक एवं संसदीय व्यवहार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी। इस अवसर पर सदस्य प्रफुल्ल कुमार मांझी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

तृतीय सत्र संसदीय समितियां, कृत्य, प्रतिवेदन एवं सीमाएं विषय पर आयोजित हुआ। सांसद जगदंबिका पाल सहित अन्य वक्ताओं ने संसदीय समितियों की भूमिका, वित्तीय अनुशासन, विधेयकों की समीक्षा तथा जनहित आधारित विधायी कार्यो की आवश्यकता पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता जनप्रतिनिधियों की सक्रियता, उत्तरदायित्व एवं जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता पर निर्भर करती है। सदस्य श्रीमती दीपा कुमारी, कमरुल होदा तथा सतीश कुमार सिंह यादव ने भी विषय पर अपने विचार साझा किए।

सभी सत्रों में सदस्यों ने विशेषज्ञों से व्यापक प्रश्नोत्तर कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इससे कार्यक्रम अत्यंत संवादपरक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

उल्लेखनीय है कि इस दो दिवसीय आवासीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन 11 जुलाई, 2026 को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन द्वारा किया गया था। उद्घाटन अवसर पर बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी तथा बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही थी।

## 14 जुलाई को विश्वविद्यालयों मुख्यालयों के समक्ष धरना प्रदर्शन की तैयारी : फैक्टनेब

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** लंबित मांगों की पूर्ति हेतु बिहार के 222 अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के लगभग 25 हजार शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी चरणबद्ध आन्दोलन की अगली कड़ी में आगामी 14 जुलाई को विश्वविद्यालयों मुख्यालयों के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे, तत्पश्चात विधानमंडल सत्र के दौरान 20 जुलाई से 24 जुलाई तक शिक्षक एवं ातक विधान पार्षदों को उनके सरकारी आवास पर घेराव करेंगे।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के अध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना, मगध विश्वविद्यालय बोधगया, बी आर अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर, जे पी विश्वविद्यालय, छपरा, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा, तीलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर, बी एन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा, पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया में विश्वविद्यालय मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन की तैयारी चरम पर है। सभी विश्वविद्यालयों मुख्यालयों के समक्ष आन्दोलन में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे।

इनकी मांगों में, पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति के अनुशंसा के आलोक में संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतन पेंशन भुगतान करने, शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 कुल आठ वर्षो का परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि बढ़े मंहगाई दर से कर्मियों के बैंक खाते में एकमुश्त भुगतान करने , बिहार सरकार, शिक्षा विभाग का पत्रांक -14 विक्रोध्स्महंस 03 18-03 दिनांक 2 -01-2019 के अनुपालनार्थ संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा सभी कोटि के महिलाओं से शूल्क लेने की पूर्व की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए अन्य योजनाओं की भांति लाभार्थी के बैंक खातों में राशि भेजने की व्यवस्था करने आदि शामिल हैं।

## न्यू मार्केट, मंदिरी संप हाउस, खेतान मार्केट एवं हथुआ मार्केट का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने रविवार को पटना जंक्शन के समीप स्थित न्यू मार्केट, मंदिरी संप हाउस, खेतान मार्केट एवं हथुआ मार्केट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम जन और दुकानदारों से भी बातचीत की और अधिकारियों को साफ सफाई, जलनिकासी से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये।

न्यू मार्केट के निरीक्षण के दौरान दुकानदारों ने नगर आयुक्त को अवगत कराया कि न्यू मार्केट की सड़क मुख्य सड़क की तुलना में लगभग ढाई फीट नीचे होने के कारण वर्षा के समय जलनिकासी की गति धीमी हो जाती है। नगर आयुक्त ने लस्सी गली में 10 एचपी क्षमता का अतिरिक्त पंप लगाने के निर्देश दिए। वहीं, चंद्रकला गली में वर्तमान में स्थापित 10 एचपी के पंप के स्थान पर 26 एचपी क्षमता का पंप अधिष्ठापित करने का निर्देश भी दिया, ताकि जलनिकासी की क्षमता बढ़ाई जा सके। निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कच्चा नाला तैयार करने के निर्देश दिये। क्षेत्र में साफ सफाई और त्वरित जलनिकासी के लिए अतिरिक्तमजदूरों की तैनाती कर तीन पालियों में कार्य कराने के निर्देश दिये गए।


पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने रविवार को पटना जंक्शन के समीप स्थित न्यू मार्केट, मंदिरी संप हाउस, खेतान मार्केट एवं हथुआ मार्केट का निरीक्षण किया।

मंदिरी संप हाउस के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्षा के दौरान संप हाउस का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वाटर लेवल की निगरानी करते रहने और मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने हथुआ मार्केट एवं खेतान मार्केट का निरीक्षण कर वहां के दुकानदारों से बातचीत की तथा वर्षा के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने बांकीपुर के कार्यपालक पदाधिकारी को इस व्यावसायिक क्षेत्र में प्रतिदिन फगिंग एवं एंटी-लार्वा छिड़काव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा के समय त्वरित जलनिकासी सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष टीम को अस्थायी रूप से इसी क्षेत्र में तैनात करने का निर्देश दिया, ताकि जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने पर कम से कम समय में जलनिकासी की जा सके।

उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र अपेक्षात निचला होने के कारण यहां वर्षा के दौरान जलजमाव की संभावना बनी रहती है। इसी को देखते हुए पटना नगर निगम द्वारा इस क्षेत्र में तीन से चार सुपर सकर मशीनें तैनात की जाती हैं, जिनके माध्यम से त्वरित जलनिकासी सुनिश्चित की जाती है।

निरीक्षण के दौरान पाटलिपुत्र अंचल, नूतन राजधानी अंचल एवं बांकीपुर अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता मौजूद रहे।

## खबरें खास-खास

### मीठापुर व्यावसायिक संघ ने नीरज को दिया समर्थन, बैठक में किया ऐलान

#### भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में उतरे सांसद-विधायक, किया जनसंपर्क

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मीठापुर व्यावसायिक संघ बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा भारती को पुरजोर समर्थन देगा। रविवार को संघ की अहम बैठक में इस आशय की घोषणा की गई। बैठक में सांसद रविशंकर प्रसाद, धर्मशीला गुप्ता, मुख्य सचेतक सह विधायक डा. संजीव चौरसिया, संजय गुप्ता, पूर्व विधायक सतीश कुमार यादव, प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, वार्ड पार्षद शारदा देवी समेत कई नेता-कार्यकर्ता और व्यापारी मौजूद रहे।


मीठापुर व्यावसायिक संघ बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा भारती को पुरजोर समर्थन देगा।

सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नीरज की एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान है। डा चौरसिया ने कहा कि नीरज वर्षो से संगठन और समाज के बीच सक्रिय रहकर लोगों की समस्याएं सुलझाते आ रहे हैं। सांसद धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास और जनहित की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का मन बना चुकी है। बैठक में व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी बांकीपुर के सर्वांगीण विकास, बेहतर आधारभूत संरचना, सुशासन और जनसेवा के मुद्दों पर अपने विचार रखे। बैठक के बाद डा. चौरसिया ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों, युवाओं व महिलाओं से संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने किया स्वागत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बाबा गरीबनाथ की पावन नगरी मुजफ्फरपुर आगमन पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास व आवास मंत्री नीतीश मिश्रा का लक्ष्मी चौक स्थित पुलिस लाइन मैदान में कुढ़नी विधायक सह राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अतिथियों का यह आगमन मुजफ्फरपुर के विकास को नई गति एवं नई दिशा प्रदान करने वाला है। मंत्री श्री गुप्ता ने सीएम सम्राट चौधरी को कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र की प्रगति एवं विकासात्मक कार्य तेजी से और आगे बढ़े इसके लिए पहल करने की अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और हर मायने में कार्य काफी प्रगति पर है।


मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता।

### मुजफ्फरपुर पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय चौधरी व नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा को कांटी विधायक अजीत कुमार ने किया स्वागत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के पूर्व मंत्री व कांटी विधायक ई. अजीत कुमार ने रविवार को मुजफ्फरपुर जिले के पुलिस लाइन मैदान में पहुँचे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी , उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा को अंग - वस्त्र एवं पुष्प- गुछ देकर गर्म जोशी के साथ ससम्मान पूर्वक स्वागत किया। इस मौके पर


मुजफ्फरपुर पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नगर विकास व आवास मंत्री नीतीश मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते कांटी विधायक अजीत कुमार।

श्री कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से कांटी विधानसभा क्षेत्र की प्रगति एवं बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए बड़ा उद्योग लगाने का मांग किया। उन्होंने कांटी में तिरहुत सैटेलाइट सिटी के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण करने के मामले पर प्रभावित किसानों को इस योजना के बारे में विशेष रूप से जानकारी दिलाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा की जमीन अधिग्रहण के मामले को लेकर किसान भ्रिमित है, इसलिए उन्हें प्रस्तावित योजनाओं के बारे में जानकारी देना बेहद आवश्यक है। श्री कुमार ने नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा से मड़वन स्तिथ रौतनिया कचरा डंपिंग प्लांट में कचरा प्रोसेसिंग का कार्य 31 जुलाई से पूर्व हर हालत में प्रारंभ कराने की आग्रह किया, मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी से मंत्री श्री मिश्रा ने इस कार्य को शीघ्र शुरू करवाने का निर्देश दिया। विधायक अजीत कुमार ने मौके पर उपस्थित राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत तथा पुलिस महानिदेशक विनय कुमार को भी पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

### कदाचार कराते दो बायोमेट्रिक कर्मी गिरफ्तार

**पटना/ एनएसबी।** बेगुसराय के परीक्षा केन्द्र एस के महिला कॉलेज, पर दो बायोमेट्रिक कर्मी कदाचार कराने के प्रयास में पकडे गये। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, बिहार सरकार में अवर निरीक्षक मद्य निषेध के कुल 78 रिक्तियों के लिए विज्ञापन संख्या-03/2026, 22 जनवरी को प्रकाशित किया गया था। नियुक्ति प्रक्रिया के क्रम में रविवार को प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गयी। इस परीक्षा के लिए राज्य के 38 जिलों में 515 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा एक पाली में आयोजित की गयी। परीक्षा का समय पूर्वा 11 बजे से अपरा 13 बजे तक का था। स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर जैमर का अधिष्ठापन कराया गया था। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति लगभग 55 प्रतिशत रही। परीक्षा केन्द्र से कोई अप्रिय समाचार प्राप्त नहीं हुआ। परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, कदाचार रहित एवं स्वच्छता के साथ सम्पन्न हुई।किरण कुमार विशेष कार्य पदाधिकारी के मुताबिक परीक्षा के दौरान पटना के परीक्षा केन्द श्री सियाराम सिंह यादव, उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुर पर एक अभ्यर्थी ब्लू टुथ डिवाईस के साथ पकड़ा गया। बेगुसराय के परीक्षा केन्द्र एस के महिला कलेज, पर दो बायोमेट्रिक कर्मी कदाचार कराने के प्रयास में पकडे गये। 22 जुलाई को बिहार पुलिस रेडियो (वितंतु) पटना में सहायक अवर निरीक्षक (प्रचालक) के पद पर चयन हेतु जारी विज्ञापन संख्या-04/ 2026 के अंतर्गत प्रारंभिक लिखित परीक्षा बिहार प्रान्त के 11 जिलों में एक पाली में आयोजित की जाएगी।

### ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार ने स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने गुरुवार को विद्युत भवन में स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में विद्युत प्रबंधन, विद्युत मांग एवं आपूर्ति की स्थिति, ग्रिड संचालन व्यवस्था, रियल-टाइम लोड प्रबंधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री को विद्युत प्रणाली के संचालन, ग्रिड प्रबंधन, फरकास्टिंग सिस्टम की जानकारी दी। साथ ही मंत्री को राज्य में बिजली उपलब्धता, ट्रांसमिशन एवं वितरण प्रणाली के संचालन की विस्तृत जानकारी भी दी गई। निरीक्षण के दौरान माननीय ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों के साथ विद्युत व्यवस्था के सुढ़ीकरण के उपायों पर चर्चा की। इस दौरान नर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड एवं बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भाप्रसे) ने राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति, स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों से बिहार में संचारण प्रणाली के सभी स्तरों (765 केवी, 400 केवी, 220 केवी एवं 132 केवी) के ग्रिड उपकेंद्रों एवं संचरण लाइनों की जानकारी ली।

## पटना जंक्शन पर सक्रिय 6 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के 6 मोबाइल बरामद

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** रेल पुलिस पटना एवं रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने पटना जंक्शन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे विशेष निगरानी अभियान के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए मोबाइल चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह के 6 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के 6 स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं।

11 जुलाई को संध्या समय रेलवे स्टेशन पटना जंक्शन के प्लेटफर्म संख्या 04/05 के पश्चिमी छोर स्थित आरओबी के नीचे संयुक्त गश्ती एवं निगरानी के दौरान पुलिस टीम ने 06 संदिग्ध व्यक्तियों को एक साथ बैठकर बातचीत करते देखा। पुलिस बल को देखकर सभी संदिग्ध भागने लगे, जिन्हें तत्परता एवं घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। ई-साक्ष्य एवं निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी संदिग्धों से पूछताछ एवं तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 6 स्क्रीन टच मोबाइल फोन बरामद हुए। बरामद मोबाइल फोन के संबंध में कोई भी अभियुक्त वैध दस्तावेज अथवा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं कर सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर सभी अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे एक संगठित चोरी गिरोह के सदस्य हैं तथा रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल फोन, सोने-चांदी के आभूषण एवं अन्य कीमती सामान चोरी करते हैं। चोरी किए गए सामान को बेचकर प्राप्त राशि आपस में बराबर-बराबर बांट लेते थे। इस मामले में आलोक कुमार वर्मा उम्र-23 वर्ष पिता-श्रीकांत वर्मा, सा-बड़ी हाँट सभौर, वार्ड नं0-10, थाना- सबौर, जिला-भागलपुर, (02) मो शाहीद उम्र-40 वर्ष पिता-मो हमीद, सा-खरबुजा मोहल्ला, थाना-सुलतानगंज, जिला-पटना, (4) मुकेश कुमार, उम्र-21 वर्ष पिता-नरेश मंडल, सा-घोघा पक्की सराय वार्ड नं0-10, थाना-घोघा, जिला-भागलपुर (5) मुकेश यादव उर्फ मृत्युंजय कुमार, उम्र-24 वर्ष, पिता-बिनोद कुमार यादव, सा- सरव, थाना-नटवार, जिला-रोहतास, (6) मो नशिम उर्फ राजु उम्र 40 वर्ष, पिता-अब्दुल रशीद, सा-फतेहपुर, थाना-मनिगाछी, जिला-दरभंगा यासिद रहमीद, उम्र-19 वर्ष पिता-जुलफिकार अली भुट्टो, सा- मलकांना, थाना-मसीढ़ी, गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आपराधिक मामलों के कुल 07 पूर्ववर्ती कांड दर्ज हैं। इस प्रकार का अभियान रेल पुलिस अधीक्षक, पटना अनंत कुमार राय के निर्देशन में सभी रेल पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पूरे रेल जिला में छापामारी जारी रहेगा एवं अभियुक्तों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के नशे में धुत्त पुलिसकर्मी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**पटना / एनएसबी।** रामष्ण नगर टीओपी में तैनात पुलिसकर्मी का नशे में धुत्त वीडियो वायरल होने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिसकर्मी विनोद राम टीओपी में तैनात था। मामले की जानकारी डीएसपी सदर टू रंजन कुमार के मुताबिक 11 जुलाई को रामष्णानगर थानांतर्गत खेमनीचक के पास एक पुलिस कर्मी नशे की हालत में होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त पुलिसकर्मी विनोद राम की चिकित्सीय जांच कराई गई। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करते हुए, अग्रिम कार्रवाई कर न्यायालय में भेजा गया है।

## कम्पोजिट विद्यालय मॉडल और कैचअप शिक्षण से बेहतर होगा सीखने का स्तर : मिथिलेश

**पटना/ लखनऊ (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश का कम्पोजिट विद्यालय मॉडल और कैचअप शिक्षण प्रणाली बिहार के लिए भी उपयोगी साबित हो सकती है। इन नवाचारों का अध्ययन कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व छात्र-केंद्रित बनाया जा सकता है।


लखनऊ प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री ने रविवार को उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में विशेष रूप से कम्पोजिट विद्यालय मॉडल, विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा कैचअप शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के अधिगम स्तर में सुधार जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही उत्तर प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लागू विभिन्न नवाचारों और प्रभावी कार्यप्रणालियों की भी जानकारी साझा की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग के एएसपीडी (माध्यमिक शिक्षा) विष्णुकांत पाण्डेय और एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी भी मौजूद रहे। उन्होंने राज्य में संचालित शैक्षणिक योजनाओं, नवाचारों और उनके सकारात्मक परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बैठक के बाद शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। बिहार और यूपी के बीच अनुभवों तथा सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का आदान-प्रदान शिक्षा व्यवस्था को अधिक आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और परिणामोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर सीखने का अवसर मिले और उसके सर्वागीण विकास के लिए मजबूत शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इसी उद्देश्य से विभिन्न राज्यों के सफल शिक्षा मॉडलों का अध्ययन किया जा रहा है।


शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने लखनऊ प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री ने रविवार को उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

लखनऊ प्रवास के दौरान यूपी के उपमुख्यमंत्री से मिले शिक्षा मंत्री तिवारी

शिक्षा, स्वास्थ्य व जनहित से जुड़े विषयों पर की चर्चा

बोले-शिक्षा में सुधार और नवाचार के लिए अलग-अलग राज्यों के सफल मॉडल का किया जा रहा अध्ययन

## संक्षिप्त खबरें

### महाकवि शंभूनाथ मिश्र द्वारा रचित महाकाव्य सिद्धाश्रम का लोकार्पण



**गौराबौराम(एनएसबी)।** आदर्श मैथिली परिषद, आसी, प्रखंड गौराबौराम के तत्वावधान में महाकवि शंभूनाथ मिश्र द्वारा रचित महाकाव्य सिद्धाश्रम का लोकार्पण, वरिष्ठ साहित्यकार शशिबोध मिश्र शशि की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि, विद्यापति समिति, दरभंगा के महासचिव वैद्यनाथ चौधरी बैजू सिद्धाश्रम पुस्तक पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाले। विशिष्ट अतिथि, गीतकार डॉ. चंद्र मणि महाकवि शंभूनाथ मिश्र को बधाई देते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दिए। पुस्तक विमोचन योगनाथ झा के द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन मणिकांत झा किए, वहीं कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन साहित्यकार उदय चंद्र लाल दास किये। लोकार्पण समारोह में जयप्रकाश जनक, चंद्रेश, दयानाथ मिश्र, आद्यानाथ मिश्र, अमरेश कुमार, संजीव मिश्र, राकेश झा पप्पू, डॉ. देव कृष्ण झा, वैद्यनाथ मिश्र विमल, विष्णुकांत झा, के एन साहू, शारदानंद सिंह सहित दर्जनों साहित्यकारों ने महाकाव्य की विशिष्टता पर भरपूर प्रकाश डाला।

### लुधियाना गया था परिवार, वापस आया तो घर में हो चुका था भीषण चोरी

**सीसीटीवी फुटेज में नजर आया नकाबपोश चार चोर, पुलिस ने शुरू की जांच, नगर परिषद स्थित वार्ड 3 मोहन बहेड़ा गांव में चोरी की घटना से लोगों में भय का माहौल**



**बेनीपुर(एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के नगर परिषद स्थित वार्ड 3 मोहन बहेड़ा गांव में चोरों ने ऐसी वारदात की कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। परिवार 15 दिन के लिए घर बंद कर अपने नतनी के मंगनी में लुधियाना गया था। मौका पाकर चोरों ने घर को खाली कर दिया। पीड़ित बहेड़ा निवासी घनश्याम पंजियार ने बताया कि वह अपनी नातिन की मंगनी में 26 जून को पूरे परिवार के साथ लुधियाना गए थे। 11 जुलाई को जब वापस लौटे तो घर खोलते ही होश उड़ गए। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे टूटे पड़े थे और अंदर का ताला भी टूटा हुआ था। अलमारी तोड़कर चोर 5 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवर और एक लैपटॉप लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी को दिखा जिसमें चार नकाबपोश व्यक्ति दिखाई दे रहा है। पीड़ित ने जब टूटे-फूटे सीसीटीवी की फुटेज निकाली तो सारा राज खुल गया। फुटेज में 28 जून की रात करीब 11 बजे 4 नकाबपोश युवक मुंह बांधकर कैमरे तोड़ते नजर आ रहे हैं। धनश्याम पंजियार ने बहेड़ा थानाध्यक्ष पंकज कुमार को आवेदन देकर अज्ञात पर मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा है कि फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### हल्की बरसात में ही करेह नदी के बायां तटबंध का यह हाल तो बाढ़ में कैसी होगी स्थिति

**बहेड़ी प्रखंड का बाया तटबंध जगह-जगह क्षतिग्रस्त, 30 जून की समय सीमा भी समाप्त**



**बहेड़ी(एनएसबी)।** दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड क्षेत्राधीन करेह नदी के बायां तटबंध सिरसियाँ सहित इस प्रखंड के क्षेत्राधीन साधोपुर, बरछिया, परोरिया, कठरहिया, बघवा, कोठरा, खंगरैठा, रूपौलिया व आधारपुर गांव के सामने सैकड़ों जगह क्षतिग्रस्त है। जबकि बिहार सरकार के जल संसाधन विभाग व जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार 30 जून तक ही तटबंधों की सघन व सतत निगरानी करने एवं बाढ़ पूर्व मरम्मती कार्य संपन्न कराना था। ज्ञातव्य हो कि मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी के नेतृत्व में पूर्व पैक्स अध्यक्ष विष्णुदेव मंडल, रमन कुमार पोद्दार व रंजीत कुमार के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने इस तटबंध के क्षतिग्रस्त स्थलों का निरीक्षण कर अपर समाहर्ता सह प्रभारी आपदा प्रबंधन पदाधिकारी मो शमीम अख्तर को तस्वीर सहित विस्तृत जानकारी व्हाट्सएप पर दी। जिसके आलोक में मो अख्तर ने समुचित कार्रवाई के लिए कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल दरभंगा को वस्तुस्थिति की जानकारी उपलब्ध करा दी। उक्त बांध के 17वें किलोमीटर पर स्थित कोठरा गांव में मात्र एक किलोमीटर की लंबाई में ही दर्जनों जगह तटबंध क्षतिग्रस्त है। श्री चौधरी ने इस तटबंध के सुरक्षात्मक व सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह जिला पदाधिकारी से किया है। हल्की वर्षा से इस तटबंध में रैन कटिंग, भंवरा गड्ढा व बीच में पानी युक्त कीचड़ ने इसकी सूरत बदल दी है। बता दें कि विभागीय स्तर पर क्षतिग्रस्त स्थलों के मरम्मती के नाम पर खानापूर्ति की गई है।

### अचानक हृदयगति रुकने की स्थिति में सीपीआर देकर बचाई जा सकती है जान

**आईएपी के 'किड्स सेव लाइव्स' अभियान के अंतर्गत आयोजित होगा 'संजीवनी' कार्यक्रम**

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभागाध्यक्ष कक्ष में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स आईएपी, दरभंगा शाखा की कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 21 जुलाई को दरभंगा के विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर का व्यावहारिक प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता आईएपी दरभंगा के अध्यक्ष एवं दरभंगा मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. के. एन. मिश्रा ने की।आईएपी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे 'किड्स सेव लाइव्स' अभियान के अंतर्गत स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों को अचानक हृदयगति रुकने की स्थिति में सीपीआर देकर किसी व्यक्ति का जीवन बचाने की प्रक्रिया सिखाई जाएगी। इस राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को 'संजीवनी' नाम दिया गया है। दरभंगा में यह कार्यक्रम दरभंगा मेडिकल कॉलेज, आर.बी. मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वुडवाइन मॉडर्न स्कूल, जीसस एंड मैरी स्कूल तथा माउंट समर कॉन्वेंट स्कूल सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। आर.बी. मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लगभग 70 विद्यार्थियों, जबकि अन्य चयनित संस्थानों में 100 से अधिक विद्यार्थियों को सीपीआर का प्रशिक्षण देने की योजना है। कार्यक्रम की सफलता के लिए आईएपी दरभंगा द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। प्रशिक्षण देने वाले आईएपी सदस्यों के कौशल को और बेहतर बनाया जा रहा है तथा उन्हें ह्यसीपीआर चैंपियनह्व के रूप में तैयार किया जा रहा है। ये प्रशिक्षक विद्यार्थियों को सरल, सुरक्षित और व्यावहारिक तरीके से छाती दबाकर हृदय और मस्तिष्क तक रक्त प्रवाह बनाए रखने की तकनीक सिखाएंगे। बैठक में आईएपी के उपाध्यक्ष एवं शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रिजवान हैदर, सचिव डॉ. सुभाष चंद्र यादव, कोषाध्यक्ष डॉ. कुमार आनंद, पूर्व अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश, पूर्व सचिव डॉ. सलीम अहमद, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अमृता मिश्रा, डॉ. अमरेश कुमार साहू, डॉ. अरविंद यादव और डॉ. अरविंद झा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। यदि एम्बुलेंस या आपातकालीन चिकित्सा दल के पहुंचने से पहले आसपास मौजूद व्यक्ति सही तरीके से सीपीआर शुरू कर दे, तो पीड़ित व्यक्ति के जीवित बचने की संभावना काफी बढ़ सकती है। जीवनरक्षक कौशल का प्रशिक्षण बचपन और किशोरावस्था से प्रारंभ किया जाए तो इसके परिणाम अधिक प्रभावी और दीर्घकालिक होते हैं। इसी उद्देश्य से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ह्यसंजीवनीह्व कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।



# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल और घर दोनों जगह सामूहिक प्रयास जरूरी: डॉ. बी. के मिश्रा

**संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, रामबाग में नवप्रवेशी अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित**



विद्यालय के सचिव डॉ. बी के मिश्रा का स्वागत करती प्रधानाचार्या अनिता रानी भट्ट



शिक्षकों एवं कर्मियों के साथ खुशी मनाते विद्यालय के बच्चे

**दरभंगा (एनएसबी)।** संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, रामबाग, दरभंगा में सत्र 2026 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए पेरेंट्स इंडक्शन एंड ओरिएण्टशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव डॉ. बी. के. मिश्रा एवं प्रधानाचार्या अनिता रानी भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सबसे पहले विद्यालय की संस्थापिका स्वर्गीय हेमप्रभा मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के निदेशक राहुल मिश्रा ने अपने संदेश में सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के सचिव डॉ. बी. के. मिश्रा ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम बेहद जरूरी है ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में हम सभी बराबर के भागीदार बने रहे। घर पर भी बच्चों की गतिविधि पर नजर रखना उतनी ही जरूरी है जितनी स्कूल में रखी जाती है। हम सभी का एकमात्र उद्देश्य बच्चों का उज्जवल भविष्य निर्माण करना ही है। कार्यक्रम में गणेश वंदना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं नन्हे विद्यार्थियों के मनमोहक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। ओरिएंटेशन सत्र में अभिभावकों को विद्यालय की शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा ताइक्वांडो आधारित आत्मरक्षा प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। इस दौरान 100 से अधिक विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सलोनी राज एवं प्रभास रंजन के समन्वय में तथा मंच संचालन नीलम झा एवं सलोनी राज द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए हों जागरूक : प्रो एल पी जायसवाल

**मारवाड़ी कॉलेज में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की हुई शुरूआत**



कार्यक्रम में भाग लेते प्रधानाचार्य प्रो एल पी जायसवाल एवं अन्य।

**दरभंगा(एनएसबी)।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा की शुरूआत रैली निकाल कर की गई। रैली को प्रधानाचार्य प्रो एल पी जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में प्रोफेसर जायसवाल ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या हमारे लिए घातक है, इसलिए जनसंख्या पर नियंत्रण करने के लिए हम जागरूक हों और समाज को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में यह भ्रांतियां हैं कि बेटा - बेटी से ज्यादा जरूरी है, लेकिन अब इस मिथ्या को दूर करने की आवश्यकता है। बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। छोटा परिवार सुखी परिवार होता है। इसलिए जनसंख्या पर नियंत्रण रखने का हर संभव प्रयास हमें करनी चाहिए। सिविल सर्जन कार्यालय दरभंगा से सुनील कुमार एवं संजू कुमार पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला एवं प्रखंड प्रतिनिधि के रूप में रैली में उपस्थित थे। छात्र-छात्राएं विभिन्न स्लोगन का तख्ता हाथ में लिए हुए आगे बढ़ रहे थे और नारे भी लगा रहे थे। स्लोगन इस प्रकार से था -हम दो हमारे दो, छोटा परिवार सुखी परिवार, बढ़ती जनसंख्या अभिशाप है, कम हो संतान तो जल्द पूरा हो अरमान, बेटा-बेटी एक समान। रैली में महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ० अरविंद झा, सहायक प्राध्यापक डा अमित कुमार सिंह, डा गजेन्द्र भारद्वाज, डा प्रिया नन्दन, डॉ हेना गौहर, डा जितेन्द्र कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ सोनी कुमारी, डॉ राकेश रंजन, डा चन्दन भारद्वाज, डॉ ललन कुमार, डॉ संतोष कुमार राय, डॉ जौनी तिर्की,डा मुकेश प्रसाद, डा अभय कुमार पाठक, डॉ श्यामानंद चौधरी, डॉ अनिल कुमार, डॉ आशुतोष कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, सामान्य शाखा के प्रशाखा पदाधिकारी विजय कुमार, लेखा शाखा के प्रशाखा पदाधिकारी आनन्द शंकर, सहायक सौरभ सुमन, सीतेश, मोहनजी, रामपुकार, सुनील, शत्रुघ्न एवं आनन्द कुमार सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी सह गणित विभागाध्यक्ष डा श्रवण कुमार ने किया।

# बाढ़ के स्थायी निदान के लिए केंद्र सरकार ठोस प्रबंधन के लिए तत्पर : डा गोपाल जी ठाकुर

**943 करोड़ की केंद्रीय सहायता से 48 परियोजनाओं पर की जा रही पहल, बाढ़ पर लगेगा पूर्वविराम**



डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद दरभंगा।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में बाढ़ के स्थायी निदान के लिए केंद्र सरकार के द्वारा ठोस प्रबंधन किए जा रहे हैं। बाढ़ प्रवंधन, जल जमाव वाले क्षेत्रों से जलनिकासी की व्यवस्था, जलवायु प्रतिरोधी जल अवसंरचना इसके रख रखाव के लिए केंद्र सरकार के द्वारा पर्याप्त राशि का आवंटन कर अमल शुरू कर दिया गया। दरभंगा जिले में कोशी,कमला, गंडक, बलान, अधवारा समूह जैसी नदियों तथा नेपाल से छोड़े जाने वाले पानी के कारण बाढ़ पर नियंत्रण के लिए ठोस प्रबंधन किए जा रहे हैं। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी के द्वारा लिखे गए पत्र के आलोक मे इस बात की जानकारी देते हुए कहा बताया है कि 22 मार्च 2826 को दरभंगा जिले में प्रत्येक वर्ष बाढ़ से हो रहे नुकसान तथा जल निकासी को लेकर भारत सरकार के केंद्रीय जनशक्ति मंत्री को पत्र सौंपकर शीघ्र निदान तथा ठोस प्रबंधन के लिए आग्रह किया गया था कार्यक्रम के तहत दरभंगा सहित बिहार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कुल 48 परियोजनाएं शामिल की गई हैं जिसके लिए केंद्र सरकार ने 943.81 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता आवंटित की हैं। इन परियोजनाओं में 43 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं तथा 4 परियोजनाएं प्रगति पर है ।सांसद डा ठाकुर ने बाढ़ नियंत्रण के लिए मिथिला क्षेत्र की योजनाओं की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा है कि दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर जिलों वाले मिथिला क्षेत्र में केंद्र सरकार के द्वारा 94.124 करोड़ की सहायता से बाढ़ प्रबंधन की 7 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 2 परियोजनाएं पूरी की जा रही है तथा इन 7 परियोजनाओं से 7.90 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित किया गया है।

# समर्पण, सेवा और खेल विकास की मिसाल रहे जिला खेल पदाधिकारी श्री परिमल को भावभीनी विदाई



जिला खेल पदाधिकारी श्री परिमल के विदाई समारोह में उपस्थित लोग।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा जिला खेल पदाधिकारी श्री परिमल के स्थानांतरण उपरांत रविवार को नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय में जिले के विभिन्न खेल संघों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों द्वारा भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का वातावरण भावनाओं से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित वक्ताओं ने श्री परिमल के कार्यकाल को जिले के खेल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए उनके योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की।कार्यक्रम में जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव ब्रजेश सिंह राठौर, बॉक्सिंग संघ के संजय सहनी, वुशु संघ के संजीव कुमार,शिक्षक डॉ. केशव चौधरी, बैडमिंटन संघ के विकास कुमार, खेल प्रेमी अरुण झा, दीपक झा, प्रियंका झा, प्रिंस कुमार, सुप्रभा, कंचन, जीनत आरा, राकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने श्री परिमल को मिथिला परंपरा के अनुरूप सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपने कार्यकाल के दौरान श्री परिमल ने जिले में खेल गतिविधियों को नई गति और नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में एसजीएफआई प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन हुआ। सांसद खेल महोत्सव के दो संस्करणों का कुशलतापूर्वक संचालन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ. केशव चौधरी ने कहा कि श्री परिमल ने अपने पूरे कार्यकाल में समर्पण, सेवा और निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन किया।

# दरभंगा स्टेशन रोड दुकानदार संघ के तत्वाधान में जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित



सम्मानित निगम पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधि गण एवं संघ के पदाधिकारीगण।

**दरभंगा(एनएसबी)।** दरभंगा स्टेशन रोड दुकानदार संघ, दरभंगा के तत्वाधान में रविवार को जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय उत्सव भवन, दरभंगा में किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा उर्फ पुट्टू मिश्रा ने किया एवं संचालन संघ के मुख्य संरक्षक एवं हम के जिलाध्यक्ष - आर. के. दत्ता ने किया। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पार्षदों में मुख्य रूप से नगर निगम स्थाई सशक्त स्थाई समिति के सदस्य सह पार्षद शत्रुघ्न प्रसाद यादव ऊर्फ नारद यादव, सशक्त स्थाई समिति के सदस्य सह पार्षद मो. रियासत अली, सशक्त स्थाई समिति सह पार्षद राजीव कुमार सिंह,वार्ड12 के पार्षद मुकेश महासेठ, पार्षद राकेश पासवान,वार्ड 24 के पार्षद खलीकुजम्मा उर्फ पप्पू सरदार, पार्षद सोनी पूर्वे, पिंकी देवी, नुसरत परवीन,पूर्व पार्षद सह पार्षद प्रतिनिधि डॉ मुन्ना खान, अमरजीत कुमार, श्याम शर्मा, भोलू यादव, व्हाट्सएप प्रतिनिधि सह युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र मंडल, संतोष ठाकुर,वार्ड 20 के पार्षद प्रतिनिधि डॉ इकबाल हसन सहित दर्जनों लोग शामिल थे। इस अवसर पर सभी पार्षदों ने एक मत से दरभंगा एलिवेटेड रोड निर्माण से विस्थापित होने वाले स्टेशन रोड के सभी दुकानदारों के हित में उचित सहयोग का आश्वासन दिया एवं नगर निगम सामान्य बैठक की बोर्ड में दुकानदारों के हित में यथासंभव होने वाले उपायों पर एवं वैकल्पिक व्यवस्था पर चर्चा करने व प्रस्ताव पारित करने का आश्वासन दिया। सम्मान समारोह से पहले रविवार को ही दरभंगा नगर निगम की उप महापौर नाजिया हसन, स्टेशन रोड दुकानदार संघ के प्रतिनिधियों के साथ कामेश्वर मार्केट से पश्चिम हराही तालाब की जो जमीन बिहार सरकार की है,उस जमीन का तहकीकात किया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर बिहार सरकार, जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन से एलिवेटेड दूर निर्माण से पूर्व स्थानीय दुकानदारों को पुनर्वास नीति का लाभ देने हेतु हर पहलुओं की जांच कर बिहार सरकार की उपलब्ध भूमि पर मार्केट का निर्माण कर सभी दुकानदारों को पुनर्वासित व व्यवस्थित करने की मांग की गई। इस सम्मान समारोह को सभी उपस्थित पार्षदों ने संबोधित किया एवं इस प्रकार के आयोजन के लिए संघ के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दस धाराओं में बहने वाली कमला नदी की नौ धाराओं को बंद करना बेहद दुखद

**मृतप्राय और दूषित हो रही कमला नदी को बचाना बेहद जरूरी**

**बाढ़ सुखाड़ जल जमाव और जल प्रदूषण जैसे आपदा के पीछे यह सबसे बड़ा कारण**





कमला नदी के किनारे धोई घाट में बैठक करते लोग ।

**दरभंगा (एनएसबी)।** मृतप्राय और दूषित हो रही कमला नदी को बचाने के लिए भारत नेपाल कमला मैत्री मंच के तत्वाधान में धोई घाट स्थित कमला नदी के किनारे वरिष्ठ समाजसेवी योगेन्द्र यादव के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। कमला नदी,जल जन जोड़ो अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान की बैठक में कमला बचाओ अभियान से जुड़े कमला पुत्र बिक्रम यादव सहित नेपाल से आए संदीप कुमार देहदानी पत्रकार मिश्री लाल मधुकर, ओम प्रकाश महतो, देवेंद्र यादव भी शामिल हुए। बिक्रम यादव के द्वारा कमला नदी के ब्यावहारिक,सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा गया कि जो महत्व गंगा नदी की है वही महत्व मिथिला में कमला नदी की है। आज कमला नदी सुख रही है। कमला नदी की पानी दूषित हो रहे हैं। हम दोनों देश के लोगों को कमला नदी को बचाने के लिए आगे आना होगा। तालाब बचाओ अभियान के संयोजक नारायण जी चौधरी ने कहा कि नेपाल के महाभारत श्रृंखला के पहाड़ से निकली कमला नदी झंझारपुर से दरभंगा, पूरब से पश्चिम लगभग 45 किमी के बीच अपने दस धाराओं मे बहती थी। बाढ नियन्त्रण के नाम पर कमला बलान के दोनों तरफ तटबंध निर्माण के बाद अन्य नौ धाराओं के मुंह को बंद कर दिया गया जिसके कारण बाढ़ सुखाड़ जल जमाव और जल प्रदूषण जैसे आपदा एक साथ होने लगा है। दोनों देश को मिलकर कमला नदी को बचाने के लिए एक ठोस रणनीति बनानी होगी। स्थानीय लोग सामाजिक कार्यकर्ता डॉ रमण राजेश पर्यावरणविद जितेंद्र कुमार मिश्र अनीश कुमार, आशुतोष कुमार, राम बाबू, मनोज यादव ने बताया कि कमला नदी के सूखने से कृषि, पशुपालन और वन्य प्राणी पर संकट आ गया है। तासीम नवाब डॉ अमर जी कुमार स्वर्ण प्रताप सिंह, बिनोद यादव ने कहा कि कमला नदी के इन दस धाराओं से भी कई शाखा और उप शाखा बाहा, नाशी, फोड़ी सोती डोरा आदि रूप में बहती थी जो दरभंगा मधुबनी जिला के सैकड़ों पंचायत के तालाब और चर से जुड़ा हुआ था। पर्यावरणविद जितेंद्र कार्यक्रम का संचालन करते हुए अजीत कुमार मिश्र ने भारत नेपाल कमला मैत्री मंच के आगामी कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जीवन दायिनी नदी कमला का जुड़ाव मिथिला क्षेत्र के जन जीवन से है। कमला नदी के मुहाने को जहां बंद कर दिया गया है, सरकार अविलंब उसे खोले। धन्यवाद ज्ञापन बिनोद यादव के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें


### लापरवाही : हरपूरबोचहा में एक साल से जला पड़ा है चार बिजली ट्रांसफार्मर, गर्मी में पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के सर्वोत्तम ग्राम पंचायत हरपुर बोचहा गांव में बिजली विभाग की उदासीनता से करीब एक साल से खराब पड़ा है चार बिजली ट्रांसफार्मर। जिसके कारण ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण पिछले लगभग एक वर्ष से खराब ट्रांसफार्मर की समस्या से जूझ रहे हैं। जिससे भीषण गर्मी में लोगो के सामने पेयजल संकट बनी है। पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को दरदर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया है कि दो ग्रामीण ट्रांसफार्मर व दो एग्रीकल्चर ट्रांसफार्मर खराब होने से पीने और घरेलू पानी की समस्या बनी है वही खेतीबाड़ी में भी कठनाई का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है। जिससे लोगो के सामने घरेलू पानी के साथ खेतीबाड़ी भी प्रभावित बना है।



### वारंटी फरार : दंपती गिरफ्तार

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** न्यायालय से निर्गत गैर-जमानती वारंट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, सीआर संख्या 263/00 एवं टीआर संख्या 87/26 से संबंधित मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 452, 342, 323 एवं 427 के तहत आरोपित रामदयाल महतो (स्वर्गीय रामानुग्रह महतो के पुत्र) एवं उनकी पत्नी राजकुमारी देवी, दोनों निवासी गढ़सिसई को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए माननीय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय के न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में कार्रवाई विद्यापतिनगर थाना की पुलिस पदाधिकारी एसआई अमृता राज के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है तथा फरार वारंटियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



### भाजपा समस्तीपुर दक्षिणी के पदाधिकारियों की मासिक बैठक सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर दक्षिणी की सांगठनिक नियमित मासिक भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला मोर्चा अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा समस्तीपुर जिला दक्षिणी के जिलाध्यक्ष शशिधर झा की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री ललन सिंह के संचालन संपन्न हुआ। बैठक में प्रधानमंत्री के मन की बात प्रसारण को शत प्रतिशत सभी बुथों पर सुनने, दीनदयाल डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण को सभी बूथों पर करने का निर्णय लिया गया है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला स्तर से मंडल स्तर के सभी पदाधिकारियों को पंचायतों में रात्रि प्रवास करने का आह्वान करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा गया है। बैठक को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह, सवर्ण आयोग के सदस्य जयकृष्ण झा, कैप्टन कमलेश सहनी, जिला प्रभारी संजीव साह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो. अमरेंद्र प्रसाद सिंह, रामयाद सांडिल्य, जिला महामंत्री मनोज सिंह, पवित्र पासवान, जिला उपाध्यक्ष कपिल देव चौधरी, वीणा साह आदि नेताओं ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमरेश साह के द्वारा किया गया।



### आरपीसीएयू के कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने खुद की धान रोपनी, छात्रों को दिया व्यावहारिक कृषि का संदेश

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के प्रायोगिक फार्म में मंगलवार को अनोखा नजारा देखने को मिला। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने। वैज्ञानिकों और छात्रों के साथ स्वयं खेत में उतरकर धान की रोपनी की इस "धान रोपाई मिलन कार्यक्रम" का उद्देश्य छात्रों को प्रयोगशाला से निकलकर खेत की वास्तविकताओं से जोड़ना था। रोपनी के दौरान कुलपति डॉ पांडेय के साथ पीजीसीए के डीन डॉ. मयंक राय, धान वैज्ञानिकों की टीम और बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पांडेय ने कहा कि कृषि शिक्षा सिर्फ किताबों और लैब तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जब तक हमारे वैज्ञानिक और छात्र खुद खेत में नहीं उतरेंगे, तब तक 'लैब टू लैंड' का सपना पूरा नहीं होगा। आज हमने छात्रों के साथ मिलकर धान रोपनी की है ताकि वे मिट्टी, पानी और फसल की बारीकियों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। हमारा लक्ष्य है कि विश्वविद्यालय का हर अनुसंधान सीधे किसान के खेत और उसकी आमदनी से जुड़े। अपने संबोधन में डीन पीजीसीए डॉ. मयंक राय ने कहा कि कुलपति डॉ पांडेय के निर्देश पर आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों के लिए कौशल विकास का बेहतरीन मंच है। रोपनी, खेत की तैयारी और पौधों की दूरी जैसे हर चरण का व्यावहारिक अनुभव उन्हें भविष्य में बेहतर कृषि वैज्ञानिक और उद्यमी बनने में मदद करेगा। कुलपति सर के नेतृत्व में हम ऐसे और फील्ड आधारित कार्यक्रम चलाते रहेंगे। कार्यक्रम में छात्रों ने पैडलिंग, ले-आउट डिजाइनिंग और वैज्ञानिक तरीके से रोपनी का प्रशिक्षण लिया। धान वैज्ञानिक डॉ नीलांजय ने कहा कि इस तरह के व्यावहारिक प्रदर्शन से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे जलवायु-स्मार्ट खेती के लिए वे बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे।

### आज कटहलबाड़ी, शिवधारा तथा इमरजेंसी फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा(एनएसबी)।** दिनांक 13 जुलाई,2026 को बेला इंडस्ट्रीज गेट के पास पोल एवं तार के शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण बेला पी एस एस से निकलने वाले 11 केवी कटहलवारी फीडर, 11 केवी शिवधारा फीडर एवं 11 केवी इमरजेंसी फीडर का लाईन सुबह 8बजे से 12 बजे तक बंद रहेगा।प्रभावित होने वाले क्षेत्रःतारामंडल, पीटीसी, टी.आर. डब्लू, पॉलिटेक्निक,बेला,परमेश्वर चौक, बेला दुर्गा मंदिर, जलान कॉलेज रोड,बेला शंकर, बाघमौर, बेला मोर, भंडार चौक, कटहलवारी, विद्यापति चौक, घी गद्दी, सुंदरपुर, बीरा,रैकपॉइंट,श्रोतीलाइन, रामबाग, नका-२, बांग्लागढ़, शुभंकारपुर, रत्नोपट्टी, रामचौक, आदि शामिल है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**केवटी(एनएसबी)।** अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रैयाम में सामाजिक कार्यकर्ता विजय ठाकुर के नेतृत्व में आर सी एम के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान केवटी के चिकित्सा प्रभारी डॉ निर्मल कुमार लाल दास के देख रेख में लगभग 16लोगों ने रक्तदान दिया। इस रक्तदान में रमेश लाल दास,स्वपन कुमार मिश्र, कृष्ण मोहन साहब, रामचंद्र बैठा, राहुल कुमार यादव,अनील कुमार चौधरी अमरजीत कुमार महतो, उजाला कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### जेवर व रुपए लेकर ससुराल से महिला गायब

**सिंहवाड़ा(एनएसबी)।** रामपुरा गांव मे एक विवाहिता ससुराल से घर मे रखे नगद रूपए एवं आभूषण लेकर गायब हो गयी। इस मामले मे सास मालती देवी ने अपनी बहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मालती देवी ने बताया है कि उनके पुत्र बिट्टू मंडल का विवाह एक मई 2025 को मुजफ्फरपुर जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र के पीर मोहम्मदपुर निवासी रंजित मंडल की पुत्री निशा कुमारी से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुआ था। विवाह के बाद से ही बहू का व्यवहार ठीक नहीं था अक्सर विवाद कर मायके चली जाती थी। मालती देवी ने आवेदन में कहा है कि 6 जुलाई की रात सभी परिवार के लोगों के साथ भोजन करने के बाद बहू अपने कमरे में सोने चली गई। अगले दिन सुबह कमरे में जाकर देखा तो वह गायब थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

# आधी रात घर में घुसने से आक्रोशित ग्रामीणों ने युवक को खदेड़ कर दबोचा, खंभे से बांधकर की पिटाई, पुलिस ने छुड़ाया

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सिमरी गांव में शनिवार की देर रात एक युवक पर कथित रूप से गलत नीयत से घर में घुसने का आरोप लगने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। महिलाओं के शोर मचाते ही युवक मौके से भाग निकला, लेकिन ग्रामीणों ने उसका करीब तीन किलोमीटर तक पीछा कर हरपुर बोचहा रेलवे स्टेशन के समीप उसे दबोच लिया और गांव में लाकर अनिल राय के घर के निकट खंभे से बांध कर जम कर पिटाई कर दी। युवक की पहचान सिमरी गांव के नवीन पासवान के रूप में हुई है। मामले की जानकारी मिलने पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद युवक को भीड़ के कब्जे से मुक्त कराते हुए हिरासत में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के



घटनास्थल पर पुलिस कर्मी।

अनुसार, घटना शनिवार रात करीब साढ़े 12 बजे की बताई गई है। जब युवक गांव के एक घर में घुस गया था। घर की महिलाओं के विरोध और शोर मचाने पर वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। कुछ ही मिनटों में आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना फैलते ही ग्रामीणों की टोली युवक खदेर कर दबोच लिया। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पीड़ित अनिल राय व अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि युवक पहले भी आसपास की युवतियों और महिलाओं पर गलत नजर रखता था तथा सार्वजनिक स्थानों पर फब्तियां कसता था। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व की घटनाओं को लेकर लोगों में पहले से नाराजगी थी, जो शनिवार रात खुलकर सामने आ गई। रविवार अहले सुबह घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और भीड़ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग युवक को पुलिस के हवाले करने के पक्ष में नहीं थे। ग्रामीण मामले का निपटारा गांव में ही करने की बात कह रहे थे। इसलिए पुलिस को युवक को भीड़ के कब्जे से निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। यदि पीड़ित पक्ष की ओर से लिखित शिकायत मिलती है तो उपलब्ध साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## सेमीफाइनल में मेजबान समस्तीपुर को पराजित कर पश्चिम चंपारण फाइनल में

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के रेल परिसर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खेल मैदान में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन समस्तीपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता (बालिका अंडर-17)-2026 के तीसरे दिन भी रोमांच अपने चरम पर रहा। क्वार्टर फाइनल के बाद खेले गए पहले सेमीफाइनल में पश्चिम चंपारण ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान समस्तीपुर को 4-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी। पहले सेमीफाइनल में पश्चिम चंपारण की प्रीति कुमारी ने दो गोल कर जीत की नींव रखी, जबकि अनु और बिंदिया कुमारी ने एक-एक गोल का योगदान दिया। मेजबान समस्तीपुर की ओर से काजल कुमारी ने एकमात्र गोल किया। मुकाबले में दोनों टीमों ने तेज गति से आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन निर्णायक मौकों पर पश्चिम चंपारण की टीम अधिक प्रभावी साबित हुई। इससे पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में पश्चिम चंपारण ने कैमूर को 9-0 से पराजित कर अपनी दावेदारी मजबूत की। इस मैच में प्रीति कुमारी ने चार गोल दागे, जबकि गीता कुमारी एवं रितिका कुमारी ने दो-दो तथा बिंदिया कुमारी ने एक गोल कर टीम को एकतरफा जीत दिलाई। दूसरे क्वार्टर फाइनल में सारण ने खगड़िया को 8-0 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। जिसमें रिया राज ने चार गोल, चांदनी कुमारी ने तीन तथा खुशबू कुमारी ने एक गोल कर जीत में अहम भूमिका निभाई। तीसरे क्वार्टर फाइनल में मेजबान समस्तीपुर ने दरभंगा को 4-0 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। जिसमें सुमन कुमारी ने दो गोल, जबकि ज्वाला कुमारी और साक्षी गुप्ता ने एक-एक गोल किए। चौथे क्वार्टर फाइनल में सिवान ने मुंगेर के खिलाफ 9-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज कर अंतिम चार में स्थान सुनिश्चित किया। रंजना कुमारी ने तीन, अंशु कुमारी ने दो तथा आराधना, बेबी, पिंकी और रोशनी ने एक-एक गोल कर टीम की जीत में उल्लेखनीय योगदान दिया। दिन के मुकाबलों का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं प्रतिभा को निखारने का श्रेष्ठ मंच हैं और सभी खिलाड़ियों को अनुशासन तथा खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। मुकाबलों में मुख्य रेफरी की जिम्मेदारी रोहतास के शशि सिंह ने निभाई, जबकि मुजफ्फरपुर के अलीमउद्दीन, पूर्णिया के रजनीश पांडेय, समस्तीपुर के मोहम्मद शाहिद, मुंगेर की मोना कुमारी एवं सारण की सरिता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका का सफल निर्वहन किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा के नेतृत्व में खेल विभाग की टीम पूरी मुस्तैदी से जुटी रही।



## ईशांत हत्याकांड : न्याय की मांग को लेकर बंगराहा में निकला विशाल कैंडल मार्च

**हत्यारे को फांसी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा व सरकारी नौकरी देने की उठी मांग**



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के बंगराहा पंचायत में नौवीं कक्षा के छात्र ईशांत उर्फ छोटू के अपहरण के बाद हुई निर्मम हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार की शाम न्याय की मांग को लेकर विशाल कैंडल मार्च निकाला। मृतक छात्र के घर से शुरू हुए इस मार्च में सैकड़ों की संख्या में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग एवं ग्रामीण शामिल हुए। सभी लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर ईशांत को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कैंडल मार्च के दौरान ग्रामीणों ने ह्वईशांत को न्याय दोह्व, ह्वहत्यारों को फांसी दोह्व और ह्वदोषियों पर कठोर कार्रवाई करोह्व जैसे नारे लगाए। मार्च मृतक के घर से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए बंगराहा चौक पहुंचा, जहां लोगों ने सभा आयोजित कर अपनी मांगों को दोहराया। ग्रामीणों ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र सजा दिलाई जाए तथा मुख्य आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी उठाई गई।प्रदर्शनकारियों ने मामले के अनुसंधान पदाधिकारी रहे थाना के तत्कालीन आईओ शक्ति सिंह के खिलाफ भी हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें सेवा से बर्खास्त करने की मांग की। इस दौरान लोगों ने राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की अपील की। ग्रामीणों का कहना था कि ईशांत हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है और जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। कैंडल मार्च शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन इसमें उमड़ी भारी भीड़ ने स्पष्ट संकेत दिया कि क्षेत्र की जनता इस मामले में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई चाहती है।

## बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समस्तीपुर के निदेर्शानुसार तथा अनुमंडल विधिक सेवा समिति, दलसिंहसराय के तत्वावधान में रविवार को अनुमंडलीय कारागार, दलसिंहसराय में बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था एवं कारागार विधिक सहायता केंद्र की कार्यप्रणाली विषय पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्ध व्यवस्था तथा कारागार विधिक सहायता केंद्र के माध्यम से मिलने वाली कानूनी सहायता के संबंध में जागरूक करना था, ताकि कोई भी बंदी आर्थिक या अन्य किसी कारण से न्याय प्राप्त करने से वंचित न रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता अमन द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक बंदी को न्याय प्राप्त करने तथा निःशुल्क विधिक सहायता पाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39 (क) के अनुरूप आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि कारागार विधिक सहायता केंद्र के माध्यम से बंदियों को अधिवक्ता की सुविधा, विधिक परामर्श, जमानत, अपील तथा अन्य आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही बंदियों को विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित बंदियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का पैनल अधिवक्ता द्वारा समाधान किया गया।

## मंडल स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के मथुरापुर जूट मिल रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में मंडल स्तरीय निरंकारी बाल संत समागम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए कोटा (राजस्थान) से पधारे प्रचारक महात्मा समीर विश्वास जी ने सैकड़ो बाल संतो, उनके अभिभावकों सहित प्रभु प्रेमी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी बाल संत समागम का आयोजन बच्चों को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आध्यात्मिक विचारधारा से जोड़कर मानवीयता की ओर प्रेरित करना है। वर्तमान परिवेश में आधुनिक एवं वैज्ञानिक स्तरीय शिक्षण व्यवस्था जहां एक ओर बच्चों के वैज्ञानिक नजरिया को मजबूत आधार देता है तो वही दूसरी ओर ऐसे बाल संत समागम उनमें संतो, पीर, पैगंबरों के प्रति श्रद्धा, अपने से बड़ो, माता-पिता गुरुजनों के प्रति आज्ञाकारिता, सत्य निष्ठा, अनुशासन, कृतज्ञता, प्रकृति के प्रति प्रेम, स्वच्छता, दूसरों के प्रति दया, सहिष्णुता, समदृष्टि एवं एकत्व की भावना को समाहित करने का मजबूत माध्यम है। जो उन्हे गलत रास्तों पर जाने से रोकता है। और उनमें विश्व बंधुत्व, एकत्व एवं भलाई की भावना को प्रज्वलित करता है । ताकि जीवन की राह पर बढ़ती हुई नई पीढ़ी भक्तिमय, प्रेम में शांति से भरे आनंददायक वातावरण में सांस ले सके ताकि उन्हें अभी से ही यह एहसास हो कि वास्तव में मानव का जन्म मानवीयता की भलाई के लिए हुआ है।

वही इस अवसर पर मंडल प्रभारी महात्मा जवाहर प्रसाद जी एवं मुखी महात्मा राजेश कुमार जी ने भी बाल संत समागम को बच्चों के संपूर्ण विकास का एक मजबूत आधार कहा। इस अवसर पर बाल प्रदर्शनी के माध्यम से स्वच्छ जल स्वच्छ मन ,रक्तदान - महादान, पेड़ो की कटाई पर रोक एवं स्वच्छ भारत अभियान सहित मिशन के आदर्श विचारधराओं का संदेश दिया गया। तो वहीं बच्चों ने अपने विचारों, भजनों ,कविताओं एवं छोटे-छोटे नाटकों एवं नृत्यो के माध्यम से उपस्थित लोगों को मानवता का संदेश दिया। समस्त कार्यक्रम सेवादल के शिक्षक महात्मा नंदेश्वर जी व संचालक राम प्रकाश जी एवं संचालिका अर्चना जी और उनके सेवादल जवानों की देख रेख में संपन्न हुआ। मौके पर राजकिशोर जी, मोतीलाल जी, चंदेश्वर जी, यमुना प्रसाद जी, अर्चना जी सहित सैकड़ो की संख्या में प्रभु प्रेमी भक्तजन उपस्थित थे।




कार्यक्रम प्रस्तुत करते बाल कलाकार।।

## 200 साल पुराने चकौटी मठ से अष्टधातु की प्राचीन मूर्तियां चोरी, करोड़ों की धार्मिक धरोहर पर चोरों का हाथ

**जिस प्रतिमा के सामने मुख्यमंत्री ने टेका था माथा, वही हुई गायब**

**समस्तीपुर कार्यालय ( एनएसबी)।** जिले के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कानू विशनपुर पंचायत स्थित ऐतिहासिक 24 अवतार धाम चकौटी मठ में शनिवार देर रात हुई चोरी की सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। करीब डेढ़ सौ से दो सौ वर्ष पुरानी अष्टधातु निर्मित भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की प्राचीन मूर्तियां, उनके मुकुट, धनुष-बाण, छत्र, आभूषण, दानपेटियां तथा अन्य बहुमूल्य धार्मिक सामग्री अज्ञात चोर गर्भगृह से चोरी कर ले गए। घटना के बाद श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश और मायूसी है। लोग इसे केवल चोरी नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर हमला बता रहे हैं। रविवार सुबह जब मंदिर के पुजारी प्रतिदिन की तरह पूजा-अर्चना के लिए गर्भगृह पहुंचे तो मंदिर का दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो भगवान राम, सीता और लक्ष्मण की अष्टधातु की प्राचीन मूर्तियां अपने स्थान से गायब थीं। इसके साथ ही मुकुट, माता सीता के गले का हार, धनुष-बाण, छत्र, कई दानपेटियां और अन्य धार्मिक सामग्री भी चोरी हो चुकी थी। यह दृश्य देखकर पुजारी के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल मठ के महंत और ग्रामीणों को सूचना दी। देखते ही देखते सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर परिसर में जमा हो गए और घटना को लेकर भारी नाराजगी व्यक्त करने लगे। स्थानीय लोगों के अनुसार चोरी हुई मूर्तियां लगभग 150 से 200 वर्ष पुरानी थीं। इनका निर्माण अष्टधातु से हुआ था और इनकी कीमत बाजार में लाखों से करोड़ों रुपये तक आंकी जा रही है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि इन मूर्तियों का मूल्य धन से नहीं आंका जा सकता, क्योंकि वे क्षेत्र की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत का हिस्सा थीं। बताया जाता है कि चकौटी मठ की स्थापना भी लगभग दो शताब्दी पूर्व हुई थी। यह मठ वर्षों से क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। वर्ष 2012 से महामंडलेश्वर श्री राम सेवक दास जी महाराज यहां पूजा-अर्चना और धार्मिक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चोरी हुई अष्टधातु की मूर्तियां उन्हें उनके गुरुजी से प्राप्त हुई थीं। वर्ष 2012 में उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इन मूर्तियों की स्थापना मठ के गर्भगृह में कराई थी। इसी वर्ष जून 2026 में चकौटी मठ में 11 दिवसीय भव्य विष्णु महायज्ञ का आयोजन हुआ था। 24 जून को आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री ने भगवान विष्णु के 24 अवतारों की विग्रह प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की थी तथा इसी गर्भगृह में स्थापित प्राचीन अष्टधातु की मूर्तियों के समक्ष श्रद्धापूर्वक प्रणाम भी किया था। अब उसी गर्भगृह से इन अमूल्य प्रतिमाओं की चोरी हो जाना लोगों के बीच चर्चा और चिंता का विषय बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही खानपुर थानाध्यक्ष शिव पूजन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ पुलिस पदाधिकारी संजीवन कुमार, अजय दुबे सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया तथा चोरी की जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया। एफएसएल के विशेषज्ञों ने घटनास्थल से विभिन्न वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए और तकनीकी जांच प्रारंभ कर दी। महामंडलेश्वर श्री राम सेवक दास जी महाराज ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल मंदिर में चोरी नहीं, बल्कि सनातन आस्था पर सीधा प्रहार है।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार

**फुलपरास (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पैंता गांव में चोरी के सामान की बरामदगी के लिए पहुंची पुलिस को छापेमारी के दौरान एक अन्य घर से दो देशी राइफल बरामद हुई। इस मामले में पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि पैंता गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र बसंत कुमार सिंह दिल्ली से चांदी का सामान चोरी कर अपने घर के बगल स्थित मकान में छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल गांव पहुंचकर छापेमारी की।तलाशी के दौरान पुलिस ने एक चांदी की थाली,एक लोटा एवं एक पंचशाला कलश बरामद किया गया। हालांकि सूचना के अनुसार अन्य सामान नहीं मिलने पर पुलिस ने समीप स्थित अरुण सिंह के घर की भी तलाशी ली। इस दौरान घर से दो देशी राइफल बरामद होने पर पुलिस ने उन्हें जब्त कर लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद हथियारों के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अरुण सिंह के विरुद्ध अवैध हथियार रखने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने उन्हें मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया है।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है तथा बरामद चांदी के सामान और दिल्ली में हुई कथित चोरी के संबंध में भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पिकअप वैन से भारी मात्रा में नेपाली देशी शराब बरामद

**फुलपरास(एनएसबी)।** थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन से भारी मात्रा में नेपाली देशी शराब बरामद की है। मामले में चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वैन में भारी मात्रा में शराब लोड कर दरभंगा की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर किसनीपट्टी नहर के समीप पुलिस टीम ने वाहन जांच अभियान शुरू किया गया था। इसी दौरान संदिग्ध पिकअप वैन पुलिस को चकमा देकर तेज गति से भाग निकली।कुछ देर बाद सूचना मिली कि ब्रह्मपुर चूड़ा मिल के निकट एनएच-27 से नीचे एक पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन से शराब की खेप सड़क किनारे बिखरी हुई थी, जबकि चालक वाहन छोड़कर फरार हो चुका था।पुलिस ने दुर्घटनास्थल से कुल 1908 लीटर नेपाली देशी शराब बरामद कर पिकअप वैन को जब्त कर थाना लाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा फरार चालक एवं शराब तस्करी में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### रहिका में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों में आक्रोश



**मधुबनी (एनएसबी)।** मिथिला लोकतांत्रिक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज झा ने रहिका में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क की स्थिति बदहाल अवस्था पर चिंता जताई है। रहिका मैया स्थान होकर भाया सौराठ बेलाही तक जाने वाली सड़क में रहिका मैया स्थान के समीप, शिव मंदिर तालाब के पास, गिधा टोल बजरंगवली मंदिर ब्रह्म स्थान के पास और बरहा टोला कोठा टोल में उक्त सड़क पर जलजमाव के कारण सड़क के उखड़ जाने से आवागमन बाधित होता है। इस सड़क पर आने जाने वालों राहगीरों व वाहनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विदित हो कि रहिका वार्ड नंबर 7 और वार्ड 12 के बीचो बीच गुजरने वाली उक्त सड़क पर नाला नहीं रहने से सड़क पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होती है। जहाँ हल्की बारिस मात्र से झील सा नजारा बन जाता है और ग्रामवासियों एवं राहगीरों को परेशानी होती है। जिसे देखने सुनने वाला कोई नहीं है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि की उदासीनता गंभीर विषय है। अति व्यस्त सड़क की बदहाली को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मोर्चा अध्यक्ष ने उक्त समस्या के समाधान हेतु जिला प्रशासन, बीडीओ, एमएलए, एमपी व एमएलसी आदि लोगों से उक्त सड़क को शीघ्र नालायुक्त कर इसका उपयुक्त जीर्णोद्धार करवाकर ग्रामवासियों को इस परेशानी से निजात दिलवाने की अपील की है।


### नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों का 15 जुलाई 26 को प्रस्तावित है शुभारंभ एवं शैक्षणिक सत्र प्रारंभ

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा मधुबनी जिला में नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों के संभावित शुभारंभ एवं शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए है। उन्होंने कहा है कि 15 जुलाई 2026 को माननीय, मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा भागलपुर से राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के 211 नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों का शुभारंभ एवं शैक्षणिक सत्र प्रारंभ कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस अवसर को राज्य में उच्च शिक्षा के विकास से जुड़े एक महत्वपूर्ण जन-उत्सव के रूप में आयोजित किये जाने के उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निदेश प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों में दिनांक-15.07.2026 से पूर्व शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन हेतु आवश्यक सभी आधारभूत संरचनात्मक एवं प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण करने हेतु आवश्यक निदेश दिया है। उन्होंने महाविद्यालय भवन, परिसर एवं कक्षाओं की पूर्ण तैयारी, पेयजल, विद्युत, शौचालय, स्वच्छता एवं प्रकाश की व्यवस्था, फर्नीचर, कार्यालय व्यवस्था एवं कक्षा संचालन हेतु आवश्यक सामग्री, कम्प्यूटर, इंटरनेट एवं अन्य आईटी सुविधाओं की उपलब्धता, परिसर की साफ-साफ सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 14 जुलाई तक सभी तैयारियों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार का कार्य लंबित न रहे। डीएम ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### साहरघाट में 2.1 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, साथी बाइक लेकर फरार

**बेनीपट्टी(एनएसबी)।** साहरघाट थाना पुलिस ने एसएसबी के सहयोग से तिहारा मोड़ के पास छापेमारी कर 2.1 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेपाल के महोत्तरी जिला अंतर्गत लोहरपट्टी गांव निवासी सैयद सियाजुल शेख के पुत्र एहजाद के रूप में हुई है। जबकि उसका एक साथी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे गुप्त सूचना मिली थी कि तिहारा मोड़ के पास मादक पदार्थ की तस्करी होने वाली है। सूचना के आधार पर एसएसबी के सहयोग से विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। सुबह लगभग 8:40 बजे एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर बाइक चालक भागने लगा। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठा एक व्यक्ति अनियंत्रित होकर गिर गया, जिसे पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 2.1 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। वहीं बाइक चालक मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# पंडौल, बाबूबरही एवं खुटौना प्रखंड में प्रति प्रखंड एक प्राकृतिक खेती जैव उपादान संसाधन केंद्र की होगी स्थापना



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

**मधुबनी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राकृतिक उर्वरकों के उत्पादन और आपुर्ति के लिए तथा प्राकृतिक खेती के सफल क्रियान्वयन हेतु मधुबनी जिले के पंडौल, बाबूबरही एवं खुटौना प्रखंड में प्रति प्रखंड एक प्राकृतिक खेती जैव उपादान संसाधन केंद्र की स्थापना की जायेगी।जैव उपादान संसाधन केंद्र के माध्यम से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले प्रशिक्षित इच्छुक किसानों और उन किसानों को सहायता प्रदान करना है, जो स्वयं तैयार करने की स्थिति में नही है।विदित हो कि राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना के अन्तर्गत प्राकृतिक खेती को, सफलतापूर्वक अपनाने के लिए पशु और पौधे पर आधारित प्राकृतिक खेती इनपुट तैयार करने के लिए पशुओं और पौधों तक पहुँच महत्वपूर्ण है। जैव उपादान संसाधन केन्द्र की स्थापना हेतु प्राकृतिक खेती करने वाले अभ्यासरत किसान,किसान समूहों महिला समूहों,स्थानीय ग्रामीण उद्यमियों, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियाँ,सहकारी समितियाँ, कृषि विज्ञान केन्द्र आदि से आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। जैव इनपुट संसाधन केन्द्र स्थापना हेतु कई नियम एवं शर्ते लागू किये गए है। जिसमें जैव उपादान संसाधन केन्द्र के पास कम-से-कम 10 देसी पशुधन होनी चाहिए। (जैव उपादान का उत्पादन करने के लिए गाय का गोबर, गौमुत्र एवं अन्य जैविक कचरे जैसे-आवश्यक कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना) है।जैव उपादान संसाधन केन्द्र के पास विश्वसनीय जलश्रोत होना चाहिए (जैव- उपादान जैसे वर्मी कम्पोस्ट, बीजामृत, जीवामृत, घन जीवामृत आदि की तैयारी के लिए आवश्यक है।) जैव उपादान संसाधन केन्द्र के पास जैव उपादान, भंडारण पैकेजिंग के लिए पर्याप्त स्थान और शेड होना चाहिए। चयनित स्थान किसानों और अन्य हित धारकों के लिए आसानी से उपलब्ध होना चाहिए।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ेगी, आमलोगों से बेहतर समन्वय पर रहेगा जोर : ग्रामीण एसपी शिवम धाकड़



**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** मधुबनी के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण एसपी) शिवम धाकड़ ने शनिवार को बेनीपट्टी डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि कार्यालय में सभी व्यवस्थाएं सामान्य एवं संतोषजनक पाई गईं। ग्रामीण एसपी ने कहा कि बेनीपट्टी क्षेत्र नेपाल सीमा से सटा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। सीमावर्ती इलाकों में अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए पुलिस गश्त और निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक के माध्यम से अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाएगी तथा ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्रामीण एसपी ने लोगों से पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को भी निर्देश दिया कि वे आम लोगों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करें, ताकि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग का वातावरण मजबूत हो।निरीक्षण के दौरान बेनीपट्टी के एसडीपीओ अमित कुमार भी मौजूद रहे।

## मध्य विद्यालय सोहॉस में किया गया युथ एवं इको क्लब का गठन



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहॉस के सभागार में शनिवार को विद्यालय प्रधानाध्यापक राम विनय पासवान की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे खुशी शिवांगी,मुस्कान कुमारी,सोनाक्षी कुमारी,देव कुमार, प्रिंस कुमार, रूपेश कुमार, आरती कुमारी शामिल है. वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए दुख मोचन यादव एव रामसेवक ठाकुर का चयन किया. प्रधानाध्यापक राम विनय पासवान ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी. एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम के दौरान बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया. इस अवसर पर शिक्षक मिथिलेश कुमार कामत, रंधीर कुमार यादव, भास्कर कुमार, नम्रता कुमारी, नीतू देवी, सुद्दी लाल यादव,रोहित कुमार,ललित पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे.

## संदीप विश्वविद्यालय को मिली एनएसएस इकाई की स्वीकृति, छात्रों में खुशी



**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के सिजौल स्थित संदीप विश्वविद्यालय को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की इकाई स्थापित करने की औपचारिक स्वीकृति मिल गई है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसे छात्रों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई की स्थापना के बाद छात्र-छात्राएं ग्राम विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, रक्तदान, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, साक्षरता अभियान समेत विभिन्न सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना विकसित होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को समाज से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। इससे छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जीवन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और वे जिम्मेदार, जागरूक एवं संवेदनशील नागरिक बन सकेंगे।प्रशासन ने इस स्वीकृति के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, पटना एवं संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभाएगी।

## लदनियां में ग्राम रक्षा दल की बैठक संपन्न, प्रशिक्षण और नशा मुक्ति अभियान पर बनी सहमति



**लदनियां (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में कार्यरत ग्राम रक्षा दल की बैठक व प्रशिक्षण और नशा मुक्ति अभियान पर बनी सहमति यह कार्यक्रम कुमरखत पश्चिमी पंचायत में आयोजित किया गया। बिहार ग्राम रक्षा दल प्रखंड लदनियां की एक आवश्यक बैठक का आयोजन कमतौलिया ब्रह्मस्थान के निकट अवस्थित पंचायत सरकार भवन के सभागार में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता कुमरखत पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि अमर बहादुर कामत ने की। बैठक की शुरूआत मुख्य अतिथियों को मिथिला की पारंपरिक पाग , फूल माला एवं शाल से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बिहार ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने संगठन के प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षा दल समाज, पंचायत और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाना समय की आवश्यकता है।

बैठक में नशा मुक्ति अभियान को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि प्रखंड स्तर पर शीघ्र ही व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसकी तिथि जल्द घोषित की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राऊत ने ग्राम रक्षा दल की लंबित मांगों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन सम्मान, स्थायीकरण एवं अन्य न्यायोचित मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत है। परंतु सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण कार्य में लगे युवाओं पर नहीं है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी होने तक लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही सभी सदस्यों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और अनुशासन के साथ संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। बैठक में हरि यादव, मनीष कुमार कामत, अरविंद कुमार गायत्री परिवार के पवन सुरेका, पैक्स अध्यक्ष जय कुमार यादव सहित ग्राम रक्षा दल के सैकड़ों सदस्य एवं क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज हित में सहयोग जैसी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण कर बेचने से जनता को नुकसान और जनता में आक्रोश

**लदनियां(एनएसबी)।** भारत सरकार के द्वारा किल्लत को देखते हुए एवं पेट्रोलियम पदार्थ, रसोई गैस के दाम में एक ओर जहां बढ़ोतरी कर दिया है, वहीं दूसरी ओर लोगों को लाइन में लगा दिया है। ऐसी में बैठकर जनता के हितों निर्णय नहीं लेकर सरकार के पक्ष में निर्णय ले रहा है। जबकि इन अधिकारियों से जमीनी हकीकत कोसो दूर है। पूर्व बिहार विधानसभा सदस्य राजद प्रोफेसर उमाकांत यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य व राजद के वरिष्ठ नेता राम कुमार यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह बिहार प्रदेश राजद के सचिव राम अशीष पासवान ने प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की ईंधन नीति और जनविरोधी अन्य फैसले पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि केंद्र सरकार पेट्रोल में इथेनॉल के जबरन मिलावट कर जनता के साथ अन्याय करने पर आतुर है। परंतु उक्त इथेनॉल युक्त पेट्रोल का उपयोग करने वाले वाहन चालक उत्पन्न अतिरिक्त समस्या के समाधान के लिए मोटरसाईकिल मिस्त्री के पास जाकर ऊंची कीमत चुका कर आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे है। उक्त मिश्रीत पेट्रोल उपयोग के कारण वाहन मालिक के गाड़ी का माइलेज गिरने एवं गाड़ी के इंजन में गड़बड़ी का शिकायत पर पेट्रोल, डीजल व गैस वितरण करने वाले एजेंसी मालिक का कोप भाजन का शिकार होना पर रहा है। नेताओं ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की विभाग के केंद्रिय मंत्री नितिन गडकरी का दिया गया वयान जनसरोकारी नहीं है। नेताओं ने कहा कि गाड़ी का इंजन खराब हो रहा है। नेताओं ने कहा कि एक आम इंसान एक एक पैसा जोड़कर परिवार और बच्चों की पढ़ाई का व्यवस्था करता है। इतना ही नहीं रहने के लिए घर, और समाज में अहैदा पाने के लिए गाड़ी भी खरीदने का सपना संजोता है। मालूम नहीं कि कितने लोगों का सपना साकार हुआ या केवल सपना बनकर रह गया। परंतु एक सच्चाई बिल्कुल स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री, बिहार के मुख्यमंत्री रोज सरकारी वेबसाइट हो या सोशल मीडिया यह कहते नहीं थकते की हर जरूरतमंद लोगों को पक्का घर देंगे। युवाओं को रोजगार व सरकारी नौकरी देंगे।कुल मिलाकर कर वर्तमान स्थिति का अवलोकन करने से ये ही ज्ञात होता है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार हो या फिर भाजपा संपोषित बिहार सरकार सभी ने जनता के साथ छल्ल किया है। आज के समय में देश के मुखिया नरेंद्र मोदी ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, एकीकृत शिक्षा व्यवस्था,यातायात व्यवस्था, रोजगार और सरकारी नौकरी,देने की मात्र चुनावी घोषणा नहीं सार्वजनिक मंच से भी लोगों को झांसा दिया है। स्थिति यह है कि लोगों के सपनों को तोड़ने में यह सरकार कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसका ताजा उदाहरण प्रत्येक परिवार के जीवीका दीदियों को रोजगार के लिए प्रथम किस्त में 10,000 रुपए देकर स्वावलंबी बनने का अवसर दिया। सरकार ने यह भी कहा था कि उक्त राशि से रोजगार का श्रृजन होगा।

## ऐतिहासिक सौराठ सभा का सफल समापन, जल्द होगी समीक्षा बैठक



**मधुबनी (एनएसबी)।** विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक सौराठ सभा का रविवार को सफल एवं सुखद समापन हो गया। समापन अवसर पर सौराठ सभा समिति के अध्यक्ष कृष्ण कांत झा 'गुड्डू' ने कहा कि इस वर्ष पंजी प्रथा के प्रति समाज में नई जागरूकता देखने को मिली, जो आने वाले वर्षों के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने बताया कि ब्राह्मण महासभा की ओर से प्रदीप झा के नेतृत्व में पंजीकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके लिए समिति ने महासभा का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों ने सभा की गरिमा को और बढ़ाया। समिति अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न पंजीकारों के यहां लगभग 30 से 100 तक सिद्धांत (वैवाहिक सहमति) संपन्न हुए। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में यह संख्या और बढ़ेगी तथा सौराठ सभा अपने ऐतिहासिक स्वरूप में पुनः स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि इस बार सरकार का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका। भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर समिति सरकार से जवाबदेही तय करने के साथ इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि समाज की सर्वसम्मत मांग है कि सौराठ महोत्सव का आयोजन सभा-वास की अवधि के दौरान ही कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। कृष्ण कांत झा ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों, समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों, सामाजिक संगठनों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## मुजफ्फरपुर में स्थापित होने वाली आर्किटेक्चर और सिविल इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी बिहार के विकास का प्रतीक बनेगी : सम्राट चौधरी

# विश्वस्तरीय लेक फ्रंट परियोजना मुजफ्फरपुर की नई पहचान

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को मुजफ्फरपुर पहुँचे, जहाँ उन्होंने पहले सिकंदरपुर मेरिन ड्राइव पर पहुंचकर 213.25 करोड़ की लागत से विकसित विश्वस्तरीय लेक फ्रंट परियोजना का लोकार्पण किया। वही नगर के ब्रह्मपुरा स्थित एमआईटी मैदान में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मंच से रिमोर्ट दबाकर 1047. 09 करोड़ की लागत वाली 982 विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

इसके पश्चात एमआईटी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने एमआईटी परिसर में ही बिहार सरकार द्वारा आर्किटेक्चर और सिविल इंजीनियरिंग की स्पेशलाइज्ड यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की और कहा कि इस फैसले से बिहार के छात्रों को तकनीकी शिक्षा के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सिकंदरपुर का विश्व स्तरीय लेक फ्रंट और आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर की नई पहचान और आधुनिक बिहार के विकास का प्रतीक बनेगा। इतना हीं नहीं मुजफ्फरपुर में आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय, तिरहुत टाउनशिप, एयरपोर्ट, पटना-मुजफ्फरपुर रैपिड रेल कॉरिडोर तथा हल्दिया-रक्सौल हाईवे जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ उत्तर बिहार को विकास, निवेश, रोजगार और बेहतर कनेक्टिविटी का नया केंद्र बनाएंगी।


स्थानीय लोगो से मिलते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।


फीता काटकर लेक फ्रंट परियोजना का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।


एमआईटी मैदान में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

**अगले 10 दिनों के भीतर पताही एयरपोर्ट विकास कार्य का शिलान्यास किया जाएगा**

**रक्सौल एयरपोर्ट से भी विमान सेवा शुरू करने की दिशा में काम चल रहा**

मुख्यमंत्री ने पताही एयरपोर्ट, उच्च शिक्षा, पर्यटन और कानून-व्यवस्था को लेकर भी बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर के बहुप्रतीक्षित पताही एयरपोर्ट के विकास की प्रशासनिक प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने घोषणा की कि अगले 10 दिनों के भीतर पताही एयरपोर्ट विकास कार्य का शिलान्यास कर दिया जाएगा। इसके साथ ही रक्सौल एयरपोर्ट से भी विमान सेवा शुरू करने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे उत्तर बिहार की हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी और व्यापार, उद्योग व पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर दिन के लगभग 11:30 बजे पुलिस केंद्र स्थित अस्थायी हेलीपैड पर उतरा। वहां से वे सीधे सिकंदरपुर लेक फ्रंट पहुंचे, जहाँ नगर विधायक रंजन कुमार, मेयर निर्मला देवी साहू, उप मेयर डॉ मोनालिसा के अलावा जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने मुख्यमंत्री सहित उनके साथ के मंत्रियों एवं मुख्य सचिव व डीजीपी का बुके भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने फीता काटकर मेरिन ड्राइव का उद्घाटन किया। वहां से निकलकर मुख्यमंत्री का काफिला एमआईटी परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुआ। सभास्थल पर पहुंचने के साथ हीं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा जीविका दीदियो से मुलाकात की। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 1:15 बजे मुख्यमंत्री पटना के लिए रवाना हो गए।

उधर, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। जिलाधिकारी कुमार गौरव के निर्देश पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एमआईटी परिसर और सिकंदरपुर लेक क्षेत्र के पांच किलोमीटर के दायरे को नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया था। इस दौरान ड्रोन, बैलून, पैरा मोटर, पैरा ग्लाइडर और हैंड ग्लाइडर जैसी किसी भी उड़ने वाली वस्तु के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त के बीच मुख्यमंत्री का दौरा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### कच्ची-पक्की स्वर्ण व्यवसायी हत्याकांड का हुआ खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)** । एक माह पूर्व कच्ची-पक्की ओपी क्षेत्र के माधोपुर सुस्ता में हुए चर्चित स्वर्ण व्यवसायी दीपक कुमार हत्याकांड का मुजफ्फरपुर पुलिस ने उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी देते हुए सिटी एसपी मोजीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि 15 जून 2026 की रात बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने लूट की नीयत से स्वर्ण व्यवसायी


गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते सिटी एसपी।

दीपक कुमार को निशाना बनाया था। लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया था। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और जांच प्रारंभ की गई। एफएसएल एवं डॉग स्क्वाड की टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए, जबकि पुलिस उप-महानिरीक्षक, तिरहुत क्षेत्र तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की विस्तृत समीक्षा की। मृतक के पुत्र के आवेदन के आधार पर सदर थाना (कच्ची-पक्की ओपी) कांड संख्या- 596/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी के पर्यवेक्षण तथा एसडीपीओ टाउन-02 विनीता सिन्हा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया, जिसमें जिला आसूचना इकाई एवं कच्ची-पक्की ओपी की टीम को भी शामिल किया गया। गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया, तकनीकी एवं मानवीय सूचनाएं एकत्र कर लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल मो अयाज उर्फ तमन्ने तथा प्रमोद कुमार उर्फ जटहा, दोनों निवासी थाना सकरा, जिला मुजफ्फरपुर, को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में शामिल अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही पूरे गिरोह का पदार्फाश कर मामले में शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने इस कार्रवाई को वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी साक्ष्यों और प्रभावी पुलिस कार्रवाई का परिणाम बताते हुए कहा है कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार हत्याकांड मामले के दो और आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र में हुए बहुचर्चित प्रॉपर्टी डीलर श्याम कुमार कुशवाहा हत्याकांड में विशेष पुलिस टीम ने मामले से जुड़े दो और मुख्य आरोपियों को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरुण कुमार और प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। इस कार्रवाई के बाद हत्याकांड में अब तक गिरफ्तार आरोपियों की संख्या आ३ी१ चार हो गई है। डीएसपी ईस्ट वन अलय वत्स ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार


प्रॉपर्टी डीलर एवं पुस्तक बिक्रेता हत्याकांड में पुलिस द्वारा गिरफ्तार दो और आरोपी।

आरोपी प्रिंस कुमार ने पूरे हत्याकांड में 'लाइनर' की अहम भूमिका निभाई थी। उसने श्याम कुमार कुशवाहा की गतिविधियों, आने-जाने के समय और लोकेशन की रेकी कर अपराधियों तक पूरी जानकारी पहुंचाई थी। इसी सूचना के आधार पर शूटरों ने हत्या की घटना को अंजाम दिया था। गौरतलब है कि श्याम कुमार कुशवाहा सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के डेरा चौक स्थित मंदिर में पूजा करने पहुंचे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। डीएसपी अलय वत्स ने बताया कि अबतक इस हत्याकांड से जुड़े चार प्रमुख साजिशकर्ता और सहयोगी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वहीं, घटना में शामिल शूटरों और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की विशेष टीमें और तकनीकी शाखा लगातार कार्रवाई कर रही हैं। संभावित ठिकानों पर सघन छापेमारी की जा रही है और पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही इस हत्याकांड में शामिल सभी आरोपी कानून के शिकंजे में होंगे।

## सम्राट बोले- विकास की राह पर आगे बढ़ चुका बिहार, अब यहां अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** एमआईटी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सख्त संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने अपराधियों को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि बिहार अब विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ चुका है। यहां अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। अपराधी या तो बिहार छोड़ दें या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहें। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयानों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को राज्य के सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों के बैंक खातों में समय पर राशि भेज दी गई, जो सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'समृद्ध बिहार' के संकल्प को दोहराते हुए अधिकारियों से अधिक मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को सामान्य कार्य संस्कृति से आगे बढ़कर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करना होगा। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर बनने के बाद वहां पर्यटन और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

इसी प्रकार बिहार में भी धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मां सीता के भव्य मंदिर के निर्माण से बिहार विश्व पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा और आने वाले समय में यह आस्था एवं पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी, मंत्री विजयेंन्द्र प्रसाद यादव, नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा, पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, बिहार के डीजीपी विनय कुमार, राज्य मुख्यालय के अन्य विभागीय सचिव एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## मुजफ्फरपुर पहुंचे मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री का विधायक ने किया स्वागत

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कई कार्यक्रम को लेकर रविवार को मुजफ्फरपुर के एमआईटी मैदान में पहुँचे बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा को काँटी विधायक अजीत कुमार ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुछ देकर गर्म जोशी के साथ ससम्मान स्वागत किया। इस मौके पर श्री कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से कांटी विधानसभा क्षेत्र की प्रगति एवं बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए बड़ा उद्योग लगाने की मांग की। उन्होंने कांटी में तिरहुत सैटेलाइट सिटी के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण करने के मामले पर प्रभावित किसानों को इस योजना के बारे में विशेष रूप से जानकारी दिलाने का भी आग्रह किया।


मुख्यमंत्री का स्वागत करते विधायक अजीत कुमार।

उन्होंने कहा की जमीन अधिग्रहण के मामले को लेकर किसान दिगभ्रमित है, इसलिए उन्हें प्रस्तावित योजनाओं के बारे में जानकारी देना बेहद आवश्यक है। श्री कुमार ने नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा से मड़वन स्थित रौतनिया कचरा डंपिंग प्लांट में कचरा प्रोसेसिंग का कार्य 31 जुलाई से पूर्व हर हालत में प्रारंभ कराने का आग्रह किया। वही मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी से मंत्री श्री मिश्रा ने इस कार्य को शीघ्र शुरू करवाने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर उपस्थित राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत तथा पुलिस महानिदेशक विनय कुमार का भी उन्होंने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## 2.75 करोड़ गबन मामले में ईओ रणधीर लाल की तलाश हुई तेज

### गिरफ्तारी के लिए फारबिसगंज में मुजफ्फरपुर पुलिस की छापेमारी


साहेबगंज के फरार घोटालेबाज पूर्व ईओ की गिरफ्तारी के लिए फारबिसगंज नगर परिषद कार्यालय में पहुंची मुजफ्फरपुर पुलिस।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** साहेबगंज नगर परिषद में अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान कथित वित्तीय अनियमितता और सरकारी राशि के गबन के आरोपों का सामना कर रहे फारबिसगंज नगर परिषद के वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) रणधीर लाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। 2 करोड़ 75 लाख 68 हजार 731 रुपये के कथित गबन मामले में उनकी गिरफ्तारी के लिए मुजफ्फरपुर के साहेबगंज थाना की पुलिस ने फारबिसगंज में छापेमारी की।

हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह कथित रूप से वहां से फरार हो गए। साहेबगंज थाना के दारोगा कुणाल कुमार के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से फारबिसगंज पहुंची। टीम ने सबसे पहले रणधीर लाल के सरकारी आवास पर दबिश दी, लेकिन वहां ताला लटका मिला। इसके बाद शनिवार दोपहर नगर परिषद कार्यालय में उनके कक्ष की तलाशी ली गई। पुलिस ने प्रभारी प्रधान सहायक कामाख्या नारायण उर्फ कुंदन सिंह सहित अन्य कर्मचारियों से पूछताछ भी की, लेकिन ईओ का कोई सुराग नहीं मिला। मामला साहेबगंज नगर परिषद में रणधीर लाल के कार्यकाल का बताया जा रहा है। वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद फिरोज ने 24 अप्रैल को इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि रणधीर लाल ने निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना 300 स्ट्रीट लाइट, एक रिफ्यूज कॉम्पेक्टर, हाई मास्ट लाइटिंग टावर और 50 सीसीटीवी कैमरों की खरीद की।

प्राथमिकी के अनुसार, निविदा नियमों की अनदेखी करते हुए कटिहार की एक निजी एजेंसी से खरीदारी की गई और 503 स्ट्रीट लाइट का जमीन पर इंस्टॉलेशन कराए बिना ही पूरा भुगतान कर दिया गया। आरोप है कि पूरी प्रक्रिया महज चार दिनों के भीतर पूरी कर एजेंसी के खाते में 2,75,68,731 रुपये की राशि हस्तांतरित कर दी गई।

ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि यह छापेमारी न्यायालय से वारंट जारी होने से पहले की आवश्यक कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यदि रणधीर लाल शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो पुलिस उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के लिए न्यायालय से अनुरोध करेगी। फिलहाल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है और मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

## राज्य सवात संघ की 6ठी वार्षिक आमसभा एवं बोर्ड कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न



संघ के नए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** स्थानीय डॉ. जगन्नाथ मिश्रा कालेज स्थित एम.पी.एस इंडोर स्टेडियम, चंदवारा में राज्य सवात संघ, बिहार की छठ्ठी वार्षिक आमसभा की बैठक सह कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सभी सदस्यों की सहमति से संजीव कुमार-अध्यक्ष, नंद कुमार -वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रंजीत प्रसाद श्रीवास्तव -उपाध्यक्ष, ई राहुल श्रीवास्तव- सचिव, सुरज कुमार -संयुक्त सचिव, शिल्पी सोनम- कोषाध्यक्ष, उपासना आनंद- ऑडिटर, रोहित कुमार प्रजापति - कार्यकारी सदस्य चुने गए।

साथ ही कमिशन में आशिफ अनवर- चेयरपर्सन रेफरी कमीशन, स्वीटी कुमारी चेयरपर्सन, एथलीट कमीशन व कमीशन के सदस्य के तौर पर सुनील कुमार, नितेश कुमार, हिमांशु राज, तन्नू श्री व रनवीर कुमार को चुना गया। इस छठ्ठी वार्षिक आमसभा की बैठक में बोर्ड के सदस्यों ने 7वीं बिहार स्टेट सवात चैंपियनशिप - 2026 के आयोजन की योजना पर चर्चा की। इसके साथ ही खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक करने के विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान कोषाध्यक्ष शिल्पी सोनम व ऑडिटर उपासना आनंद के द्वारा साल भर के लेखा जोखा के साथ बिहार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही रेफरी सेमीनार भी लगाया गया। ईस सेमीनार में बिहार के विभिन्न जिलों से लगभग 40 से ज्यादा ऑफिसियल भाग लिए व रेफरी जज बनाए गए।

## डॉ शिवदास पांडेय स्मृति पर्व का हुआ आयोजन, साथ हीं याद किए गए कविवर राजेंद्र प्रसाद सिंह

# डॉ शिवदास के लिखे प्रेम गीत आज भी जीवंत: दिनेश प्रभात

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** हिंदी गीत कविता के बड़े नाम डॉ शिवदास पांडेय की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को मिठनपुरा स्थित सुधांजलि में स्मृति पर्व समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से आए हुए हिंदी के प्रसिद्ध गीतकार और गीत गागर के संपादक दिनेश प्रभात उपस्थित रहे। वरिष्ठ कवित्री डॉ पूनम सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित स्मृति पर्व समारोह में अपने भावोद्गार व्यक्त करते हुए दिनेश प्रभात ने कहा कि आज सलीके का प्रेम गीत नहीं लिखा जा रहा है।


स्मृति पर्व समारोह को संबोधित करती वक्ता।

ऐसे में डॉ शिवदास पांडे जी ने जिस तरह के प्रेम गीत लिखे वे आज भी जीवंत है और उसकी यादें ताजी बनी हुई है। डॉ शिवदास पांडे बहुमुखी प्रतिभा के रचनाकार थे। उन्होंने साहित्य की सारी विधाओं में उत्कृष्ट लेखन किया, मगर उनके भाव प्रेम गीतों में खूब पल्लवित, पुष्पित हुए और वह हृदय स्पर्श करने की क्षमता रखते हैं। दिनेश प्रभात ने अपने कई गीत सुमधुर स्वर में प्रस्तुत किया और जब मुक्तक सुनाया - बुलाया प्यार से तुमने तो सर के बल चला आया, सुहानी झील की हर छोड़कर हलचल चला आया, इतना बता दो सिर्फ मुझे पानी बरसना है कहां, मैं अपने होंठ पर लेकर यहां बादल चला आया - तो गीत कविता की यह शाम शब्दों से आलोकित हो गई। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ संजय पंकज ने कहा कि आज एक ही साथ हम दो श्रेष्ठ रचनाकारों को प्रणाम अर्पित कर रहे हैं। नवगीत के प्रवर्तक राजेंद्र प्रसाद सिंह की जयंती है और परिबंध के प्रवर्तक गीतों के गंधर्व शिवदास पांडे जी की पुण्यतिथि है। दोनों एक दूसरे के प्रति अच्छा सम्मान भाव रखते थे। जहां राजेंद्र प्रसाद सिंह अपनी नित्य नूतन प्रयोगशीलता के लिए जाने जाते हैं वहीं शिवदास पांडे जी सांस्कृतिक परंपरा के मजबूत ध्वजवाहक रहे। उनके साहित्य में भारतीयता पूरे फैलाव के साथ है। आयोजन में अध्यक्ष वक्तव्य देते हुए डॉ पूनम सिन्हा ने कहा कि शिवदास पांडे जी के उपन्यास सांस्कृतिक और भारतीय ज्ञानात्मक पृष्ठभूमि पर आधारित है।उन्होंने समय के अनेक अनर्गल प्रश्नों का उत्तर दिया है। राजेंद्र प्रसाद सिंह के सृजन में नितांत मौलिकता और प्रसरनशीलता है। भोपाल से आई हुई कवित्री रश्मि सक्सैना और नीता सक्सेना ने अपने भवोद्गार के साथ ही अपनी कई रचनाओं का सुंदर पाठ किया। इस अवसर पर उद्गार व्यक्त करने वालों में अनीता सिंह, डॉ पुष्पा प्रसाद, एच एल गुप्ता, उदय नारायण सिंह, डॉ लोकनाथ मिश्र, रमेश केजरीवाल आदि के साथ ही दर्जनों साहित्य प्रेमी तथा शुभचिंतक जनो ने अपने उदगार ब्यक्त किए।

स्वागत संबोधन में डॉ वंदना विजय लक्ष्मी ने कहा कि जीवन भर प्यार बांटने वाले शिवदास पांडे जी सबके लिए स्नेह शील थे। दार्शनिक, प्रेमी, प्राकृतिक, सामाजिक और वैचारिकता के साथ ही उनके गीतों में सहजता है। उक्त अवसर पर डॉ सिद्धनाथ मिश्र और हिमाचल ने कई गीतों की प्रस्तुति दी। अतिथि के रूप में कलाकार शैलेश जी भी दिल्ली से पधारे थे, जिनके भजन और गीतों ने सबको भाव विभोर कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ विकास नारायण उपाध्याय ने कहा कि यह सुधानजलि सकारात्मक सोच और सृजनशील हर व्यक्ति का अपना परिवार है।

# देश के कवियों ने किये जानकी जन्मभूमि एवं पंथपाकर धाम के दर्शन

**सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा के निदेशक ने किया सबका स्वागत**

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** जगत जननी माता सीता जन्मभूमि पुनौरा धाम के दर्शन के लिए डॉक्टर भावना के नेतृत्व में सोलह कवियों का आगमन हुआं। सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा के निदेशक आग्नेय कुमार ने पंच तीर्थ दर्शन पुस्तिका प्रदान कर सबों का स्वागत किया। संरक्षक विमल कुमार परिमल ने सीता जन्मभूमि के पंच तीर्थ महत्व पर कवियों का मार्गदर्शन किया। पंथ पाकर धाम महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि जहां पिंड है, वही ब्रह्मांड है। मिथिला में पंथ पाकर धाम में मिट्टी के पिंड की पूजा होती है। बाल्मीकि रामायण के अनुसार यही पर श्री राम और परशुराम का मिलन हुआ है। श्री परशुराम संवाद के दौरान इनका क्रोध शांत हुआ है। दो राम का एकत्व यही हुआ है। श्री राम अयोध्या के पथ पर चलते है और भगवान परशुराम तपस्या हेतु प्रस्थान कर जाते है। दोनों को पथ इसी पंथ पाकर धाम में मिला है।जिसका साक्षी पाकर का विशाल पेड़ है।

पंथ पाकर धाम के महंत राम रेखा दास जी ने कवियों को संबोधित करते हुए शिव की कृपा से बसे पाकर पेड़ और विशाल वृक्ष की महत्ता समझाई। इसे शांति और प्रेम का प्रतीक बताया। नागपुष्प दर्शन कर कवि हर्षित हुए। सीता कुंड के जल से आचमन किया और पवित्रता का दिव्य अनुभव लिया। कवि अनिल झा ने अपनी पुस्तक हे राम से तुलसी पदावली सुनाई। तुलसी बाबा फिर से आओ नाव नाम की ठीक कराओ, हम बालक भटक रहे है दुर्मति अब दूर कराओ रचना सुनाई, जिसे भक्तों ने खूब सराहना की। इन्होंने दूसरी रचना सनेश भार यात्रा पर आधारित सुनाई जिसमें मिथिला के सनेश भार यात्रा की यादें है। राम लल्ला को धोती कुर्ता माताओं को सारी,भेज रहे है मिथिला वासी अभिलाषाएं सारी। गाकर झुमा दिए। बैंगलुरु से आए कवित्री इंजीनियर गरिमा सक्सेना ने अपनी रचना जनकपुर आए है रघुवर आज कण कण प्रमुदित है गाकर मंत्र मुग्ध कर दी। वही डॉक्टर भावना अपनी सभी कवित्री संग सामूहिक स्वर में गीत घूमती फिर रही जिस गली जानकी मै पली हूं वही पली थी जानकी,सब युगों से संग्राम होता रहा रावणों से जब जब छली जानकी गाकर सबका मन हर्षित आनंदित कर दी। नारी चेतना की शक्ति और पीड़ा हर्ष आनंद और वर्तमान नारी दुर्दशा पर आधारित रचना प्रभावशाली रहा। सीता जन्मभूमि पुनौरा धाम एवं पंथ पाकर धाम का दिव्य दर्शन कवियों ने किया।


पंथ पाकर धाम का दर्शन कर अविभुत हुई कवियों की टोली।

कवियों की टोली में प्रसिद्ध कवि विज्ञान व्रत नोयडा, अनिरुद्ध सिन्हा- मुंगेर, दिनेश प्रभात- भोपाल, हरि नारायण सिंह 'हरि'- समस्तीपुर, अनिल कुमार झा- देवघर, गरिमा सक्सेना- बैंगलुरु, कविता विकास नोयडा, डॉ अमर पंकज- गाज़ियाबाद, राहुल शिवाय- दिल्ली, रामनाथ 'बेखबर'- कोलकाता,डॉ. संजय पंकज मुजफ्फरपुर डॉ. भावना- मुजफ्फरपुर, नीता सक्सेना- भोपाल, रश्मि सक्सेना- भेपाल व साहित्यकार विमल कुमार परिमल शामिल थे। पंथ पाकर निवासी उपेन्द्र सिंह ने सभी कवियों को सीता जन्मभूमि प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

# भुतही थाना महिला हेल्प डेस्क प्रभारी अंबिका शर्मा महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सक्रिय

**सोनबरसा(एनएसबी)।** भुतही थाना में संचालित महिला हेल्प डेस्क की प्रभारी अंबिका शर्मा महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न तथा महिलाओं से संबंधित अन्य शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जा रहा है।

प्रभारी अंबिका शर्मा ने बताया कि महिला हेल्प डेस्क का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सहज वातावरण में अपनी समस्याएँ रखने का अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाती है तथा आवश्यक होने पर पीड़िताओं को उचित सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और कानूनी प्रक्रिया के तहत समाधान किया जाएगा। लोगों का कहना है कि सामाजिक जागरूकता, परामर्श और कानूनी सहायता के माध्यम से महिला हेल्प डेस्क क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। पुलिस प्रशासन ने भी आमजन से अपील की है कि महिलाओं से जुड़े किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए पॉश अधिनियम का पालन आवश्यक : शबनम

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के अंतर्गत संचालित वन स्टॉप सेंटर सीतामढ़ी की केंद्र प्रशासक शबनम कुमारी ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम, 2013) के संबंध में जन-जागरूकता संदेश जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक महिला को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त कार्यस्थल पर कार्य करने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि पॉश अधिनियम, 2013 का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, शिकायतों के प्रभावी निस्तारण तथा सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों से अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण कार्यस्थल सुनिश्चित करने की अपील की। शबनम कुमारी ने महिलाओं से आग्रह किया कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न की स्थिति में वे बिना संकोच संबंधित शिकायत निवारण तंत्र, पुलिस अथवा वन स्टॉप सेंटर, सीतामढ़ी से सहायता प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना समाज की साझा जिम्मेदारी है।


वन स्टॉप सेंटर, सीतामढ़ी की केंद्र प्रशासक शबनम कुमारी।

### फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में दो गिरफ्तार

**सोनबरसा(एनएसबी)।** सोनबरसा थाना पुलिस ने रविवार की दोपहर फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोनबरसा चौक स्थित देव कंप्यूटर नामक दुकान की तलाशी के दौरान चार आधार कार्ड, एक डेल कंपनी का लैपटॉप, एक रियलमी मोबाइल फोन तथा आधार कार्ड बनाने से संबंधित कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान दुकान के रैक में छिपाकर रखे गए चार आधार कार्ड बरामद हुए। साथ ही लैपटॉप और मोबाइल की जांच में कई लोगों के आधार कार्ड से संबंधित पावती रसीदों के फोटो एवं व्हाट्सएप चैट मिले, जिनसे फर्जी आधार कार्ड बनाने से जुड़े साक्ष्य प्राप्त होने का दावा किया गया है। इस मामले में दुकान संचालक कन्हौली थाना क्षेत्र के परसा खुर्द गांव निवासी राम एकवाल ठाकुर के पुत्र सरोज कुमार ठाकुर एवं स्टाप थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव निवासी प्रमोद पंडित के पुत्र दीपक कुमार से पूछताछ की गई, लेकिन वह आधार कार्ड बनाने से संबंधित कोई संतोषजनक जवाब या वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने सभी बरामद सामान को जब्त कर दोनों आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत भेज दिया। थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि थाना अभिलेख के अनुसार, सरोज कुमार के विरुद्ध पूर्व में भी फर्जी पैन कार्ड बनाने का मामला दर्ज है, जबकि दीपक कुमार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला लंबित बताया गया है।



### रंगों में झलकी बच्चों की कल्पनाशक्ति, मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा की चित्रकला प्रतियोगिता सफल

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में रविवार को बच्चों के बीच भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 125 नन्हे प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कल्पनाओं, संवेदनाओं एवं मन के भावों को रंगों और चित्रों के माध्यम से साकार किया। बच्चों की रचनात्मकता, कलात्मक अभिव्यक्ति और कल्पनाशीलता ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम संयोजिका दीपिका जाजोदिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनमें आत्मविश्वास और कला के प्रति रुचि का विकास करना है। प्रतियोगिता में निर्णायकों द्वारा उत्कृष्ट चित्रों का चयन कर प्रथम, स्थान सीदिक्षा, लबीशा, शिवांगी, द्वितीय अयांश कुमार, अमृता, आदया गुप्ता एवं तृतीय स्थान अखिल युवराज, दक्ष, राहुल पोद्दार व शिविरा विजंराजका को घोषित किया गया श्रेणी प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्कृति शाखा की अध्यक्ष पूनम गट्टानी, सचिव प्रीति टेकरीवाल एवं पूर्व अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता के संचालन एवं बच्चों का मार्गदर्शन करने में शिक्षिका सिमरन कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वही मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा ने भविष्य में भी बच्चों की प्रतिभा को निखारने को लेकर ऐसे प्रेरणादायी एवं सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

**कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शांतिपूर्ण रही मद्य निषेध दारोगा भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा**

# डीएम-एसपी ने केंद्रों का लिया जायजा

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना द्वारा रविवार को आयोजित "अवर निरीक्षक मद्य निषेध" प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम रिची पाण्डेय एवं एसपी अमित रंजन।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, पहचान सत्यापन, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती सहित परीक्षा संचालन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा की पारदर्शिता, गोपनीयता एवं निष्पक्षता हर हाल में बनाए रखी जाए। आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता, कदाचार अथवा अवांछित गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, सतत निगरानी एवं सघन जांच की व्यवस्था की गई है, ताकि अभ्यर्थी शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में परीक्षा दे सकें।

### तीन हथियार, कारतूस और मादक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**बैरगनिया(एनएसबी)।** सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बैरगनिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के अख्ता पश्चमी (चकवा) पंचायत के चकवा गांव से एक युवक को तीन हथियार, जिंदा कारतूस, मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

डीएसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की अहले सुबह पुलिस ने चकवा गांव में छापेमारी कर फैजान मंसूरी को सिंगल एवं डबल बैरल के तीन हथियार, जिंदा कारतूस, मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मंसूरी के विरुद्ध पूर्व से कई आपराधिक कांड दर्ज है। साथ ही वह जेल भी जा चुका है। बैरगनिया थाना पुलिस इस मामले में फिलहाल विस्तृत कोई जानकारी अभी साझा नहीं कर रही है।

# रिंगबांध सड़क निर्माण एजेंसी पोल के साथ कर रही सड़क का कालीकरण

**समाहर्ता के आदेश पर भी विद्युत व वन विभाग की नींद नहीं टूटी**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** निमार्णाधीन सीतामढी रिंग बांध सडक से विधुत पोल तथा पेड हटाने के समाहर्ता के आदेश के बावजूद वन विभाग तथा विधुत विभाग की सुस्ती टूट नही रही है। सडक निर्माण ऐजेन्सी विधुत पोल के साथ सडक का कालीकरण कर रहा है। पासवान चौक के समीप इसे देखा जा सकता है। संभव है गौशाला के तरफ भी ऐसा हो। पासवान चौक से उतर लखनदेई पुल तक कई जगह बीच सडक पर विधुत पोल तथा कई पेंड हैं। विधुत विभाग तथा वन विभाग की उदासीनता से आगे भी पोल और पेड के साथ हीं सडक निर्माण की संभावना है। इतना हीं नही 21 फीट सडक के अलावे 7 फीट फुटपाथ निर्माण के लिए भी सडकों के बगल में अभी तक मीट्टी का कार्य पूरा नही हो सका है। समाहर्ता द्वारा रिंग बांध सडक को स्वच्छ रखने हेतू नगर निगम को निर्देश दिया गया था कि सडक के अगल बगल में कचडा न डाला जाए, परन्तु निगमकर्मियों की लापरवाही से वार्ड-14, 15 तथा 16 के बीच पासवान चौक से उतर तथा आसपास का आवासीय क्षेत्र प्रदूषण का केन्द्र बना हुआ है। पासवान चौक निवासी रामकुमार पासवान तथा संजय पासवान ने बताया कि खुलेआम टैंकर से पाखाना का गंदा सडक किनारे उडेला जाता है। मना करने पर भी ऐसी हरकत बंद नही किया जा रहा है। इतना हीं नहीं आसपास के विवाह भवन वाले रात्रि में विवाह भवन का जूठन तथा कचडा सडक किनारे डलबा देता है, जिससे भारी वायु प्रदूषण फैल रहा है।

# शिवहर में जमीन विवाद में हुई किसान की हत्या खेत में गमछे से गला दबाकर उतारा मौत के घाट

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र के घुसूकपुर वार्ड संख्या-2 में रविवार को जमीनी विवाद को लेकर खेत में काम करने गए एक किसान की कथित तौर पर गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही तरियानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी। मृतक किसान की पहचान घुसूकपुर निवासी स्वर्गीय राम कलेवर राय के 55 वर्षीय पुत्र साहब राय के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार खेत और जमीन के स्वामित्व को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार को साहब राय अपने खेत में बीज उखाड़ने गए थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया। परिजनों का आरोप है कि उनकी गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी गई और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतक की पुत्रवधू शोभा देवी ने बताया कि उनके ससुर रोज की तरह रविवार को खेत में काम करने गए थे पहले से चल रहे जमीन विवाद को लेकर उन पर हमला किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उधर घटना को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। इस घटना को लेकर गांव में तनाव भी बढ़ता जा रहा है।

इस मामले में तरियानी थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया तथा आसपास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की। वहीं घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया गया है। हालांकि पुलिस अन्य संभावित कारणों की भी पड़ताल कर रही है। मृतक के परिजनों द्वारा शिकायत मिलने के पश्चात उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने मेहसौल में प्रस्तावित अल्पसंख्यक छात्रावास की भूमि का किया निरीक्षण


छात्रावास निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का निरिक्षण करने पहुँचे सीइओ।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मो. अतहर ने शनिवार को जिला अतिथि गृह, राजोपट्टी में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा एवं प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले की विभिन्न वक्फ संपत्तियों से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने सुन्नी वक्फ बोर्ड, सीतामढ़ी के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा उर्फ गौहर शमी को वक्फ संपत्तियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि वक्फ की भूमि सार्वजनिक एवं धार्मिक उद्देश्य की संपत्ति है, इसलिए इसकी सुरक्षा और संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के उपरांत मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने रुन्नीसैदपुर, गुदरी बाजार तथा मेहसौल पूर्वी वार्ड 28 में प्रस्तावित अल्पसंख्यक छात्रावास के लिए चिन्हित भूमि का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भूमि की अद्यतन स्थिति का आकलन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे सभी अतिक्रमणकारियों को अविलंब भूमि खाली करने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित समय के भीतर कब्जा नहीं हटाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर सचिव साजिद अली खान, गुंजन कुमार, मदरसा रहमानिया मेहसौल के पूर्व अध्यक्ष मो अरमान अली सहित वक्फ बोर्ड के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन ही जल संकट का स्थाई समाधान : रिटायर्ड बीडीओ घनश्याम महतो

**बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर हरित क्षेत्र बढ़ाया जाए, जिससे वर्षा का पानी भूमि में अधिक मात्रा में समा सके**

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** परिहार और सोनबरसा प्रखंड के कई गांव इन दिनों पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। भूजल स्तर लगातार नीचे जाने के कारण हैंड पाइप, चापाकल और निजी बोरवेल से पानी आना बंद हो गया है। कई स्थानों पर 100 से 200 फीट तक बोरिंग होने के बावजूद पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा, जिससे ग्रामीणों की दैनिक जीवनचर्या प्रभावित हो रही है।

सेवानिवृत्त बीडीओ घनश्याम महतो के अनुसार, अनियमित वर्षा, भूजल का अत्यधिक दोहन, तालाबों और पोखरों का अतिक्रमण एवं उपेक्षा, तथा लगातार घटते हरित क्षेत्र इस संकट के प्रमुख कारण हैं। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने जल संकट से राहत के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक पंचायत में पुराने तालाब, पोखर और आहर-पइन की सफाई, गहरीकरण और पुनर्जीवन कराया जाए। वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को सरकारी भवनों, विद्यालयों, पंचायत भवनों तथा निजी मकानों में अनिवार्य रूप से बढ़ावा दिया जाए। भूजल रिचार्ज के लिए रिचार्ज कुएं, सोख्ता गड्ढे और जल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण कराया जाए। बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाकर हरित क्षेत्र बढ़ाया जाए, जिससे वर्षा का पानी भूमि में अधिक मात्रा में समा सके। पेयजल संकट वाले गांवों में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकरों से जलापूर्ति और पाइपलाइन आधारित पेयजल योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। अनावश्यक जल दोहन पर नियंत्रण रखते हुए पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। हर पंचायत में जल स्त्रोतों की नियमित निगरानी कर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप दीर्घकालिक जल प्रबंधन योजना तैयार की जाए। उनका मानना है कि केवल नए चापाकल लगाने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। प्रशासन और आमजन की साझी भागीदारी से ही भविष्य के जल संकट से सुरक्षित रखा जा सकता है। घनश्याम महतो का मानना है कि अनियंत्रित पेड़ों की कटाई, प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग, भूजल का अत्यधिक दोहन, वर्षा जल का पर्याप्त संरक्षण नहीं होना तथा तालाब, पोखर और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों का अतिक्रमण एवं उपेक्षा वर्तमान जल संकट के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। पेड़ों की संख्या घटने से वर्षा का जल भूमि में कम समाता है और भूजल का पुनर्भरण प्रभावित होता है। वहीं, प्लास्टिक कचरा जल निकासी और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को भी प्रभावित करता है। इसलिए जल संकट के स्थायी समाधान के लिए जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी तथा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देना आवश्यक है।


पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी।

## सम्पादकीय

### भू-निबंधन का नया सवेरा : डिजिटल क्रांति और बुजुर्गों का सम्मान

बिहार सरकार का निबंधन विभाग राज्य में भूमि और संपत्ति की खरीद-बिक्री की प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी और आधुनिक बनाने के लिए एक अत्यंत ही ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम उठाने जा रहा है। इस नई पहल के तहत निबंधन कार्यालयों में पेपरलेस (कागज रहित) रजिस्ट्री की व्यवस्था लागू करने और बुजुर्गों तथा असहाय लोगों को घर बैठे निबंधन की सुविधा प्रदान करने की तैयारी की गई है। सुशासन और ई-गवर्नेंस की दिशा में यह एक ऐसा मील का पत्थर है जो न केवल आम नागरिकों के समय और धन की बचत करेगा, बल्कि दशकों से चली आ रही एक जटिल और थकाऊ व्यवस्था को पूरी तरह से बदल कर रख देगा। किसी भी राज्य के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उसकी प्रशासनिक नीतियां जनता के अनुकूल हों, और बिहार में निबंधन विभाग का यह फैसला इसी सकारात्मक सोच का परिचायक है।

इस नई व्यवस्था के सार्थक पक्षों की बात करें, तो इसके लाभ अत्यंत दूरगामी और व्यापक हैं। सबसे बड़ा फायदा पारदर्शिता और भ्रष्टाचार पर लगाम के रूप में सामने आएगा। पारंपरिक निबंधन प्रक्रिया में कागजातों के भारी-भरकम बंडल, कतारों में लगने की मजबूरी और प्रक्रिया की जटिलता के कारण आम लोग अक्सर बिचौलियों के जाल में फंस जाते थे। पेपरलेस रजिस्ट्री लागू होने से सारा काम डिजिटल प्लेटफर्म पर होगा, जिससे दस्तावेजों के सत्यापन से लेकर शुल्क जमा करने तक की प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी। इससे बिचौलियों की भूमिका स्वतः समाप्त हो जाएगी और आम जनता को अनावश्यक आर्थिक दोहन से मुक्ति मिलेगी। डिजिटल रिकार्ड रखने से दस्तावेजों के खोने, फटने या उनमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ होने की आशंका भी खत्म हो जाएगी। इसके साथ ही, यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी एक शानदार कदम है, क्योंकि हर दिन हजारों पन्नों की बचत होगी, जो अंततः पेड़ों के संरक्षण में योगदान देगा।

इस पहल का दूसरा और सबसे संवेदनशील तथा मानवीय पहलू बुजुर्गों और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को घर बैठे निबंधन की सुविधा देना है। उम्र के आखिरी पड़ाव में, जब चलना-फिरना दूभर हो जाता है, तब निबंधन कार्यालयों की भीड़-भाड़ में धक्के खाना, सीढ़ियां चढ़ना और घंटों इंतजार करना किसी भी बुजुर्ग के लिए एक बड़ी शारीरिक और मानसिक यातना से कम नहीं होता। कई बार गंभीर रूप से बीमार लोगों को एंबुलेंस या स्ट्रेचर पर कार्यालय लाना पड़ता है, जो अमानवीय प्रतीत होता है। घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा से ऐसे तमाम लोगों को इस असीम कष्ट से मुक्ति मिलेगी। विभाग के अधिकारी बायोमेट्रिक डिवाइस और लैपटप के साथ उनके घर जाकर निबंधन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। यह कदम दर्शाता है कि सरकार केवल तकनीकी रूप से ही उन्नत नहीं हो रही है, बल्कि उसमें नागरिकों के प्रति गहरी मानवीय संवेदना भी है। इससे बुजुर्गों के आत्मसम्मान की रक्षा होगी और उन्हें एक बड़ी राहत मिलेगी।

हालांकि, हर बड़े और क्रांतिकारी बदलाव के साथ कुछ स्वाभाविक चुनौतियां भी आती हैं, और बिहार के परिप्रेक्ष्य में इस नई व्यवस्था को धरातल पर उतारने में भी कई व्यावहारिक और तकनीकी दिक्कतें सामने आ सकती हैं। सबसे बड़ी चुनौती तकनीकी बुनियादी ढांचे और इंटरनेट कनेक्टिविटी की है। बिहार के शहरी इलाकों में तो स्थिति बेहतर है, लेकिन दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी हाई-स्पीड इंटरनेट और निर्बाध बिजली आपूर्ति की समस्या बनी रहती है। पेपरलेस रजिस्ट्री पूरी तरह से सर्वर और इंटरनेट पर निर्भर है। अगर सर्वर डाउन होने या वेबसाइट क्रैश होने की समस्या आम हो गई, तो लोगों को सुविधा के बजाय भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा, राज्य की एक बड़ी आबादी आज भी डिजिटल रूप से पूरी तरह साक्षर नहीं है। ऑनलाइन फर्म भरना, दस्तावेजों को स्कैन करके अपलोड करना और डिजिटल सिग्नेचर का उपयोग करना ग्रामीण और कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए एक बड़ी बाधा बन सकता है, जिसके कारण वे फिर से साइबर कैफे वालों या नए तरह के डिजिटल बिचौलियों पर निर्भर हो सकते हैं। बुजुर्गों को घर बैठे सुविधा देने की योजना में भी कुछ गंभीर व्यावहारिक चुनौतियां छिपी हैं। वृद्धावस्था में अक्सर लोगों के उंगलियों के निशान (फिंगरप्रिंट) घिस जाते हैं, जिससे बायोमेट्रिक सत्यापन में भारी परेशानी आती है। यदि फिंगरप्रिंट मैच नहीं हुए, तो घर बैठे रजिस्ट्री की यह सुविधा अधर में लटक सकती है। इसका विकल्प आईरिस (आंख की पुतली) स्कैन हो सकता है, जिसके लिए विभाग को अतिरिक्त और उन्नत उपकरणों की व्यवस्था करनी होगी। इसके अतिरिक्त, एक बड़ा खतरा पारिवारिक दबाव और धोखाधड़ी का भी है। कई बार परिवार के सदस्य संपत्ति हथियाने के लिए बुजुर्गों पर दबाव बनाते हैं।

# एक देश, एक चुनाव : संविधान की सबसे बड़ी परीक्षा



प्रमोद कुमार सिंह

शिक्षाविद

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां चुनाव केवल सरकारों के गठन की संवैधानिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता की सर्वोच्च सत्ता का सबसे जीवंत और व्यापक उत्सव हैं। प्रत्येक चुनाव यह सिद्ध करता है कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति संसद, विधानसभाओं या सरकारों में नहीं, बल्कि उस मतदाता में निहित है जो मतपेटी तक पहुंचकर संविधान में निहित जन सत्ता के सिद्धांत को जीवंत करता है। इसलिए भारत में चुनाव केवल राजनीतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास का सबसे बड़ा सार्वजनिक आयोजन हैं।

इसी लोकतांत्रिक व्यवस्था के केंद्र में आज एक देश, एक चुनाव का विचार राष्ट्रीय बहस का विषय बना हुआ है। यदि वर्ष 2029 से लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था लागू होती है, तो यह केवल चुनावी कैलेंडर का परिवर्तन नहीं होगा। यह भारतीय लोकतंत्र, संविधान, संघीय ढांचे, प्रशासनिक व्यवस्था, राजनीतिक दलों की कार्यशैली, चुनाव आयोग की भूमिका और मतदाता व्यवहार तक को प्रभावित करने वाला ऐतिहासिक परिवर्तन सिद्ध हो सकता है।

**इतिहास की ओर लौटती बहस : जब भारत में वास्तव में था एक देश, एक चुनाव :** यह समझना आवश्यक है कि एक देश, एक चुनाव कोई नई अवधारणा नहीं है। स्वतंत्र भारत के प्रथम आम चुनाव 1951-52 में लोकसभा और अधिकांश राज्य विधानसभाओं के चुनाव लगभग एक साथ कराए गए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के आम चुनावों में भी यही व्यवस्था बड़े पैमाने पर बनी रही। उस समय लोकसभा और अधिकांश विधानसभाओं का कार्यकाल लगभग समान था, इसलिए पूरे देश में एक ही चुनावी चक्र चलता था।

लेकिन 1967 के बाद भारतीय राजनीति में बड़ा परिवर्तन आया। कई राज्यों में गठबंधन सरकारें बनीं और गिरीं। विधानसभाएं समय से पहले भंग होने लगीं। इसके बाद 1970 में चौथी लोकसभा का समयपूर्व विघटन और 1971 में समयपूर्व लोकसभा चुनाव ने राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के चक्र को अलग-अलग दिशाओं में विभाजित कर दिया। धीरे-धीरे विभिन्न राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होना सामान्य व्यवस्था बन गई, जो आज तक जारी है।

इसलिए वर्तमान प्रस्ताव किसी नई व्यवस्था का आविष्कार नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत के प्रारंभिक चुनावी मडल को आज की परिस्थितियों के अनुरूप पुनर्सगठित करने का प्रयास माना जा सकता है। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि 1952 का भारत और 2029 का भारत राजनीतिक, सामाजिक और संघीय ष्टि से एक जैसे नहीं हैं। आज क्षेत्रीय दलों की भूमिका कहीं अधिक मजबूत है, गठबंधन राजनीति सामान्य वास्तविकता बन चुकी है और राज्यों की राजनीतिक पहचान पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली है।

**क्या बार-बार चुनाव विकास की गति को प्रभावित करते हैं :** समर्थकों का प्रमुख तर्क है कि भारत लगभग पूरे वर्ष चुनावी वातावरण में रहता है। किसी न किसी राज्य में चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता बार-बार लागू होती है। प्रशासनिक अधिकारी चुनावी कार्यों में लगते हैं, सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती करनी पड़ती है और सरकारी मशीनरी का एक बड़ा हिस्सा चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त रहता है। उनका मानना है कि यदि चुनाव एक साथ हों, तो शासन अधिक निरंतर और विकास अधिक केंद्रित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टि से भी यह तर्क दिया जाता है कि चुनावों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के बड़े संसाधनों का उपयोग होता है। यदि चुनावी चक्र एकीत हो जाए, तो इन संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग संभव हो सकता है।

> एक देश, एक चुनाव भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। यह न तो केवल आर्थिक बचत का विषय है और न केवल प्रशासनिक सुविधा का। यह भारतीय संविधान, संघवाद, जनादेश, लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व और शासन व्यवस्था के भविष्य से जुड़ा राष्ट्रीय विमर्श है। यदि यह व्यवस्था व्यापक राजनीतिक सहमति, संवैधानिक मर्यादा, राज्यों के अधिकारों के सम्मान और लोकतांत्रिक संतुलन को सुरक्षित रखते हुए लागू होती है, तो यह भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक सुधार सिद्ध हो सकती है।

**लेकिन क्या लोकतंत्र का मूल्य केवल आर्थिक बचत है :** यहीं से बहस का सबसे गंभीर पक्ष सामने आता है। लोकतंत्र का उद्देश्य केवल खर्च कम करना नहीं, बल्कि जनता की विविध आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। भारत का संविधान संघीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित है, जहां राज्यों की राजनीतिक पहचान और स्वायत्तता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी राष्ट्रीय एकता।

मतदाता अक्सर लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अलग-अलग प्राथमिकताओं के आधार पर मतदान करते हैं। इसलिए यह आशंका व्यक्त की जाती है कि यदि सभी चुनाव एक साथ होंगे, तो राष्ट्रीय मुद्दों का प्रभाव क्षेत्रीय मुद्दों पर बढ़ सकता है और छोटे तथा क्षेत्रीय दल अपेक्षात कमजोर पड़ सकते हैं। इसीलिए किसी भी सुधार का मूल्यांकन संघीय संतुलन की कसौटी पर भी होना चाहिए।

**संविधान की सबसे कठिन परीक्षा :** एक देश, एक चुनाव की सबसे बड़ी चुनौती चुनाव कराना नहीं, बल्कि संविधान के अनुरूप पूरे चुनावी चक्र का पुनर्गठन करना है। विधानसभाओं के अलग-अलग कार्यकाल, मध्यावधि में सरकारों का गिरना, अविश्वास प्रस्ताव, राष्ट्रपति शासन और समयपूर्व चुनाव जैसी परिस्थितियों का समाधान केवल प्रशासनिक निर्णयों से संभव नहीं होगा। इसके लिए व्यापक संवैधानिक सहमति, राजनीतिक संवाद और राज्यों का विश्वास अनिवार्य होगा।

**सुधार केवल चुनाव तक सीमित नहीं होने चाहिए :** यदि चुनावी सुधार की दिशा में आगे बढ़ना है, तो चुनावी वित्तपोषण की पारदर्शिता, राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण, राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र, चुनावी खर्च की निगरानी, मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया में तकनीकी पारदर्शिता जैसे विषयों पर भी समान गंभीरता से कार्य करना होगा।

**निष्कर्ष : प्रश्न केवल चुनाव का नहीं, लोकतंत्र के भविष्य का है :** एक देश, एक चुनाव भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। यह न तो केवल आर्थिक बचत का विषय है और न केवल प्रशासनिक सुविधा का। यह भारतीय संविधान, संघवाद, जनादेश, लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व और शासन व्यवस्था के भविष्य से जुड़ा राष्ट्रीय विमर्श है।

यदि यह व्यवस्था व्यापक राजनीतिक सहमति, संवैधानिक मर्यादा, राज्यों के अधिकारों के सम्मान और लोकतांत्रिक संतुलन को सुरक्षित रखते हुए लागू होती है, तो यह भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक सुधार सिद्ध हो सकती है। लेकिन यदि इस प्रक्रिया में लोकतांत्रिक विविधता, संघीय संतुलन या जनादेश की स्वतंत्र अभिव्यक्ति प्रभावित होती है, तो इसकी समीक्षा भी उतनी ही आवश्यक होगी।

अंततः किसी भी चुनावी सुधार की सफलता इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उससे कितना धन बचा, बल्कि इस बात से तय होगी कि क्या भारत का लोकतंत्र और अधिक मजबूत हुआ, संविधान और अधिक सुरक्षित हुआ, राज्यों का विश्वास और अधिक गहरा हुआ तथा मतदाता की आवाज पहले से अधिक प्रभावशाली बनी।

यदि इन सभी कसौटियों पर यह व्यवस्था खरी उतरती है, तभी एक देश, एक चुनाव भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक युगांतकारी अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

## नेटफ्लिक्स की ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज 7 अगस्त से रिलीज होगी

# कारगिल युद्ध में भारतीय वायु सेना की वीरता की कहानी

**नेटफ्लिक्स** ने घोषणा की कि भारतीय वायुसेना के सबसे चुनौतीपूर्ण युद्ध अभियानों में से एक पर आधारित नई मिलिट्री ड्रामा सीरीज ऑपरेशन सफेद सागर 7 अगस्त से दुनिया भर में स्ट्रीम होगी।

1999 के कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी ऑपरेशन सफेद सागर भारतीय वायुसेना की गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन की अब तक अनकही बहादुरी की कहानी दिखाती है।

> दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र में लड़े गए हवाई युद्ध की एक अनकही सच्ची कहानी पर आधारित यह सीरीज कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक ऑपरेशन सफेद सागर की वीरगाथा को दर्शकों के सामने पेश करती है।




कठिन परिस्थितियों और बड़ी चुनौतियों के बावजूद इस स्क्वाड्रन ने अपने मिशन को सफल बनाया। सीरीज में उनके साहस, बलिदान और देश के प्रति समर्पण को दिखाया गया है।

साथ ही, भारतीय सैन्य इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय को दर्शकों के सामने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है।

ऑपरेशन सफेद सागर का निर्देशन ओनी सेन ने किया है। इस सीरीज को अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव ने बनाया है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दिया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने कहा, नेटफ्लिक्स में हम हमेशा ऐसी नई और दमदार कहानियां दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं, जो पहले कभी नहीं बताई गईं।

ऑपरेशन सफेद सागर भी ऐसी ही एक कहानी है, जिसे भारतीय वायुसेना ने हम पर भरोसा करके दुनिया तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है। कारगिल युद्ध में भारतीय वायुसेना की भूमिका से प्रेरित यह भारत की अपनी तरह की पहली वेब सीरीज है।

यह सीरीज गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन के साहस, टीमवर्क और देश के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देती है। इसमें उन वायुसेना के जवानों की प्रेरणादायक कहानी दिखाई गई है, जिन्होंने अपने कर्तव्य से बढ़कर देश की सेवा की। इस सीरीज के जरिए दर्शकों को भारतीय वायुसेना के पायलटों का जीवन करीब से देखने का मौका मिलेगा। उनके साहस, उनकी रोजमर्रा की जिंदगी और देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए हर पल लिए जाने वाले महत्वपूर्ण फैसलों को इसमें वास्तविक रूप से दिखाया गया है।

बड़े स्तर पर फिल्मांकन, बेहतरीन प्रोडक्शन और शानदार विजुअल इफेक्ट्स के कारण यह सीरीज दर्शकों को वास्तविक युद्ध जैसा अनुभव देगी।

इस कहानी का निर्देशन ओनी सेन ने किया है, जबकि अभिजीत सिंह परमार, कुशल श्रीवास्तव और मेहबूब पाल सिंह ब्रार की युवा निर्माता और सह-निर्माता टीम ने इसे तैयार किया है। इस सीरीज में नए और अनुभवी कलाकारों का बेहतरीन मेल देखने को मिलेगा। दमदार और किरदार-आधारित कहानियां बनाने के लिए मशहूर मैचबक्स शट्स के साथ एक बार फिर काम करके हमें बेहद खुशी हो रही है।

# मानसून में निखर उठती है बिहार की प्राकृतिक खूबसूरती झरने एवं हरी-भरी वादियां पर्यटकों को करेगी आकर्षित

**मानसून** की पहली बारिश के साथ बिहार की प्राकृतिक धरोहर अपने मनमोहक रूप में नजर आने लगती है। हरी-भरी पहाड़ियां, कल-कल बहते झरने, बादलों से घिरी घाटियां और विशाल जलाशय पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। प्रदेश में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से विकसित कई पर्यटन स्थल इन दिनों प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद बन रहे हैं। मानसून में बिहार के ये स्थल किसी हिल स्टेशन से कम नहीं हैं। मानसून इन प्राकृतिक विरासत को नए रंगों से सजा देता है। रोहतास के झरनों की गूंज, नवादा के ककोलत की शीतल फुहारें, कैमूर के दुर्गावती जलाशय का मनोरम दृश्य, जहानाबाद के बराबर पहाड़ का ऐतिहासिक वैभव और राजगीर की रोमांचक सफारी मिलकर अविस्मरणीय अनुभव कराते हैं।

रोहतास जिले में तुतला भवानी जलप्रपात, मांझर कुंड और धुआं कुंड मानसून में पूरी भव्यता के साथ जीवंत हो उठते हैं।

तुतला भवानी में उंची चट्टानों से गिरती दूधिया जलधारा, मां भवानी मंदिर और चारों ओर फैली हरियाली आध्यात्मिकता व प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है।

वहीं मांझर कुंड का कल-कल बहता झरना और धुआं कुंड की धुएं जैसी उड़ती फुहारें पर्यटकों को रोमांचित कर देती हैं। इन स्थलों तक पहुंचने के लिए सासाराम रेलवे स्टेशन निकटतम है। पटना से सड़क मार्ग से लगभग 150-180 किमी की दूरी है। डेहरी-ऑन-सोन से तुतला भवानी करीब 20 किमी और सासाराम से मांझर-धुआं कुंड 10-15 किमी है।

नवादा जिले का ककोलत जलप्रपात लगभग 150 फीट की ऊंचाई से गिरती जलधारा, घने जंगल और ठंडी फुहारों के लिए प्रसिद्ध है।

वहीं कैमूर का दुर्गावती जलाशय विशाल जलराशि, हरियाली से ढकी पहाड़ियों और शांत वातावरण के कारण स्वर्ग जैसा अनुभव कराता है।

ककोलत पहुंचने के लिए नवादा से 33-43 किमी (फतेहपुर मोड़) या पटना से एनएच-31 के माध्यम से 150-175 किमी की यात्रा करनी पड़ती है। दुर्गावती जलाशय सासाराम-कुदरा-चेनारी मार्ग से पहुंचा जा सकता है।

जहानाबाद में मौजूद बराबर पहाड़ मौर्यकालीन रक कट गुफाओं के लिए जाना जाता है, जो मानसून में हरियाली की चादर ओढ़ लेता है। नालंदा स्थित राजगीर नेचर सफारी एवं जू सफारी रोमांच और प्राकृतिक सौंदर्य का बेहतरीन मेल है। यहां ग्लास स्काईवॉक, सस्पेंशन ब्रिज, घने जंगल और वन्यजीव सफारी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

बराबर पहुंचने के लिए जहानाबाद से 25 किमी सड़क यात्रा करें। राजगीर पटना से 100-110 किमी (2-3 घंटे) की दूरी पर है, जहां ट्रेन या बस से आसानी से पहुंचा जा सकता है।

## राज्य में इको-टूरिज्म को मिलेगा नया स्वरुप, 70 जगहें बनेगी पर्यटकों की पसंद

**राज्य सरकार** पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए इको-टूरिज्म को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में वर्तमान में 10 से 15 सक्रिय इको-टूरिज्म स्थल हैं, जबकि 24 से अधिक प्रमुख स्थलों को विकसित करने का काम तेज गति से चल रहा है। इनमें वन्यजीव अभयारण्य, राष्ट्रीय उद्यान, झीलें, जलप्रपात और पहाड़ियां शामिल हैं। सरकार ने 50 से अधिक नए स्पट्स चिन्हित किए हैं, जिससे अगले 5 वर्षों में कुल इको-टूरिज्म स्थलों की संख्या 60-70 तक पहुंचने की उम्मीद है।

राज्य के प्रमुख इको-टूरिज्म स्थलों में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (पश्चिम चंपारण) सबसे प्रमुख है, जो बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व है। तराई वनों, बाघों, हाथियों और विविध वन्यजीवों से भरपूर यह क्षेत्र नेपाल सीमा से सटा हुआ है। अन्य महत्वपूर्ण स्थलों में कैमूर वाइल्डलाइफ सैंजुअरी (झरनों और ट्रेकिंग के लिए प्रसिद्ध, दूसरे टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित हो रहा), भीम बांध वाइल्ड लाइफ , गौतम बुद्ध वाइल्डलाइफ सैंचुअरी, विक्रमशीला गंगा डॉल्फिन सैंचुअरी (नाव यात्रा से डाल्फिन देखने का अनोखा अनुभव), कांवर झील पक्षी अभ्यारण्य (एशिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील, सर्दियों में प्रवासी पक्षियों का स्वर्ग), राजगीर के पठार (ट्रेकिंग, हॉट स्प्रिंग्स और ग्लास ब्रिज), काकोलत जलप्रपात, घोरा कटोरा, बराबर-गुरूपा पहाड़ियां तथा सूरजपुर वेटलैंड्स जैसे क्षेत्र शामिल है।

सहरसा स्थित मत्स्यगंधा झील पर सोमेनियर शॉप, सुपर ट्री, ग्लास ब्रिज और एक्सपीरियंस सेंटर समेत अन्य सुविधाएं वर्ष 2026 तक पूरी कर ली जाएंगी। पश्चिम चंपारण के लव कुश पार्क और बाल्मीकि नगर में आइकनिक टूरिज्म पार्क का व्यापक विकास कार्य 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा मां मुंडेश्वरी धाम में धर्मशाला का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए जंगल सफारी और इको-टूरिज्म गतिविधियों को विशेष बढ़ावा दिया जाएगा।

इन सभी स्थलों पर नेचर ट्रेल्स, वच टावर, इको-कटेज, होमस्टे, डिजिटल साइनेज और इंटरप्रिटेशन सेंटर जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएगी हैं।

केदार प्रसाद गुप्ता, मंत्री (पर्यटन विभाग) का कहना है कि बिहार इको-टूरिज्म के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार का लक्ष्य स्थाई पर्यटन को बढ़ावा देना है, ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके। इन प्रयासों से न केवल देश-विदेश के पर्यटक आकर्षित होंगे, बल्कि बिहार की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर की भी रक्षा होगी। सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में अगले 5 वर्षो में 20 लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा है।

## प्रवचन

# अपने जीवन को सही दिशा देने वाला ही साधु : जीयर स्वामी

> चमत्कारी विद्या और साधक से रहे सावधान
>
> पंथ-पंथायी से होता है समाज दिग्भ्रमित


मानव जीवन दुर्लभ है। जो इसे सार्थक बना लिया वह साधु है। जो चूक जाता है, वह चक्र में फंस जाता है। जीवन-साध्य को साधने वाला जीवन और मृत्यु दोनों को मंगलमय बना लेता है। चूकने वाला पश्चाताप की अग्नि में जलते हुये मृत्यु को प्राप्त होता है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तहत राजा पृथु और सनकादि ऋषियों के संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि राजा पृथु ने ऋषियों से पूछा कि भगवत प्रेम का सहज उपाय क्या है । राजा के प्रश्न से भाव विभोर ऋषियों ने कहा कि भगवान से प्रेम करने लिये अनेक उपाय हैं।

उन्होंने 16 उपाय सुझाए, जिनमें 'गुरु एवं शास्त्र के वचनों पर विश्वास करना, प्रभु का प्रियवत, जो सदाचार है इसका पालन करना, ब्रह्म एवं जगत दोनों को जानना, योग-साधना करना, उपासना करना, रोज प्रभु के अवतार आदि कथा को सुनना, विषयी एवं धनाढ्य पुरूषों से दूर रहना, विषय वर्द्धक भोजन एवं वस्तु का त्याग, एकांत सेवन एवं अपने में संतुष्ट रहना, हिंसा का त्याग, आत्म कल्याण में तत्परता, प्रभु के चरित्र को सुनना, कामना-त्याग, यम-नियम आदि को करना, पर निंदा त्याग, योग क्षेम का प्रयत्न नहीं करना, सुख-दुख में सम रहना एवं परमात्मा भक्ति करना।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि वैदिक मर्यादा को मानने वाला वैष्णव होता है। जो वैदिक परंपरा मानते हैं, लेकिन जानते नहीं, वे स्मार्त हैं। स्मार्त केवल नारायण को मानते हैं, वही वैष्णव लक्ष्मी और नारायण दोनों को मानते हैं।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म पचास हजार करोड़ वर्ष पुराना है। अन्य धर्म और पंथ 5 हजार साल के भीतर के हैं। उन्होंने कहा कि हमारे ही लोग विधर्मियों से मिलकर हमारे ऊपर प्रभावी होने का प्रयास करते हैं, लेकिन सनातन धर्म आज भी सशक्त है। शास्त्रों में वैष्णव और स्मार्त, इन्हीं दोनों धर्मो की मान्यता है। पंथ-पंथाई समाज को दिग्भ्रमित करते हैं, लेकिन कुछ दिनों के बाद उनका अस्तित्व समाप्त हो जाता है। कई ऐसे



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

पंथ चले जिनकी धारा समाप्त हो गई। इसी तरह वर्तमान में भी दिखने वाले कई पंथ भविष्य में समाप्त हो जायेंगे। वैष्णव धर्म में चमत्कार का स्थान नहीं है, और चमत्कारी लोगों का वैष्णव पर कोई असर भी नहीं होता।

एक बार काशी नरेश के यहां एक अवधूत पहुंचे। उन्होंने अपना धर्म स्वीकार कराने के शर्त के साथ भिक्षा की याचना की। काशी नरेश उनके साथ श्मशान में गये। तीन दिनों की साधना के बाद आवाज आई कि 'वर मांगो।' काशी नरश ने कहा कि 'आप प्रकट होईए।' पुनः आवाज आई 'आप गायत्री मंत्र के उपासक हैं, आपके समक्ष जाने से जल जाऊं गा' । काशी नरेश हतप्रभ रह गये कि हमारे पास शक्ति है और उसकी जानकारी तक नहीं है। सनातन के समान कोई धर्म और साधना नहीं।

स्वामी जी ने कहा कि क्षणिक और चमत्कारी विद्या से किसी के साथ छल किया जा सकता है, लेकिन उसका उद्धार नहीं किया जा सकता। चमत्कारी साधक को मृत्यु के बाद नरक भोगना पड़ता है। जीवन में चमत्कारी साधना एवं साधक से बचना चाहिए।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### कारागार में विधिक जागरूकता कार्यक्रम, बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता की दी गई जानकारी

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) द्वारा ल फाउंडेशन के सहयोग से शनिवार को मोतिहारी केंद्रीय कारा के ई-मुलाकाती हेल्पडेस्क परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय ष्बंदियों को विधिक सहायता सेवाओं तक पहुँच हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) एवं प्रिजन लीगल एड क्लिनिक, 2022 के प्रभावी संचालनष् रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसीएस) उमेंद्र वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बंदी को संविधान और कानून के तहत निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। प्रिजन लीगल एड क्लिनिक बंदियों और न्याय व्यवस्था के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करता है तथा यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य कारणों से न्याय से वंचित न रहे। डीएलएसए के सचिव नितिन त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एसओपी का उद्देश्य प्रत्येक बंदी तक समयबद्ध एवं प्रभावी विधिक सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रिजन लीगल एड क्लिनिक केवल कानूनी परामर्श का केंद्र नहीं, बल्कि न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रत्येक पात्र बंदी को विधिक सहायता, विधिक परामर्श और आवश्यक कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।कार्यक्रम के दौरान बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, प्रिजन लीगल एड क्लिनिक की भूमिका, विधिक सेवा संस्थाओं द्वारा उपलब्ध सुविधाओं तथा उनके कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।इस अवसर पर सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल आर्य देव, ल फाउंडेशन के सुभेंदु एवं दीपशिखा, कारा प्रशासन के पदाधिकारी, पीएलवी मनोरंजन शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन कारागार में नियमित रूप से विधिक जागरूकता अभियान चलाने के संकल्प के साथ हुआ।

### गश्ती दल ने की संदिग्ध मोटरसाइकिल की जांच

**रक्सौल(एनएसबी)** अनुमंडल के हरपुर थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने थाना क्षेत्र में संध्या गश्ती एवं वाहन जांच के क्रम में सैनिक रोड घोड़ासहन चौक हरपुर के पास एक संदिग्ध मोटरसाइकिल की जांच की। जांच के दौरान उक्त मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई, जिसके संबंध में चालक संदीप कुमार मंडल, पितापरमेश्वर मंडल, ग्राम नायक टोला, थानाहरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय में भेजा।

### पहाड़पुर में शराब कांड व वारंटी समेत नौ गिरफ्तार

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** थाना पुलिस ने शनिवार को विशेष अभियान चलाकर शराब सेवन, शराब कांड के फरार आरोपितों और वारंटियों समेत कुल नौ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थाना के सहायक उप निरीक्षक अमित कुमार रंजन ने बताया कि कोटवा पंचायत के लखनीपुर निवासी मंटू कुमार (पिता-अमेरिका राम) तथा सरेया खाप निवासी नारायण चौधरी (स्व रघुनाथ चौधरी के पुत्र) को 15 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।इसके अलावा रंजीत यादव (सरेया खाप), रिंटू यादव (अहीर टोली), गणेश यादव (लुधियावा), संदीप प्रसाद (प्रताप टोला), छोटू यादव (लिपनी), शंभू शाह (कचहरी टोला) तथा सिपाही यादव (भरवलिया, थाना मलाही) को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया।एएसआई ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### विभिन्न मामलों में पांच गिरफ्तार

**कल्याणपुर।**पुलिस ने विभिन्न मामलों के आरोपी व वारंटी सहित पांच लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। जिसमें अलौला गांव निवासी वारंटी रामबाबू राम व रघुवर राम उर्फ रामप्रताप राम को गिरफ्तार किया गया। बहुआरा हरिवंश के धनई साह व दशई साह को गिरफ्तार किया गया। वहीं शम्भूचक निवासी पोक्सो एक्ट के अभियुक्त अमरजीत कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# रक्सौल कनाना में माहेर ममता निवास के नव निर्मित भवन का उद्घाटन
## एसएसबी डीआईजी,एसडीपीओ सहित अनेक अधिकारी थे मौजूद

**रक्सौल(एनएसबी)।** कनना में माहेर ममता निवास के नव निर्मित भवन का उद्घाटन एक कार्यक्रम के बीच मुख्य अतिथि एसएसबी डीआईजी (बेतिया)हरि प्रकाश ,एसएसबी कमांडेंट (मेडिकल)ड निशिकांत ,कार्यवाहक कमांडेंट संजय रावत,विशिष्ट अतिथि रक्सौल एसडीओ मनीष कुमार, रक्सौल एसडीपीओ मनीष आनन्द ,लेंड पोर्ट रक्सौल के प्रशासक कुमार राजीव रंजन ,सब जज-1 सुष्मिता कुमारीं ,माहेर के संस्थापक निदेशक सिस्टर लुशी कुरियन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम की शुरुआत गणेश बन्दना नृत्व से हुई। आगंतुक अतिथियो का स्वागत तथा संस्था को सहयोग करने वाले सहयोगियों को सिस्टर लुशी कुरियन ने पुष्प गुच्छ ,अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर किया।इस दौरान अतिथियो ने चार नव निर्मित भवन सेवाधाम,ममता निवासी, रोशनी निवास व अपना निवास का बारी बारी से उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिस्टर लुशी कुरियन व संचालन माहेर का स्थानीय प्रबंधक


उद्घाटन करते अधिकारी व उपस्थित अन्य लोग।

बिरेन्द्र कुमार ने की ।वक्ताओं ने माहेर ममता निवास के कार्यो की भूरी भूरी प्रशंसा की ,उन्होंने कहा जिसका कोई सहारा नहीं होता उसे माहेर ममता निवास अपनाता,इसी लिये माहेर ममता निवास को माँ का घर कहा जाता है। वक्ताओं ने कहा गरीब ,लाचार ,असहाय ,विकलांग ,अर्ध विक्षिप्त जो घर से निकल गए है, जो सड़क किनारे मैले कुचौले बस्त्रो में रहते है,लोगो का जूठे खाते है,तन पर बस्त्र नहीं , इलाज की कोई ब्यवस्था नहीं , उनकी जिी मौत से बतर बन गई हो ,वैसे लोगो को माहेर ममता निवास सहारा देता है,उसे मुफ्त में भोजन ,दवा,कपड़ा व रहने की ब्यस्था करता है,उसकी इलाज कराकर मानसिक स्थिति ठीक होने पर परिजनों से सम्पर्क करता है,परिजन अगर ले गए तो ठीक नही तो वही हमेशा के लिये आश्रय बन जाता है। इस नेक कार्य मे अपनी पूरा जीवन समर्पित कर देने वाली सिस्टर लुशी कुरियन का लोगो ने काफी प्रशंसा की । सिस्टर लुशी कुरियन ने कहा की माहेर पिछले 30 वर्षो से सेवा दे रही है।देश के सात राज्यो में 73 शाखाएं कार्य कर रही है।

पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा सिस्टर लुशी कुरियन को नारी शक्ति सम्मान भी मिला है।इस अवसर पर सहायक कमाण्डेन्ट (संचार)संजय कुमार, रक्सौल थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो,हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान, समाजसेवी महेश अग्रवाल,प्रमुख उधोगपति सर्वोत्तम गिरी , वार्ड पार्षद सोनू गुप्ता,रक्सौल टेक्सटाइल्स चेम्बर अफ कमर्स के अध्यक्ष ड अरुण कुमार गुप्ता,सचिव आलोक श्रीवास्तव,राजकुमार गुप्ता, लायंस क्लब के जोनल चेयर पर्सन बिमल सर्राफ,दिनेश गुप्ता, समाजसेवी रणजीत सिंह, शारदा कला केंद्र की निदेशिका शिखा रंजन ,महिला नेत्री पूर्णिमा भारती, पार्वती तिवारी, मीरा कुशवाहा,मीतू गुप्ता ,सोनू काबरा, सरोज गिरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे ।

## वर्ष 2005 के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सभी वर्गों के विकास के लिए लगातार कार्य हुआ : डा. खालिद अनवर

**चकिया।** बिहार विधान परिषद सदस्य सह अल्पसंख्यक कल्याण समिति के अध्यक्ष डा. खालिद अनवर रविवार को शहर के कुंअवा पहुंचे। यहां समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। समाजसेवी मो़ इश्तेयाक ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एमएलसी ने कहा कि वर्ष 2005 के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सभी वर्गों के विकास के लिए लगातार कार्य हुआ। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान के लिए तालीमी मरकज की स्थापना, अल्पसंख्यक छात्राओं को प्रोत्साहन राशि, मदरसों के शिक्षकों को अन्य शिक्षकों के समान वेतन सहित कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सामाजिक भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने के लिए सरकार ने सख्त कानून बनाए हैं। भागलपुर दंगा मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जांच समिति गठित कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की गई। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार नफरत फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी और राज्य का समग्र विकास ही सरकार का मुख्य एजेंडा है। मौके पर जदयू नेताओं में प्रखंड अध्यक्ष राजन पटेल, संजय सिंह, संजय मोदी, मो़ साजिद, मो़ बहाउद्दीन, गुलाम रब्बानी, मो़ मोईनुद्दीन अंसारी, लालबाबू गुप्ता, मो़ इमरान, रवि सर्राफ सहित अन्य कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।


एमएलसी को बुके देकर स्वागत करते लोग।

## बीस सूत्री कार्यान्वयन कार्य समिति सोनपुर की चौथी बैठक

**सोनपुर (एनएसबी)** बीस सूत्री कार्यान्वयन कार्य समिति सोनपुर की चौथी बैठक सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में एक बैठक शुक्रवार शाम आहूत की गई। जिसमें 20 सूत्री के पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ प्रखंड के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।इस बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष आदित्य कुमार छोटू के अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन सोनपुर बीडीओ अरोमा मोदी ने की। इस बैठक के मुख्य अतिथि सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह रहे। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के जन समस्या,विकास से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि,स्वच्छता, पशुपालन, जीविका,पी एच डी, मनरेगा,जनवितरण, विधुत, आवास सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की विषय में चर्चा की गई। वहीं दूसरी ओर शिक्षा, स्वास्थ्य अन्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों की बैठक में उपस्थित नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए सभी को स्पष्टीकरण देने की बात कही गई। बैठक में तय हुआ कि अगली बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारियों के उपस्थिति अनिवार्य होनी की बात कही गई। उपस्थित सभी विभाग के अधिकारी को चेतावनी भी दी गई की सभी योजनाओं के जमीन पर उतर कर सही ढंग से कार्य किया जाए.किसी भी व्यक्ति के बराबर कार्यालय दौड़ने से बचे। किसी भी विकासात्मक कार्य या जन समस्या के समाधान स -समय से करें। किसी प्रकार के शिकायत मिलने पर संबंधित विभाग के कर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में भाजपा के नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य मुकेश सिंह ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था काफी चिंताजनक है साथ ही समय-समय पर किट नाशक दवाओं एवं अन्य छिड़काओं की जरूरत है वही छत्रपति रोड से लकड़ी बाजार तक सड़क की मरम्मत और नाली की उगाही की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि राशन कार्ड में गरीब तबके लोगो के भी नाम काटे गए हैं उसकी जांच पड़ताल कर सही लाभुको को नाम जोड़ने और उसे सहायता प्रदान करने की बात कही गयी। जनवितरण में हों रही अनिमियत्ता व गुणवत्ता पूर्ण राशन उपलब्ध कराने की बात कही गयी। पीएचडी द्वारा खराब पडें चापाकल एवं नल जल योजना में जिन स्थानों पर खराब है उसे सुचारू रूप से चालू करने की भी बात कही गई साथ ही बराबर विद्युत कटौती व लो हाई वोल्टेज की समस्याओं को निदान करने की भी बात कही। बैठक के धनवाद ज्ञापन 20 सूत्री उपाध्यक्ष चंदेश्वर भारती ने किया। इस मौके पर सीओ राजकुमार, आर ओ -संजीव कुमार, बीपीआरओ राजेश कुमार,एमओ सौम्या सिंह, सीडीपीओ स्वेता सिंह, पीएचडी जेई अखिलेश, नगर सिटी मनैजर बी बी भास्कर, आवास प्रवेक्षक राकेश कुमार, कृषि पदाधिकारी अभिनव यादव, बीस सूत्री के सदस्य दीपक शर्मा, शशि भूषण सिंह, संजीत चौरसिया,शिवम कुमार,विमल चौरसिया सहित अन्य सदस्य व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठक करते पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## सड़क हादसा में अज्ञात वृद्ध महिला की मौत

**मेहसी(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के छपरा गोबिंद गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-28 (फोरलेन) पर रविवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक अज्ञात वृद्ध महिला की मौत हो गई। महिला को मोतिहारी से मुजफ्फरपुर की ओर जा रहे सुधा डेयरी के एक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही मेहसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाना लाई। मृतका की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है, ताकि परिजनों को सूचना दी जा सके।मेहसी थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्घटना में शामिल सुधा डेयरी का वाहन आगे बढ़ने के बाद मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर के समीप एक अन्य वाहन से भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी मोतीपुर थाना से प्राप्त की जा रही है।बताया जाता है कि यह हादसा रविवार रात करीब 8रू00 बजे हुआ। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मृतका की पहचान के संबंध में जानकारी रखता हो, तो वह मेहसी थाना से संपर्क कर सूचना दें, जिससे मृतका की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी जा सके।

## बिहार के राष्ट्रीय नेता है प्रशान्त किशोर : ब्रजेश मुनि

**फतुहा।** कबीर साई मन्दिर में अयोजित शनिवारीय सत्संग में बाकीपुर विधान सभा उप-चुनाव में जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार प्रशान्त किशोर पधारे। महंत ब्रजेश मुनि जी महाराज ने सत्संग करते हुए कहा कि प्रशान्त किशोर जी जैसे सपूत पर हम सभी को गर्व हैं। इनके मार्गदर्शन और वैचारिक सहयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और अब तमिलनाडु के यशस्वी मुख्यमंत्री विजय थलापति ने अपार सफलता प्राप्त की है। मुनिजी ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा का सौभाग्य है कि प्रशान्त किशोर इस क्षेत्र की जनता का नेतृत्व करने का संकल्प लिया है। ऐसे बिहार गौरव को अपना नेता बनाना बांकीपुर के लिए भी गौरव की बात होगी। प्रशांत किशोर एकमात्र ऐसे नेता हैं जो जाति, धर्म, वर्ण, वर्ग भेद से ऊपर उठकर जनता के हित के लिए सोचते हैं। एकमात्र राष्ट्रीय नेता हैं जिनकी लोकप्रियता पूरे देश में है। नेता के रूप में जिस मुख्यघ्मन्त्री विजय थलापति की वहीं के लोग पूजा करने लगे है। वह विजय थलापति भी प्रशान्त किशोर का आदर सम्मान करते हैं। इसीलिए हमारी शुभकामना तो है ही हमें पाटलिपुत्र की गौरव गरिमा को फिर से स्थापित करने के लिए प्रशान्त किशोर जी जैसे नेता को अपना नेतृत्व सौंपने की भावना करनी चाहिए । मुनिजी ने दलगत भावना से ऊपर उठकर पाटलिपुत्र की मान मर्यादा के लिए प्रशान्त किशोर को उपचुनाव में एक मुश्त समर्थन देकर जिताने का आहघ्वान किया और कहा कि प्रशान्त किशोर जी का व्यक्तित्व चरित्र, योग्यता, कौशल बिहार को जिस रूप में राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है वह हम सबके लिए भी गौरव है । पत्रकारों के पूछने पर प्रशान्त किशोर ने कहा कि सद्घ्गुरु कबीर साहेब के मानवतावादी उपदेशों के अनुसार मेरा नेतृत्व सबके लिए समान होगा। इस मंदिर में अपनी सबके प्रति समानता और मैत्री भाव का संकल्प दुहराता हूँ । नेतृत्व का अवसर मिला तो पाटलिपुत्र पुनरू प्रतिष्ठित होगा, जैसे चन्द्रगुप्त मौर्य एवं सम्राट अशोक महान के समय में विश्वविख्यात हुआ पाटलिपुत्र । उपस्थित संत अशोक दास हंस, कर्षण मुनि, प्रो सज्जन कुमार, डा इन्द्रजीत सहित सभी सत्संगियों ने महंथ ब्रजेश मुनि के आहवान का समर्थन किया।

## गंडक नदी में भीषण कटाव, ग्रामीणों में भय का माहौल

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** बाल्मिकीनगर गंडक बराज से छोड़े गए पानी के कारण नदी के जलस्तर में वृद्धि होते ही किनारों पर भीषण कटाव शुरू हो गया है। संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के पुछरिया तिवारी टोला के समीप लगातार कटाव जारी है। कटाव के कारण किसानों के खेतों में लगी गन्ने की फसल, सब्जी की फसलें सहित कई एकड़ जमीन नदी में विलीन हो गई है। कटाव के कारण किसानों व ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण विनोद तिवारी, झुनझुन पाण्डेय, धुरी ठाकुर, बीरबल ठाकुर , शशि तिवारी, रूपेश कुमार, जगन्नाथ मिश्रा सहित कई लोगों ने बताया कि जिस प्रकार से नदी में कटाव हो रहा है बाबू टोला व मलाही टोला वाला हाल हो जायेगा। आप को बताते चलें कि पिछले साल आई भीषण बाढ़ से उक्त दोनों जगहों पर दो दर्जन से अधिक घर नदी में विलीन हो गया और आज भी बहुत सारे पीड़ित चंपारण तटबंध पर शरण लिये हुए हैं। वहीं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नितेश कुमार सिंह व दियारा विकास मंच के अध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी ने प्रशासन से अभिलंब कटाव रोधी कार्य कराने की माँग की है। ताकि गांव को सुरक्षित बचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना था कि अगर विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती है तो इस स्थिति में पुछरिया गांव का भगवान ही मालिक है।


नदी के जलस्तर में वृद्धि होते ही किनारों पर भीषण कटाव ।

# दो बाइकों की आमने-सामने भीषण टक्कर, तीन युवकों की दर्दनाक मौत
## एसएच-74 पर हादसे के बाद मची अफरातफरी, दोनों बाइक के उड़े परखच्चे, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**मोतिहारी (एनएसबी)।** पूर्वी चम्पारण के गोविन्ज थाना क्षेत्र में रविवार को हाजीपुर-बेतिया मुख्य मार्ग (एसएच-74) पर भरलानारी पुल के समीप दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए।मृतकों की पहचान पीपरा कोठी थाना क्षेत्र के चन्दरहिया निवासी बृजकिशोर साह के 18 वर्षीय पुत्र अनीश कुमार, सलेमपुर जीवधार निवासी गणेश पंडित के 19 वर्षीय पुत्र रवी किशन तथा गोविन्ज थाना क्षेत्र के भेलानारी निवासी शत्रुध मिश्र के 31 वर्षीय पुत्र अतुल कुमार के रूप में हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गोविन्ज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को भी जब्त कर लिया है।गोविन्ज थानाध्यक्ष राजू मिश्र ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही।



## संक्षिप्त खबरें

## एक देश, एक चुनाव लोकतंत्र का महापरिवर्तन या संविधान की सबसे बड़ी परीक्षा : भरत कुमार
### राजद कार्यकर्ता बोलेचुनावी सुधार पर जल्दबाजी नहीं व्यापक राष्ट्रीय सहमति और संवैधानिक संतुलन जरूरी

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कट्टर समर्थक एवं सक्रिय कार्यकर्ता भरत कुमार ने श्एक देश, एक चुनावश् के प्रस्ताव को भारतीय लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाला विषय बताते हुए कहा कि यह केवल चुनावी व्यवस्था में बदलाव का प्रस्ताव नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और संघीय ढांचे की सबसे बड़ी परीक्षा है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर किसी भी प्रकार का निर्णय व्यापक राष्ट्रीय सहमति, संवैधानिक मर्यादाओं और सभी राज्यों की सहभागिता के आधार पर ही लिया जाना चाहिए। भरत कुमार ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां चुनाव केवल सरकार बनाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता की सर्वोच्चता का उत्सव हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से प्रशासनिक संसाधनों, सुरक्षा बलों और सरकारी धन पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यदि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं तो प्रशासनिक दक्षता बढ़ सकती है और सार्वजनिक संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो सकता है।हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रस्ताव के साथ कई गंभीर संवैधानिक प्रश्न भी जुड़े हैं। यदि किसी राज्य की सरकार समय से पहले गिर जाती है तो उसके बाद क्या व्यवस्था होगी, राज्यों के कार्यकाल में किस प्रकार समायोजन होगा तथा संघीय ढांचे की गरिमा किस प्रकार सुरक्षित रहेगीइन सभी प्रश्नों का संतोषजनक समाधान आवश्यक है।उन्होंने कहा कि अनेक संवैधानिक विशेषज्ञों की यह भी चिंता है कि एक साथ चुनाव होने पर राष्ट्रीय मुद्दे स्थानीय समस्याओं पर हावी हो सकते हैं। किसानों, युवाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और क्षेत्रीय विकास जैसे विषय अपेक्षित महत्व से वंचित हो सकते हैं। वहीं समर्थकों का मानना है कि भारतीय मतदाता राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों में अंतर करने की पर्याप्त क्षमता रखते हैं।भरत कुमार ने कहा कि भारत का लोकतंत्र समय-समय पर अनेक महत्वपूर्ण चुनावी सुधारों से मजबूत हुआ है और यदि भविष्य में श्एक देश, एक चुनावश् लागू होता है तो उसकी सफलता इसी बात पर निर्भर करेगी कि वह लोकतांत्रिक अधिकारों को मजबूत करे, जनता के विश्वास को बढ़ाए और संविधान की मूल भावना तथा संघीय व्यवस्था की गरिमा को अक्षुण्ण रखे। उन्होंने कहा कि श्एक देश, एक चुनावश् भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक संभावित निर्णायक मोड़ है। इसलिए इस विषय पर राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर गंभीर राष्ट्रीय विमर्श, व्यापक सहमति और संवैधानिक संतुलन के साथ ही आगे बढ़ना देशहित में होगा।


भरत कुमार, राजद नेता, बख्तियारपुर, बाढ

## औंटा में गंगा का रौद्र रूप, तेज कटाव से तटवर्ती इलाकों में बढ़ी दहशत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** मोकामा प्रखंड के औंटा क्षेत्र में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ कटाव भी तेजी से होने लगा है। नदी के तेज बहाव के कारण तटवर्ती इलाकों में लगातार मिट्टी का कटाव जारी है, जिससे किसानों की उपजाऊषि भूमि धीरे-धीरे गंगा में समाती जा रही है। कटाव की बढ़ती रफ्तार ने नदी किनारे बसे ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते प्रभावी कटावरोधी उपाय नहीं किए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से नदी का बहाव काफी तेज है। इसके कारण कई स्थानों पर खेतों की मेड़ें टूट रही हैं और उपजाऊभूमि का लगातार क्षरण हो रहा है। किसानों का कहना है कि वर्षो की मेहनत से तैयार की गई षि भूमि नदी की भेंट चढ़ती जा रही है, जिससे उनकी आजीविका पर भी संकट गहराने लगा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, हर वर्ष मानसून के दौरान गंगा का कटाव विकराल रूप धारण कर लेता है। बरसात के मौसम में यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। ग्रामीणों ने बताया कि कटाव की रफ्तार लगातार बढ़ने से नदी किनारे बसे परिवारों में भय का माहौल है। लोगों को आशंका है कि यदि कटाव इसी तरह जारी रहा तो भविष्य में आवासीय क्षेत्रों पर भी खतरा मंडरा सकता है।ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग एवं जिला प्रशासन से अविलंब कटावरोधी कार्य शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि संवेदनशील स्थानों पर बोल्डर पिचिंग, जियोबैग और अन्य सुरक्षात्मक उपाय तत्काल किए जाएं, ताकि षि भूमि और आबादी को संभावित नुकसान से बचाया जा सके। लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र का सर्वेक्षण कर स्थायी एवं वैज्ञानिक उपाय अपनाने की भी अपील की है।ग्रामीणों का कहना है कि गंगा का बढ़ता कटाव केवल खेतों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसानों का मानना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में नुकसान और अधिक बढ़ सकता है। स्थानीय लोगों को अब जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग की त्वरित कार्रवाई का इंतजार है, ताकि कटाव पर नियंत्रण पाकर लोगों की चिंता दूर की जा सके।


गंगा नदी की तेज धार से कटाव।

## फोरलेन पर अपराधियों की अब खैर नहीं, बेढ़ना और बख्तियारपुर में खुलेगी पुलिस टीओपी
### बढ़ते अपराध पर अंकुश की बड़ी पहलय एसडीपीओ रामष्ण बोले हाईवे पर चौबीसों घंटे निगरानी, त्वरित पुलिस कार्रवाई और सुरक्षा होगी और मजबूत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल में फोरलेन पर लगातार सामने आ रही लूट, छिनतई, वाहन चोरी और हत्या जैसी घटनाओं के बीच पुलिस प्रशासन ने अपराधियों पर शिकंजा कसने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। जल्द ही बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढ़ना तथा बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के फोरलेन पर पुलिस टीओपी (टाउन आउट पोस्ट) स्थापित की जाएगी। पुलिस का मानना है कि इन स्थायी चौकियों के शुरू होने से हाईवे पर अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा और किसी भी घटना पर पुलिस की प्रतिक्रिया पहले से कहीं अधिक तेज होगी।एसडीपीओ रामष्ण ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात, अपराध की आशंकाओं और हाल के आपराधिक मामलों को देखते हुए इन दोनों रणनीतिक स्थानों पर पुलिस टीओपी खोलने का निर्णय लिया गया है। इसके माध्यम से हाईवे पर नियमित गश्त, संदिग्ध वाहनों की सघन जांच, रात्रिकालीन निगरानी तथा आपात स्थिति में त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि बेढ़ना और बख्तियारपुर फोरलेन अपराध नियंत्रण की ष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बिंदु हैं। यहां पुलिस की स्थायी तैनाती से अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनेगा, जबकि राहगीरों, व्यापारियों और लंबी दूरी के यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार नई टीओपी आधुनिक संचार प्रणाली और तकनीकी संसाधनों से लैस होगी। चौबीसों घंटे निगरानी, नियमित पेट्रोलिंग और त्वरित रिस्पांस सिस्टम के जरिए संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर आसपास के थानों के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल कार्रवाई भी की जाएगी।पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस पहल से न केवल बाढ़ अनुमंडल में कानून-व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों यात्रियों की सुरक्षा भी पहले की तुलना में अधिक सुढ़ होगी। स्थानीय लोगों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि फोरलेन पर बढ़ते अपराध पर प्रभावी अंकुश लगेगा और आम लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत होगा।

# कोशी के विकास पुरुष सांसद दिनेश चंद्र यादव कोशी रत्न सम्मान से सम्मानित

## जिला परिषद परिसर में उमड़ा जनसैलाब, उत्कृष्ट लोकहितकारी व विकास कार्यों के लिए हुआ नागरिक अभिनंदन।





सांसद को सम्मानित करते जिलावासी, मौके पर तमाम जिलेवासी

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी विकास संघर्ष मोर्चा एवं कोशी क्षेत्र के नागरिकों, बुद्धिजीवियों, व्यवसायियों, शिक्षाविदों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिला परिषद परिसर, सहरसा में भव्य कोशी रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद दिनेश चंद्र यादव को कोशी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, उत्कृष्ट लोकहितकारी कार्यों एवं जनसेवा के प्रति उनके समर्पण के लिए कोशी रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह की अध्यक्षता कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष विनोद कुमार झा ने की, जबकि मंच संचालन जनता दलयू के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया ने किया। मौके पर जिलाव्यापार संघ अध्यक्ष अर्जून चैधरी, सलेन्द्र षेखर तथा कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं बुद्धिजीवी वर्ग सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरे जिला परिषद परिसर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। सांसद के आगमन पर पुष्पवर्षा, माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न मोमेंटो भेंट कर उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने सांसद दिनेश चंद्र यादव को सहरसा-मानसी रेलखंड के दोहरीकरण, मानसी, सिमरी बख्तियारपुर, सहरसा, हरदी चैघारा स्टेट हाईवे, हवाई अड्डा का विस्तार, मत्स्यगंधा ग्लास ब्रिज, एफएम रेडियों स्टेशन सहित कोशी क्षेत्र में कराए गए ऐतिहासिक विकास कार्यो के लिए सम्मानित किया।अपने संबोधन में सांसद दिनेश चंद्र यादव ने सम्मान के लिए कोशी की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, पद बड़ा नहीं होता, जनसेवा का संकल्प बड़ा होता है। जनप्रतिनिधि का वास्तविक सम्मान तभी है, जब उसके कार्यो से समाज और क्षेत्र का विकास हो। यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि कोशी की जनता के विश्वास, संघर्ष और विकास की आकांक्षा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि सहरसा-मानसी रेलखंड का दोहरीकरण कोशीवासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसके पूरा होने से रेल परिचालन अधिक सुगम होगा, यात्रियों का समय बचेगा तथा रोजगार, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुँच पहले से कहीं अधिक आसान होगी। यह परियोजना पूरे कोशी क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। सांसद ने कहा कि मानसी-सिमरी बख्तियारपुर-सहरसा-हरदी चैघारा स्टेट हाईवे केवल एक सड़क नहीं, बल्कि विकास की जीवनरेखा है। यह परियोजना दूर-दराज के गांवों को शहरों से जोड़ेगी, किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराएगी, विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों तक पहुँचने में सुविधा देगी तथा स्वास्थ्य, व्यापार, उद्योग और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के सपनों को अवसरों से जोड़ने वाली विकास की नई धुरी बनेगी। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सांसद दिनेश चंद्र यादव ने वर्षों से कोशी क्षेत्र के विकास को अपना ध्येय बनाया है। जब सहरसा तक ब्रॉड गेज बड़ी रेल लाइन की मांग वर्षों से लंबित थी, तब उन्होंने जनआंदोलन का नेतृत्व किया और लगातार संघर्ष कर इस मांग को सरकार तक पहुँचाया। उनके अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज सहरसा रेल विकास के क्षेत्र में नई पहचान बना चुका है। वक्ताओं ने कहा कि सांसद के प्रयासों से सहरसा-मानसी रेलखंड के दोहरीकरण, स्टेट हाईवे परियोजनाओं, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, रेलवे अवसंरचना के विस्तार, कोशी पर महत्वपूर्ण महासेतुओं एवं रेलवे पुलों के निर्माण, तथा सहरसा में हवाई सेवा की स्वीकृति जैसी अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ संभव हुई हैं। इन परियोजनाओं ने कोशी क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार, पर्यटन, उद्योग और आधारभूत संरचना के विकास को नई दिशा दी है। वक्ताओं ने कहा कि सांसद दिनेश चंद्र यादव ने केवल घोषणाएँ नहीं कीं, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारकर यह सिद्ध किया कि दृढ़ इच्छाशक्ति, सतत प्रयास और जनसेवा के संकल्प से किसी भी क्षेत्र की तस्वीर बदली जा सकती है। आज कोशी क्षेत्र सड़क, रेल, पुल, शिक्षा और संपर्क व्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका श्रेय उनके निरंतर प्रयासों को जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्पदंश या कुछ और? विवाहिता की संदिग्ध मौत से उठे सवाल, मायके पक्ष ने जताई हत्या की आशंका

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** काशनगर थाना क्षेत्र के मोरा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मृतका की पहचान राहुल राम की पत्नी सविता देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शनिवार रात घर में सोने के दौरान सविता देवी को विषैले सर्प ने काट लिया। इसके बाद पहले झाड़-फूंक कराई गई, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवर्षा राज ले जाया गया। वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। इधर, मृतका के पिता समेत मायके पक्ष के लोगों ने घटना को महज सर्पदंश से हुई मौत मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि ससुराल में पहले से घरेलू विवाद चल रहा था। हालांकि, इन आरोपों की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया और तत्काल पुलिस को भी सूचना नहीं दी गई। इस संबंध में काशनगर थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार ने बताया कि अब तक थाना में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर मामले की जांच कर विधि-सम्मत आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस फिलहाल शिकायत का इंतजार कर रही है। आवेदन मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की जांच शुरू होने की संभावना है।



### प्रेम-प्रसंग में हुई रूपेश साह की हत्या, दंपति गिरफ्तार; पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत सोनवर्षा राज के वार्ड संख्या-6 निवासी रूपेश साह हत्याकांड का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए प्रेम-प्रसंग को हत्या की मुख्य वजह बताया है। मामले में पुलिस ने एक दंपति को गिरफ्तार किया है। रविवार को सोनवर्षा राज थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में सिमरी बख्तियारपुर के एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि 10 जुलाई की सुबह रूपेश साह का शव उनके घर से करीब 40 मीटर दूर स्थित गोशाला बासा पर से बरामद हुआ था। इस संबंध में सोनवर्षा राज थाना कांड संख्या-145/26 दर्ज कर एफएसएल टीम, तकनीकी साक्ष्यों तथा मोबाइल सीडीआर के आधार पर गहन जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मनोरी वार्ड संख्या-6 निवासी आशोक साह उर्फ कैला (34) और उसकी पत्नी वीणा देवी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपी आशोक साह की निशानदेही पर मृतक का क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित एक तालाब से बरामद किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण प्रेम-प्रसंग सामने आया है। हालांकि मामले की विस्तृत जांच अभी जारी है और पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। प्रेस वार्ता में नागमणि कुमार, राजा कुमार, विवेक कुमार सहित अनुसंधान टीम के अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



### बाइक की टक्कर से महिला की मौत, चालक मौके से हुआ फरार, पोते के अंतिम दर्शन के लिए जा रही थी

**सहरसा (एनएसबी)।** शनिवार देर रात तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। घटना जलई थाना क्षेत्र की है। मृतका की पहचान दरभंगा जिले के कुशेश्वर स्थान थाना क्षेत्र के बलाठ गांव निवासी बिसो मुखिया पत्नी सबिया देवी (45) के रूप में हुई है। सबिया देवी अपने पति के साथ पैदल सहरसा जिले के जलई थाना क्षेत्र के घोघेपुर जा रही थीं। वे अपनी भतीजी के बेटे की आकस्मिक मौत के बाद उसे देखने जा रहे थे। इसी दौरान घोघेपुर पंचायत के भिण्डा के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक सवार ने सबिया देवी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल सबिया देवी को परिजन इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे तीन बेटे और एक बेटी छोड़ गई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार बाइक चालक की तलाश कर रही है। जलई थाना अध्यक्ष ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मौत हुई है और शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



### बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की परीक्षा को लेकर सहरसा पुलिस पूरी तरह सतर्क, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अंतर्गत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सहारसा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की तैनाती की गई। परीक्षा के दौरान सभी अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित किया गया तथा संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। परीक्षा केंद्रों का वरीय पुलिस अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशासन ने परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वित प्रयास से परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, कदाचार अथवा कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### मनौरी चैक में मेडिलॉक क्लीनिक का हुआ शुभारंभ, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की जगी उम्मीद

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर पंचायत के मनौरी चैक स्थित रविवार को मेडिलॉक क्लीनिक का विधिवत शुभारंभ किया गया। क्लीनिक के खुलने से क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। उद्घाटन समारोह में डॉ. विकास कुमार सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन मनीष कुमार, मुखिया राकेश कुमार, उपमुखिया राजेश यादव, उपसरपंच सुशील यादव, टंडन पुरुषोत्तम, नारायण गुप्ता, मुरारी सिंह, पैक्स अध्यक्ष संजय साह, वरिष्ठ पत्रकार अनिल वर्मा, इन्द्रजीत सिंह, विप्लव सिंह, रामशेठ साह सहित कई गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के निदेशक सह क्लीनिक के व्यवस्थापक दीपक कुमार ने सभी अतिथियों का मिथिला की संस्कृति के अनुसार पाग एवं चादर ओढ़ाकर सम्मान किया। उन्होंने बताया कि मेडिलॉक क्लीनिक का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर बेहतर चिकित्सकीय परामर्श, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं तथा समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। लोगों ने क्लीनिक की शुरूआत का स्वागत करते हुए कहा कि इससे अब स्थानीय मरीजों को छोटी-बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।



# बहियार से लौट रही महिला की 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर क्षेत्र के लगमा पंचायत के वार्ड संख्या 13 स्थित राम टोला निवासी 45 वर्षीय देवदई देवी, पति मनोज राम, की शनिवार को 11 हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही को इस हादसे का मुख्य कारण बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवदई देवी धान की रोपनी का कार्य कर बहियार से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान वार्ड संख्या 11 के समीप बिजली के पोल से जुड़े 11 हजार वोल्ट के हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गईं। करंट लगते ही वह मौके पर ही तड़पने लगीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला लगभग 15 मिनट तक करंट की चपेट में रही, लेकिन बिजली प्रवाहित होने के कारण कोई भी व्यक्ति उन्हें बचाने का साहस नहीं जुटा सका। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तत्काल सिमरी बख्तियारपुर थाना को दी। सूचना मिलने के लगभग आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी थानाअध्यक्ष अमित कुमार ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के पति मनोज राम दिहाड़ी मजदूर हैं। परिवार में चार बेटियां तथा दो बेटे हैं, जिनमें एक की उम्र लगभग 25 वर्ष और दूसरे की 12 वर्ष बताई जा रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है, ऐसे में इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के बाद जब बिजली विभाग के एसडीओ रवि कुमार पासवान से संपर्क किया गया तो उन्होंने हादसे के कारणों पर स्पष्ट जवाब देने के बजाय मुआवजे की प्रक्रिया की बात कही। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी और बढ़ गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में जर्जर एवं असुरक्षित बिजली व्यवस्था के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन विभाग आवश्यक सुधारात्मक कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मृतका के परिजनों को उचित मुआवजा, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को सुरक्षित बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# पीएम सूर्य घर योजना से बिजली खर्च होगा कम, पर्यावरण संरक्षण को भी मिलेगा बढ़ावा: अमित कुमार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले में घरेलू उपभोक्ताओं के बीच रूफटॉप सोलर लगाने के प्रति जागरूकता और रुचि लगातार बढ़ रही है। यह योजना स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के बिजली खर्च को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। विद्युत कार्यपालक अभियंता ई.अमित कुमार ने बताया कि योजना के तहत पात्र घरेलू उपभोक्ता अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। सोलर प्लांट से उत्पादित बिजली का उपयोग घर की दैनिक जरूरतों के लिए किया जा सकता है। यदि उत्पादन आवश्यकता से अधिक होता है, तो अतिरिक्त बिजली विद्युत ग्रिड में भेजी जा सकती है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ भी प्राप्त होता है। विभाग के अनुसार, रूफटॉप सोलर अपनाने से लंबे समय तक बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आती है। साथ ही यह पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम कर पर्यावरण संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देता है। यही कारण है कि जिले के अनेक उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर रहे हैं। बिजली विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करें।



## नवपदास्थापित डीईओ व आरडीडीई का शिक्षक संघ ने जताया हर्ष

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले मे नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहित रौशन एवं क्षेत्रीय निदेशक सईद अंसारी का जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के नेताओं द्वारा औपचारिक भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। वही नये पदाधिकारी से शिक्षा व शिक्षकों की हालात बदलने की आशा व्यक्त कर हर्ष जताया। मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष सह प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव अंजना सिंह ने बताया हमारे वरिष्ठ अभिभावक नुनु मणि सिंह, ऑल इंडिया फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष, नुनु मणि सिंह, सचिव मार्शल सिंह, अध्यक्ष प्रसून सिंह ने, नये डीईओ को सम्मानित किया। वही शिक्षको की समस्या के संबंध में तत्काल समाधान हेतु जानकारी साझा की गई। विशेष रूप सें अंजना सिंह ने महिला शिक्षिकाओं की समस्या से भी अवगत कराते हुए तत्काल समाधान की मांग की।



## श्रावणी मेले की तैयारियों को लेकर बाबा मट्टेश्वर मंदिर न्यास समिति की बैठक संपन्न

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र में श्रावणी माह में लाखों श्रद्धालुओं और कांवरियों के आगमन को देखते हुए बलवाहट स्थित प्रसिद्ध बाबा मट्टेश्वर धाम मंदिर परिसर में रविवार को न्यास समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ आलोक राय ने की। बैठक में श्रावणी मेले को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था करने तथा विशेष रूप से डाक बम कांवरियों के लिए अलग सुविधाएं उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। इसके अलावा कांवरिया पथ पर वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने, पर्याप्त संख्या में अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था करने, पार्किंग स्थल विकसित करने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी बैरिकेडिंग करने का निर्णय लिया गया। श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से दर्शिनिया चैक से चपराव तक सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने पर भी चर्चा हुई।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर एक संगोष्ठी आयोजित



संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष (शताब्दी वर्ष) पूरे होने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहरसा द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में श्युवा संवादश के तहत राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी डॉ. अरुण कुमार जायसवाल, विभाग प्रचारक सुमित जी और सिंडिकेट सदस्य मेजर डॉ. गौतम कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।संवाद कार्यक्रम में शहर के बड़ी संख्या में युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस संगोष्ठी में मुख्य ट्रस्टी डॉ अरुण कुमार जायसवाल ने राष्ट्र निर्माण के प्रति युवाओं के दायित्वों और उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने पर विशेष जोर दिया। उनहोंने इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि सेवा, संगठन, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्कारित, संगठित और जागरूक युवा ही विकसित, आत्मनिर्भर एवं गौरवशाली भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला रख सकते हैं। उन्होंने युवाओं को समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की प्रेरणा दी। आर एस एस के विभाग प्रचारक सुमितजी. ने कहा कि भारत आज अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों का स्थायी और प्रभावी समाधान तभी संभव है, जब देश का युवा वर्ग राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति सजग बने। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक सोच, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के साथ आगे बढ़ने का आग्रह कियारू उन्होंने ने संघ के शताब्दी वर्ष के लक्ष्य श्पंच परिवर्तनश को युवाओं तक पहुँचाया इसके तहत सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन, कुटुंब प्रबोधन (पारिवारिक मूल्य), और स्वदेशी/ स्वाभिमान का प्रसार विषय पर विषतार से चर्चा किया। सिंडिकेट सदस्य मेजर डॉ गौतम कुमार ने कहा कि अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक होती है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा, विकास और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में युवाओं का सकारात्मक योगदान अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं को अपने व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।इस अवसर पर ज्ञानू, ललन सिंह, प्रखर, मनोज, सनोज सहित भारी संख्या में युवा उपस्थित थे।अंत में सिंडिकेट सदस्य द्वारा संकल्प भी कराया गया

# 31.28 लाख की विकास योजनाओं की सौगात

## दो पीसीसी सड़कें और नाली बनेंगी

दैनिक नवसंदेश

**खगड़िया।** नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र में विकास कार्यों का सिलसिला लगातार गति पकड़ रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाला, पुलिया, सामुदायिक शौचालय, पार्क, पोखर सौंदर्यीकरण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

इसी क्रम में वार्ड संख्या-39 के लोगों को करीब 31 लाख 27 हजार 830 की दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की सौगात मिली। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने दोनों योजनाओं का फीता काटकर उद्घाटन किया। पहली योजना के तहत 18 लाख 59 हजार 200 रुपए की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। वहीं दूसरी योजना के तहत 12 लाख 68 हजार 630 रुपए की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य का भी उद्घाटन नगर सभापति ने किया।



योजना का उद्घाटन करतीं नगर सभापति अर्चना कुमारी और अन्य।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करती हुई नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल योजनाएं स्वीकृत कराना नहीं, बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कर जनता को समर्पित करना है। उन्होंने कहा कि सड़क और नाला किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होते हैं। बेहतर सड़क से आवागमन सुगम होता है, जबकि मजबूत जल निकासी व्यवस्था से बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या समाप्त होती है। नगर परिषद खगड़िया के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रहा है। जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का चयन किया जा रहा है और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। नगर परिषद का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड को आधुनिक आधारभूत सुविधाओं से जोड़ना है। नगर सभापति ने कहा कि वर्तमान समय में नगर परिषद क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से सड़क, नाला, पुलिया, सामुदायिक शौचालय, पार्क, पोखर सौंदर्यीकरण, हाईमास्ट लाइट, डेकोरेटिव लाइट एवं अन्य जनहित की योजनाओं पर लगातार कार्य हो रहा है। आने वाले समय में भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लाभ नगरवासियों को मिलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद गोविन्द कुमार पासवान ने की। उन्होंने नगर सभापति अर्चना कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन दोनों योजनाओं से वार्ड संख्या-39 के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में ब्रजेश कुमार, क्रिया पासवान, वाल्मीकि पासवान, शशि भूषण पासवान, पृथ्वी पासवान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को किया जा रहा प्रोत्साहित

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड कृषि विभाग क्षेत्र में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने तथा मोटे अनाजों की खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि पदाधिकारी एवं कृषि सलाहकार किसानों के बीच पहुंचकर शारदीय खरीफ महोत्सव के तहत धान, गेहूं के साथ-साथ मोटे अनाजों की खेती अपनाने की सलाह दे रहे हैं।

इसी क्रम में मड़वा (रागी) की खेती को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि फार्म से जुड़े किसान अभय कुमार सिंह के खेत में मड़वा की नर्सरी तैयार की गई है, जिसे किसानों के लिए मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी महेश कुमार ने बताया कि मोटे अनाज की फसल कम अवधि में तैयार हो जाती है। इसकी खेती में रासायनिक उर्वरकों

**मॉडल के रूप में विकसित की जा रही मड़वा की नर्सरी**

और कीटनाशकों की आवश्यकता भी अपेक्षाकृत कम होती है। साथ ही, मोटे अनाज आयरन, फाइबर और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जिससे इनकी बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि बाजरा, मक्का, मड़वा सहित अन्य मोटे अनाजों की खेती किसानों के लिए कम लागत में अधिक उत्पादन और बेहतर मुनाफे का विकल्प है। इसी कारण किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ-साथ मोटे अनाजों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी महेश कुमार के अलावा एटीएम राहुल कुमार, पंकज कुमार, पंकजमणि तथा अन्य कृषि कर्मी उपस्थित रहे।

# नाबालिग लड़की का शादी के लिए अपहरण

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि 8 जुलाई को दिन के 10 बजे घर से निकली 15 वर्षीय लड़की को बहला-फुसलाकर परिवार के लोगों ने जबरन उठा लिया और शादी करा दी। इस संबंध में लड़की के पिता ने बेलदौर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदनकर्ता ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी 8 जुलाई को दिन के करीब 10 बजे घर से निकली थी। आरोप है कि उसी समय गांव के एक परिवार के 4 लोग उसे बहला-फुसलाकर जबरन अपने साथ ले गए और जबरदस्ती शादी करा दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि शादी के बाद भी आरोपियों ने लड़की को वापस नहीं भेजा। तब से परिजन उसे लगातार ढूंढ रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। आवेदन में एक ही परिवार के 4 लोगों को नामजद किया गया है। आरोपियों पर अपहरण कर नाबालिग से जबरन शादी कराने का आरोप है। पीड़ित पिता ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों पर अपहरण और बाल विवाह की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उनकी बेटी को बरामद कराया जाए। बेलदौर थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। नाबालिग लड़की की बरामदगी के लिए टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में गिरफ्तार

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** मई 2025 में नाबालिग लड़की को अगवा करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना के संबंध में पसराहा निवासी रामबिलास सिंह ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अपने आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग पुत्री का अपहरण शादी की नीयत से किया गया है। शिकायत में कुल नौ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी।



इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि महेशखूंट थाना क्षेत्र के गौछारी नवटोलिया निवासी पन्ना लाल कुमार अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी को धर दबोचा। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि शादी की नीयत से नाबालिग के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी कर रही है।

# हल्की बारिश ने खोली नगर पंचायत की पोल

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** मानसून की बारिश शुरू होते ही बेलदौर नगर पंचायत के विकास और जल निकासी के तमाम दावों की हकीकत सामने ला दी है।

बताते चलें कि नालियों की साफ सफाई न होने के कारण जलजमाव की स्थिति पैदा हो गई है जिससे बाजार की मुख्य सड़क और गलियां पर बारिश का पानी लगा हुआ है। सड़कों पर पानी भर जाने के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निचले इलाकों में जल निकासी का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं होने से गंदा पानी लोगों के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आगे जमा हो गयी है। जगह-जगह जलभराव और गंदगी के कारण इलाके में मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। समय रहते नालों की सफाई न कराई जाने से नाराज स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त किया है और जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान की मांग की है।



सड़क पर जमा बारिश की पानी।

## संक्षिप्त खबरें

### चौकीदारी परेड का किया गया आयोजन

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप सिंह के निर्देश पर विभिन्न थानों में चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान संबंधित थानाध्यक्षों ने चौकीदारों की उपस्थिति, वर्दी, अनुशासन एवं कार्यों की समीक्षा की तथा उन्हें अपने-अपने थाना एवं पंचायत क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने, अपराध एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित सूचनाओं का त्वरित संकलन एवं संप्रेषण करने, फरार अपराधियों पर नजर रखने तथा पुलिस कार्यों में सक्रिय सहयोग प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब हो कि अपराध पर शिकंजा कसने में चौकीदारों की भूमिका अहम होती है। यदि चौकीदार सही सूचना पुलिस तक पहुंचाएं तो कार्रवाई और अपराधियों को पकड़ने में सहूलियत होती है।

### तीन पुत्रों के साथ पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस ने मारपीट के मामले में पिता और उनके तीन पुत्रों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए पिता-पुत्र बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र के लालगोल गांव के निवासी हैं। इनमें सेवानिवृत्त शिक्षक सुभाष चंद्र शर्मा और उनके तीन पुत्र इंद्रजीत कुमार उर्फ इंदल शर्मा, धारो शर्मा और कृष्ण कुमार शामिल हैं। यह गिरफ्तारी न्यायालय द्वारा जारी नोटिस के आधार पर शनिवार की देर रात की गई। पिता और तीनों पुत्रों के खिलाफ वर्ष 2016 में मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि सभी आवश्यक प्रशासनिक और कागजी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### स्नान करने के दौरान पोखरा में डूबने से किशोर की मौत

**भेल्दी/सारण (दैनिक नवसंदेश)।** कोरेया शिवमंदिर स्थित पोखरा में शनिवार को डूबने से किशोर की मौत हो गई। मृतक प्रियांश कुमार (11) भेल्दी थाने के कोरेया पश्चिम टोला गांव के मिथिलेश भगत का पुत्र बताया जाता है। जानकारी के अनुसार प्रियांश कुमार अन्य बच्चों के साथ शनिवार को पोखरा में स्नान कर रहा था उसी वक्त डूब गया। किसी को उसके डूबने की जानकारी भी नहीं हुई। किशोर को घर पर नहीं देख परिजन खोजबीन करने लगे। करीब दो घंटे बाद पोखरे में किशोर का शव देख काफी संख्या में लोग जुट गए। मौके पर पहुंच परिजनों ने शव की शिनाख्त की। भेल्दी पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। किशोर की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### 24 घंटे में सारण पुलिस ने 60 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**छपरा सदर (दैनिक नवसंदेश)।** वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण और परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु 11 जुलाई को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 60 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें शराब सेवन में 17, वारंट में 17, शराब कारोबार में 8, हत्या के प्रयास में 10, दहेज हत्या में 03, अपहरण में 2, पोक्सो एक्ट में 1, चोरी में 1 तथा अन्य कांडों में 1 अभियुक्त शामिल हैं। साथ ही जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 17 वाहनों से 24,000 रुपए जुर्माना राशि वसूले। साथ ही जिले में कुल 294 लीटर अवैध शराब, 01 त्रिशुल, 02 मोटरसाइकिल, 01 देशी कट्टा एवं दो अपहृता बरामद किए गए।

### नीतीश के करीबी राजेश त्यागी को जदयू प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** जदयू के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी को पार्टी की प्रदेश मुख्य कमेटी में महासचिव नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के हस्ताक्षर से जारी पत्र में इस नियुक्ति की घोषणा की गई है। नवनियुक्त महासचिव राजेश त्यागी ने छपरा में संक्षिप्त मुलाकात में यह जानकारी दी। बता दें कि राजेश त्यागी जिले के ग्रामीण क्षेत्र के निवासी हैं। सारण प्रमंडल में केवल राजेश त्यागी को ही जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश मुख्य कमेटी में महासचिव बनाए जाने के बाद राजेश त्यागी ने पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसके लिए सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करूंगा। मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पार्टी और कार्यकर्ताओं के विश्वास के अनुरूप पूरी जिम्मेदारी से निभाऊंगा तथा सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा। जदयू नेता संतोष कुमार सिंह ने राजेश त्यागी को मिली नई जिम्मेदारी का स्वागत करते हुए कहा कि यह उनकी वर्षों की मेहनत, संगठन के प्रति समर्पण और नेतृत्व के प्रति वफादारी का सम्मान है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि राजेश त्यागी के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने में नई गति मिलेगी।

# जनता दरबार में पांच मामलों का समाधान

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** अंचल कार्यालय में जमीन संबंधी एवं अन्य विवादों के समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी रविराज की अनुपस्थिति में राजस्व पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने जनता दरबार की अध्यक्षता की। इस दौरान फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं तथा दोनों पक्षों की बातें और प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के बाद मामलों का निपटारा किया गया।



बताते चले कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित जनता दरबार में जमीन विवाद से जुड़े कुल पांच नए मामले सामने आए। सभी मामलों में संबंधित पक्षों द्वारा प्रस्तुत कागजात और उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत पांचों मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे फरियादियों को राहत मिली। राजस्व पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि जिन मामलों की सुनवाई पूरी नहीं हो सकी है, उनकी अगली तिथि निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य जमीन विवादों का त्वरित, पारदर्शी और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि आम लोगों को न्याय के लिए बार-बार कार्यालयों या न्यायालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनता दरबार में एसआई कुंदन कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

# एग्रीकल्चर कॉलेज, वेटनरी कॉलेज और संगीत विवि खोलने की मांग

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** देश बचाओ अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण देव यादव के अध्यक्षता में कोशी कॉलेज निकट आवास पर बैठक हुई। किरण देव यादव ने बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में बिहार की सम्राट सरकार, केंद्र की मोदी सरकार तथा कृषि मंत्री, कला संस्कृति मंत्री, पशुपालन मंत्री से जिले में कृषि महाविद्यालय और वेटनरी कॉलेज के साथ ही बिहार में संगीत विश्वविद्यालय खोलने की मांग की। यादव ने कहा कि खगड़िया जिला एशिया में मक्का, केला, मछली और दूध उत्पादन में अग्रणी है। उन्नत वैज्ञानिक एवं तकनीक आधारित कृषि विकास हेतु एग्रीकल्चर कॉलेज खोलने की जरूरत है। वहीं खगड़िया फरकिया में लाखों गाय, भैंस, बकरी, घोड़ा, सूअर आदि पशुपालन किया जाता है। हजारों पशु मित्र पर पशुओं का इलाज निर्भर है। जिले में वेटनरी कॉलेज खुलने से स्वस्थ सुविधाजनक समृद्धि पूर्वक पशुपालन करना संभव होगा। यादव ने कहा कि बिहार में संगीत महाविद्यालय नहीं है जिसके कारण उत्तर प्रदेश से संगीत की शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयां होती है। बिहार के संगीत महाविद्यालय उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं जिससे काफी परेशानी होती है। बिहार में संगीत विश्वविद्यालय खोलने की जरूरत है। उन्होने इन मांगों के मद्देनजर सांसद राजेश वर्मा के साथ विधायक बबलू मंडल, रामचंद्र सदा, बाबूलाल शौर्य, पन्नालाल पटेल, एवं जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया है।

# नवनिर्मित नाला ढहने लगा ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्रके पश्चिमी दिघौन गांव के वार्ड-3 में 15 वें वित्त आयोग की राशि से बना नाला एक साल के अंदर ही जर्जर हो गया है। घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वार्ड सदस्य मो़ तबरेज ने आरोप लगाया कि अकरम मदरसा से जफर राजा की जमीन तक करीब 200 मीटर में नाला निर्माण कराया गया था। निर्माण में मानक की अनदेखी की गई जिसके कारण नाला जगह-जगह से टूटकर ढ़ह रहा है। उन्होंने बताया कि इस काम पर करीब 18 लाख रुपए खर्च दिखाए गए हैं। स्थानीय निवासी अकरम ने कहा कि सरकारी राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। समय रहते जांच नहीं हुई तो पूरा नाला ध्वस्त हो जाएगा। स्थल पर लगे शिलापट्ट के अनुसार यह योजना 15वें वित्त आयोग के तहत वर्ष 2023-24 में स्वीत हुई थी। इस योजना के तहत दिघौन पंचायत के वार्ड नं-03 में अकरम मदरसा से लेकर जफर राजा के जमीन तक ढ़क्कन सहित नाला निर्माण कार्य है। जिसकी प्राक्कलित राशि 9,40,000 रुपए दर्शायी गई है। योजना का उद्घाटन मुखिया रुबिया देवी ने किया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमार बिमल राज और अभिकर्ता के रूप में पंचायत सचिव रंजन राम का नाम अंकित है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कराकर दोषी अभियंता और संवेदक पर कार्रवाई तथा नाला का पुर्ननिर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराये जाने की मांग की है।



# 40 नवोदित कलाकारों की निखरी प्रतिभा

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिला कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय लोक संगीत कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला में शामिल 40 नवोदित कलाकारों ने प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए लोकगीतों का समूह गायन के माध्यम से मनमोहक प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की मधुर प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और दर्शकों का दिल जीत लिया।

**पांच दिन के प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों को मिला प्रमाण-पत्र**

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी की ओर से प्रमाण-पत्र दिए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी घनश्याम कुमार ने कहा कि लोक संगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है। नई पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। विभाग आगे भी प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच और प्रशिक्षण उपलब्ध कराता रहेगा, ताकि वे अपनी कला को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा सकें। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत एवं जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन जिले की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर मनीष कुमार, खुशबू कुमारी, लोकगायक राजकुमार पोद्दार, विद्यानंद, तबला वादक बिपिन कुमार, कवि शंकरानंद सहित कई अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं और सांस्कृतिक संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।



सामुहिक गायन प्रस्तुत करते प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कलाकार।

# भागवत कथा करती है शांति और आध्यात्मिक चेतना का संचार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** कैजरी पंचायत भवन परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक प्रमोद व्यास महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का अमृतमय श्रवण किया। पूरे दिन यज्ञ स्थल भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए।

यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को 251 कुमारी कन्याओं की भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। जिला परिषद अध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष ष्णा कुमारी यादव ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर यज्ञ का विधिवत उद्घाटन किया था। पंडित निरंजन झा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच काली कोसी नदी से पवित्र जल भरकर निकली कलश यात्रा गरहा, मुसहरी, बलुआ मुसहरी, घाट मुसहरी सहित विभिन्न टोले-मोहल्लों और चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पहुंची। शोभायात्रा में घोड़े, वाहन, ढ़ोल-नगाड़े और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कथा के दौरान व्यासपीठ से प्रमोद व्यास जी महाराज ने चारों युगसतयुग, त्रेतायुग, द्वापर और कलयुगका महत्व बताते हुए कहा कि देवताओं का अमृत शरीर को अमर बना सकता है, लेकिन श्रीमद्भागवत का अमृत आत्मा को मोक्ष प्रदान करता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिएं। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक भागवत कथा तथा रात 9 बजे से 10 बजे तक वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक धार्मिक झांकियों की प्रस्तुति की जा रही है। कलाकार रोशनी कुमारी की मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई हैं। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष कृष्णा कुमारी यादव ने कहा कि भागवत कथा समाज में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का संचार करती है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से ऐसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा, आप लोगों के सुख-दुख और हर छोटे-बड़े कार्यक्रम की जानकारी मिलते ही मैं उसमें शामिल होने का प्रयास करती हूं।



कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

# भारत फाइनेंस कंपनी कर्मी की स्कूटी चोरी

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** भारत फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के कर्मी की स्कूटी चोरी के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है लेकिन आरोपी मोबाइल पर गाली-गलौज के साथ-साथ जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महेशखूंट थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव निवासी मिथिलेश यादव की 24 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी ने शनिवार को आवेदन देकर थाना अध्यक्ष से शिकायत की थी कि वह भारत फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के बेलदौर ब्रांच में मैनेजर हैं। उसने स्कूटी को ब्रांच के आगे लगाए था जहां से चोरी हो गई। स्कूटी का नंबर बीआर 34 एक्स 0141 है। गाड़ी का रंग आसमानी है। गाड़ी हीरो कंपनी की है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

# घाटे में चल रहे पूर्व रेलवे के उगाही का केंद्र बन कर रह गया है जमालपुर कारखाना

## संघर्ष मोर्चा की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा की एक अति आवश्यक बैठक रविवार को जुबली वेल स्थित कन्हैया सिंह के आवास पर मोर्चा के संरक्षक दिनेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मोर्चा द्वारा अपनी पुरानी मांग जमालपुर कारखाना को पूर्व मध्य रेलवे में शामिल करने जमालपुर कारखाना को निर्माण का दर्जा देने रेलवे विश्वविद्यालय की स्थापना वाई लेग पर स्टेशन निर्माण सहित रेलवे में व्याप्त भ्रष्टाचार अधिकारियों एवं आरपीएफ द्वारा लूट खसोट के साथ ही कई महत्वपूर्ण विषय पर विचार विमर्श कर कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई जिसका संचालन मोर्चा के संयोजक सह सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव कर रहे थे।संबोधित करते हुए दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि जमालपुर रेल क्षेत्र के विकास के लिए जिस तरह से यहां पदस्थापित पदाधिकारी आम जनता को भ्रिमित कर रहे हैं इसका जवाब मोर्चा को अपने


बैठक करते मोर्चा के नेता।

आन्दोलन से देना होगा।वहीं संचालन करते हुए पप्पू यादव ने कहा की घाटे में चल रहे पूर्व रेलवे के उगाही का केंद्र जमालपुर कारखाना अधिकारियों आरपीएफ और संवेदकों का ऐशगाह बन कर रह गया है, श्री यादव ने आगे कहा कारखाना को पूर्व मध्य रेलवे में शामिल करने, इरमी को सुपर एक्सीलेंस का दर्जा देने , वाई लेग पर स्टेशन व पूर्वी एंव पश्चिमी क्षेत्र को जोडते हुए स्टेशन पर उपरी पथ निर्माण के सवाल पर अधिकारियों की मुंह नहीं खुलती मोर्चा इस वादाखिलाफी का जवाब देने सड़क पर उतरेगी। मोर्चा के महासचिव पप्पी कुमार उर्फ पप्पू यादव ने अधिकारियों और आरपीएफ पर बिफरते हुए कहा की कारखाना में भष्ट्राचार का ये आलम है की अधिकारियों के द्वारा मोटी रकम लेकर कर्मचारियों को कमाऊजगह पोस्टिंग किया जा रहा है बाहरी मजदूर से गेट पास के नाम पर दस रूपये से लेकर पचास रुपये तक वसूली की जा रही है, अमृत भारत योजना का क्या हश्र है सबके सामने है जिसके विरूद्ध बिना देर किए मोर्चा को आन्दोलन का रूख अखितयार करना होगा।मोर्चा के प्रवक्ता रविकांत झा एवं मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति ने कहा की सफाई व निर्माण के नाम पर कमीशन खोरी का यह आलम है की र्टर के अच्छे वाले रास्ते को तोड़कर पुनः बनाया जा रहा है गेट बदले जा रहे हैं किमती लोहे को आक्सन के नाम पर बेचा रहा है, और पूर्व रेलवे के अधिकारी जांच के नाम पर पल्ला झाड रहे हैं, जिसका सीधा मतलब है राशी उपर तक पहुँच रही है और मंत्रालय तमाशायी बन गया है, जिसे मोर्चा बर्दास्त नही करेगी। मौके पर मिथलेश यादव, नकुल यादव,ड सुधीर गुप्ता,अमित कश्यप, विपिन यादव,दिनेश साह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रेल मदद 139 की तत्परता से यात्री को मिला छूटा हुआ सामान

**जमालपुर (मुंगेर)।** हावड़ा से कहलगांव जा रहे एक यात्री का ट्रेन में छूट गया सामान रेल मदद 139 की त्वरित कार्रवाई से सुरक्षित वापस मिल गया। इस पहल से यात्री ने राहत की सांस ली और रेलवे की त्वरित सेवा की सराहना की।जानकारी के अनुसार सुजीत दत्ता ट्रेन संख्या 13071 से हावड़ा से कहलगांव की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन की एसी कोच एम-1 में उनका सामान छूट गया। इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल रेल मदद 139 पर शिकायत दर्ज कराई।शिकायत प्राप्त होने के बाद रेल मदद के माध्यम से सूचना जमालपुर रेलवे स्टेशन को भेजी गई। ट्रेन के जमालपुर पहुंचते ही आरपीएफ ने सक्रियता दिखाते हुए एसी कोच एम-1 की जांच की। जांच के दौरान यात्री का सामान सुरक्षित बरामद कर लिया गया। इसके बाद आरपीएफ के एएसआई समीर दास ने आवश्यक सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर शिकायतकर्ता सुजीत दत्ता को उनका सामान सुरक्षित सुपुर्द कर दिया। सामान सही-सलामत मिलने पर यात्री ने रेलवे और आरपीएफ की तत्परता की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी, सामान छूटने या सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर यात्री तुरंत रेल मदद 139 पर संपर्क करें। त्वरित सूचना मिलने पर संबंधित स्टेशन और सुरक्षा एजेंसियां तत्काल कार्रवाई कर यात्रियों की हरसंभव सहायता सुनिश्चित करती हैं।


यात्री का सामान लौटाते आरपीएफ।

## केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति की बैठक पुरानी कमेटी को फिर से बहाल करने का निर्णय

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर सदर बाजार में रविवार को केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बबलू पासवान ने की।बैठक में समिति के संरक्षक राजीव नायक एवं सरदार बलविंदर सिंह अहलूवालिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।संबोधित करते हुए अध्यक्ष बबलू पासवान ने पिछले माह मोहर्रम के अवसर पर शांति और सौहार्द बनाए रखने तथा प्रशासन को सहयोग देने के लिए समिति के सभी सदस्यों के योगदान की सराहना की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।बैठक का मुख्य एजेंडा कमेटी के गठन को लेकर था। इस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति की पुरानी कमेटी को ही यथावत बहाल रखा जाए। उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसे अध्यक्ष ने भी अपनी सहमति प्रदान की।इस अवसर पर वार्ड पार्षद पंकू पासवान, सोनू मंडल, अमन कुमार पासवान, अमित चंद्रवंशी, अमित कुमार, साईं शंकर, वार्ड प्रतिनिधि राजन मंडल, मोहम्मद जुम्मन आलम, बमबम यादव, बजरंगी,राज गुप्ता उर्फ सिन्टू, सरदार मन्नी सिंह, भवेश चौधरी, सुधांशु सिंह, मुकेश पासवान, वशिष्ठ कुमार सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद थे।बैठक में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर भी चर्चा की गई।


बैठक करते केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति।

## रेलवे माल गोदाम में वर्चस्व को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर के वाई-लेग स्थित रेलवे माल गोदाम में रविवार को वर्चस्व को लेकर पुराने और नए ठेकेदार के समर्थकों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान कुछ लोगों द्वारा हथियारों का भी प्रदर्शन किए जाने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसके बाद आरपीएफ भी दलबल के साथ माल गोदाम पहुंची।


जमालपुर रेलवे माल गोदाम।

पुलिस और आरपीएफ की तत्परता से मामला शांत कराया गया, जिससे किसी बड़ी घटना को टाल दिया गया।मौके पर मौजूद अधिकारियों ने दोनों पक्षों से माल ढुलाई कार्य से संबंधित वैध कागजात प्रस्तुत करने को कहा। सूत्रों के अनुसार, नए ठेकेदार ने आवश्यक दस्तावेज दिखाए, जबकि पुराने ठेकेदार की ओर से कागजात प्रस्तुत करने में आनाकानी की गई। इसके बाद अधिकारियों ने दोनों पक्षों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने की सख्त हिदायत दी।घटना के बाद कुछ समय तक माल गोदाम परिसर में तनाव का माहौल बना रहा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और आरपीएफ ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस विवाद का स्थायी समाधान नहीं निकाला, तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और अधिकारियों की नजर पूरे घटनाक्रम पर बनी हुई है।

## रेलवे स्टेशन पर सघन सर्च अभियान यात्रियों व परीक्षार्थियों की सुरक्षा बढ़ाई गई

**जमालपुर (मुंगेर)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएसएससी) परीक्षा के मद्देनजर रविवार को जमालपुर रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ को देखते हुए रेल पुलिस ने यात्रियों और अभ्यर्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन परिसर, प्लेटफर्म तथा ट्रेनों में विशेष सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान यात्रियों के सामानों की गहन जांच की गई और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। सर्च अभियान का नेतृत्व रेल थाना के एसआई निरंजन कुमार रजक ने किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा के कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों का आवागमन हो रहा है। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना, चोरी, छिनतई या अव्यवस्था की आशंका को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को


यात्रियों के सामानों की जांच करते रेल पुलिस।

और मजबूत किया गया है। रेल पुलिस की टीम प्लेटफर्म, प्रवेश एवं निकास द्वार के साथ-साथ ट्रेनों में भी लगातार निगरानी रख रही है। एसआई रजक ने यात्रियों और परीक्षार्थियों से अपील की कि वे अपने सामान की स्वयं भी निगरानी रखें, किसी अनजान व्यक्ति का सामान न उठाएं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल रेल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करना रेल पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।सर्च अभियान के दौरान रेल पुलिस के जवान झक्खू उरांव, मुन्ना कुमार यादव, शुभलक्ष्मी कुमारी, शुभम कुमार, पूजा कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्टेशन पर पूरे दिन सतर्कता का माहौल बना रहा।

## डा. नंदलाल बसु की पुण्यतिथि पर 300 बच्चों को किया गया सम्मानित आओ प्रतिभा दिखाएं-2026 प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला पुरस्कार

**जमालपुर (मुंगेर) ) (एनएसबी)।** प्रख्यात चित्रकार ड़ नंदलाल बसु की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नंदलाल बसु इंस्टीट्यूट अफ आर्ट एंड क्राफ्ट, जमालपुर एवं मुंगेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ९आओ प्रतिभा दिखाएं-2026९ चित्रकला, निबंध, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रदर्शनी के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन पूर्व रेलवे के केंद्रीय संस्थान, जमालपुर में किया गया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के करीब 300 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इरवो जमालपुर की अध्यक्षा अनिता वर्णवाल, मुंगेर की मेयर कुमकुम देवी, पूर्व रेलवे अस्पताल के एसीएमएस ड. जेक़े प्रसाद, डिप्टी सीएमई अभिनय कुमार, इरवो सचिव शालिनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद तथा संस्थान की प्राचार्या आंशुलता सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।प्रतियोगिता में जमालपुर और मुंगेर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने जल संरक्षण, शिक्षा की शक्ति, प्लास्टिक मुक्त शहर, प्रति संरक्षण, नशा मुक्ति, साइबर अपराध जागरूकता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, दहेज प्रथा, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और धूम्रपान निषेध जैसे सामाजिक विषयों पर चित्र और निबंध प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अनिता वर्णवाल ने कहा कि कला बच्चों की रचनात्मकता, एकाग्रता और अनुशासन का विकास करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से ड़ नंदलाल बसु के आदर्शों पर चलकर देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। वहीं मेयर कुमकुम देवी ने कहा कि कला व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है और इसे करियर के रूप में अपनाकर भी सफलता प्राप्त की जा सकती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की प्राचार्या आंशुलता, शिक्षक सुजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, नीरज कुमार, श्रीनिवास उपाध्याय, मोनिका शर्मा, रुही शर्मा, दीपिका, जयश्री विश्वास, राजीव मंडल, स्वीटी, सूर्यजीत सिंह, श्रेष्ठ सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों की सहभागिता रही।






उद्घाटन करते इरवो अध्यक्षा अनिता वर्णवाल सहित अन्य।

### संक्षिप्त खबरें

#### कुर्की वारंटी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना पुलिस ने कुर्की वारंटी के निष्पादन के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ईह रोड नंबर-1, स्कूल के पास निवासी सोनू कुमार उर्फ अभिषेक कुमार, पिता स्वर्गीय विशुनदेव मंडल के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए एसआई महादेव प्रसाद ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से कुर्की वारंट जारी था।गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार वारंटियों और कुर्की वारंट के मामलों में लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

#### गैर जमानती वारंट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना पुलिस ने गैर जमानती वारंट के निष्पादन के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजीव कुमार, पिता जवाहर रजक, निवासी बड़ी केशोपुर, नक्की नगर, रेलवे मिडिल स्कूल नंबर-2 के पीछे, चमक टोली रोड के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए एएसआई सुजीत कुमार सिंह ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी था।गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

#### सिक्सलेन पर दो कारों की टक्कर, कोई हताहत नहीं

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव के पास बिहटा-सरमेरा एसएच-78 पर रविवार को दो कारों की एक ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारों के अगले और एक कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के कारण सिक्सलेन पर कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। हालांकि इस घटना में कार सवारों को कोई गम्भीर चोट नहीं आई। टक्कर के बाद ट्रक लेकर चालक फरार हो गया। दनियावां की ओर से जा रही एक कार ने कंचनपुर के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में टक्कर मार दी। उसी समय उसी कार को पीछे से आ रही एक अन्य कार ने भी टक्कर मार दी। सूचना के बाद पहुंची फतुहा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को किनारे करवाकर आवागमन शुरू करवाया।

#### नवीन हत्याकांड का उद्भेदन बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा।** चर्चित नवीन हत्याकांड मामले के फरार चल रहे नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर फतुहा पुलिस ने मामले का उद्भेदन कर लेने का दावा किया है। रविवार को डीएसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस में डीएसपी-1 अवधेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर आरओबी पुल के नीचे से नामजद आरोपित नालंदा छबीलापुर के रटना निवासी तन्नू कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक यामाहा बाइक भी बरामद की है। आरोपित तन्नू फिलहाल कोअपरेटिव कलोनी में बतौर किरायेदार रह रहा था। घटना का कारण रुपए का लेन-देन बताया जा रहा है। उसकी निशानदेही पर उसके अन्य फरार साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुटी है। विदित हो कि गत 1 जुलाई की देर रात अपराधियों ने दरियापुर नयाटोला निवासी 28 वर्षीय नवीन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक का भी रहा है आपराधिक इतिहास डीएसपी- 1 अवधेश कुमार ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मृतक भी अपराधी किस्म का युवक था। उसके खिलाफ मोबाइल चोरी मामले का फतुहा थाने में कांड संख्या- 936ध्25 एवं लूटपाट के प्रयास का फतुहा थाने में कांड संख्या- 887ध्25 दर्ज है।

#### झपटमारों ने पलक झपकते ही मोबाइल छीन लिया

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ शहर में सड़क लुटेरों का दुस्साहस लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला स्टेशन रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर के समीप का है, जहां मोबाइल फोन पर बात करते हुए पैदल जा रहे एक युवक से झपटमारों ने पलक झपकते ही मोबाइल छीन लिया और मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना इतनी तेजी से हुई कि युवक संभल भी नहीं सका। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। लगातार हो रही झपटमारी की घटनाओं ने शहर में कानून-व्यवस्था और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### संक्षिप्त खबरें

#### पटना से अपहृत बंटी यादव की हत्या का खुलासा अथमलगोला फोरलेन से मिला दफन शव

#### सेक्स रैकेट के विरोध का आरोप पुलिस गश्त पर गंभीर सवाल

**पोस्टमार्टम के बाद हुई पहचानय एसआईटी जांच तेज, कई संदिग्धों से पूछताछ। परिजनों ने अवैध धंधे का विरोध करने पर हत्या का लगाया आरोप, पुलिस ने कहाहर पहलू की निष्पक्ष जांच जारी**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल के अथमलगोला थाना क्षेत्र में फोरलेन सड़क किनारे मिट्टी में दफन मिले शव की गुत्थी अब काफी हद तक सुलझती नजर आ रही है। पोस्टमार्टम और पहचान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने शव की पहचान पटना निवासी बंटी यादव (बंटी कुमार) के रूप में की है, जिनके अपहरण का मामला पहले से दर्ज था। शव की पहचान होते ही यह मामला अपहरण से सीधे सुनियोजित हत्या में बदल गया है और पूरे पटना तथा बाढ़ अनुमंडल में सनसनी फैल गई है। जांच के अनुसार, बंटी छह जुलाई की रात पटना जंक्शन के समीप न्यू करबिगहिया इलाके से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुए थे। परिजनों का आरोप है कि कुछ लोगों ने पहले उनके साथ मारपीट की और फिर जबरन एक वाहन में बैठाकर उनका अपहरण कर लिया। इस घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आने की बात कही जा रही है। कई दिनों की तलाश के बाद अथमलगोला फोरलेन के किनारे मिट्टी में दफन अवस्था में शव मिलने से पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि बंटी क्षेत्र में संचालित कथित अवैध देह व्यापार (सेक्स रैकेट) का लगातार विरोध कर रहे थे। उनका कहना है कि इसी कारण उन्हें पहले धमकियां मिली थीं और बाद में सुनियोजित तरीके से उनकी हत्या कर दी गई। हालांकि पुलिस ने अभी तक इस आरोप की पुष्टि नहीं की है। अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए सभी संभावित पहलुओं की वैज्ञानिक एवं तकनीकी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अपराधियों ने हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को अथमलगोला फोरलेन के किनारे मिट्टी में दफना दिया। यह तथ्य सामने आने के बाद फोरलेन पर सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त की प्रभावशीलता पर गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस मार्ग पर नियमित पुलिस गश्त का दावा किया जाता है, वहीं अपराधियों द्वारा शव दफनाकर फरार हो जाना कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। घटना को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि मोकामा टाल क्षेत्र और फोरलेन का इलाका पहले भी अपराधियों द्वारा शव ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किए जाने की चर्चाओं में रहा है। ऐसे में इस पूरे क्षेत्र में निगरानी, गश्त और खुफिया तंत्र को और अधिक मजबूत किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता मिथिलेश यादव ने भी घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए फोरलेन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस की गश्त प्रभावी होती तो अपराधियों के लिए इस तरह हत्या कर शव को दफनाना आसान नहीं होता। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा फोरलेन पर रात्रिकालीन गश्त को और सुढ़ करने की मांग की। उधर, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, कल डिटेल और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कई संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और शीघ्र ही पूरे हत्याकांड का खुलासा किए जाने की संभावना है। इस बहुचर्चित हत्याकांड ने केवल एक युवक की हत्या का मामला ही नहीं उठाया है, बल्कि राजधानी पटना से लेकर बाढ़ अनुमंडल तक अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस, फोरलेन की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संगठित अपराध के संभावित नेटवर्क पर भी गंभीर बहस छेड़ दी है। अब सभी की निगाहें एसआईटी की जांच और पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि जांच निष्पक्ष और साक्ष्य आधारित ढंग से आगे बढ़ती है, तो इस हत्याकांड के पीछे की पूरी साजिश का पर्दाफाश होने की उम्मीद है।


बंटी यादव।

#### कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पी रहे युवकों पर उत्पाद विभाग की कार्रवाई

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के अतिव्यस्त सबेरा मार्केट एवं सबेरा सिनेमा के समीप शनिवार देर रात मद्यनिषेध (उत्पाद) विभाग की टीम ने संदेह के आधार पर कार्रवाई करते हुए कोल्ड ड्रिंक पी रहे कई युवकों की जांच की। जांच के दौरान कुछ युवकों के कोल्ड ड्रिंक में शराब मिश्रित होने की पुष्टि होने पर उन्हें हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।अचानक हुई इस कार्रवाई से सबेरा मार्केट और सबेरा सिनेमा के आसपास कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और दुकानदारों की भीड़ जुट गई, जबकि उत्पाद विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाई।उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब के सेवन अथवा उसके अवैध उपयोग के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

#### हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने रविवार को सबलपुर मंदिर के पास से एक तस्कर को 21 ग्राम हीरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सबलपुर निवासी मो़ बिट्टू को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

#### मुख्य आरोपी तन्नू कुमार सिंह गिरफ्तार, यामाहा बाइक बरामद

**फतुहा।** पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के चर्चित नवीन पासवान हत्याकांड में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड के मुख्य प्राथमिकी अभियुक्त तन्नू कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इस संदर्भ में रविवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने प्रेस कन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त तन्नू कुमार सिंह (उम्र करीब 23 वर्ष, पिता लखेंदर सिंह, मूल निवासी रटना, थाना छबीलापुर, जिला नालंदा) को फतुहा आरओबी पुल के नीचे से दबोच लिया। गिरफ्तारी के समय वह अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक यामाहा ैं मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर ठत01श्रल0133) भी बरामद की है। आरोपी तन्नू फिलहाल फतुहा की कोअपरेटिव कलोनी में किरायेदार के रूप में रह रहा था। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बता दें कि फतुहा थाना क्षेत्र के फैक्ट्री मोड़ के पास, ट्रेंड्स शोरूम के सामने स्थित मस्जिद के एक खाली प्लट पर बुधवार की मध्य रात्रि को नया टोला दरियापुर निवासी श्रवन पासवान के पुत्र नवीन कुमार (नवीन पासवान) की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नवीन को उसके ही दोस्त ने घर से बुलाकर लाया था, जिसके बाद उक्त खाली प्लट पर दोस्तों के बीच शराब की पार्टी चली थी। शराब पार्टी और खान-पान के बाद किसी बात को लेकर दोस्तों के बीच आपसी विवाद गहरा गया। इसी विवाद के बढ़ने पर अपराधियों ने बेहद करीब से नवीन के गले में गोली दाग दी। गोली लगने के बाद नवीन लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और हमलावर मौके से फरार हो गए। गंभीर स्थिति में परिजन उसे फतुहा अस्पताल से पीएमसीएच और फिर पारस अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने फतुहा थाना कांड संख्या 415ध्26 दर्ज कर तफ्तीश शुरू की थी, जिसके बाद मुख्य आरोपी को अब दबोच लिया गया है।

# जमानत पर आए युवक की हत्या

दैनिक नवसंदेश

**आरा/बिहिया।** बिहिया थाने के कटेया टिपुरा गांव में रविवार की शाम हथियारबंद बदमाशों ने दो माह पूर्व जेल से जमानत पर आए युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। उसे काफी करीब से सिर के पिछले हिस्से में चार गोली मारी गई। बाद में पुलिस ने आरोपी के घर छापेमारी कर देसी कट्टा बरामद किया है। मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव निवासी दशरथ सिंह का 35 वर्षीय पुत्र राजेश यादव है।

मृतक के चाचा जोगिंदर यादव ने बताया कि वह अपनी मां का दवा कराने के लिए बाइक से अपने चाचा हुलास यादव के साथ कटेया गांव गया था। वापस लौटने के क्रम में कटेया टिपुरा गांव के समीप योगेंद्र यादव ने अपने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे घेर लिया और ताबड़तोड़ चार गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। मृतक के चाचा जोगिंदर यादव ने बताया कि गांव में एक दो लोगों से उसका विवाद था। लेकिन आरोपी के साथ उसका कोई विवाद नहीं था। उन्होंने योगेंद्र यादव सहित उसके साथ रहे अन्य लोगों पर अपने भतीजे को गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि आरोपियों ने उसकी गोली मारकर हत्या क्यों की इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। वहीं पुलिस के अनुसार आरोपी योगेंद्र यादव के घर से देशी कट्टा बरामद किया गया है। हालांकि सभी आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतक का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ बिहिया, जगदीशपुर एवं बड़हरा थाना में आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन के अधिक मामले दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह दो माह ही जेल से जमानत पर बाहर आया था।

**आधा दर्जन से अधिक मामलों का आरोपित था मृतक**



अस्पताल में मृतक के पास खड़े उसके शुभचिंतक।

**बिहिया थाने के कटेया टिपुरा गांव में शाम को घटी घटना**

## बेटी के जन्मदिन पर महादलितों को दान दी 18 कट्ठा जमीन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जहां आज के दौर में जमीन-जायदाद को लेकर विवाद और हत्याओं की खबरें आम हो गई हैं, वहीं भोजपुर जिले से मानवता और समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। उदवंतनगर प्रखंड के सरथुआ मुखिया राकेश सिंह ने अपनी बेटी प्रिंसी सिंह के पांचवे जन्मदिन के अवसर पर समाजहित में महादलित परिवारों को 18 कट्ठा जमीन दान कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव के मैंडा (नजदीक) की यह जमीन काफी महंगी है। वर्तमान में उस इलाके में डेढ़ से दो लाख रुपए कटठा जमीन बिक रही है। यानी कुल जमीन 30 से 35 लाख की होगी। उन्होंने कहा कि राकेश सिंह दूसरी बार मुखिया हैं। वे गरीबों के दुःख-सुख में सदा खड़ा रहते हैं। पंचायत के सभी जाति एवं वर्ग के लोग उनके व्यवहार, उदारता एवं सी से काफी प्रभावित रहते हैं। मुखिया राकेश सिंह के इस फैसले की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। इस अवसर पर राकेश सिंह ने कहा, 'मुझे फर्च्यूनर जैसी महंगी गाड़ी नहीं चाहिए, बल्कि लोगों की दुआ चाहिए। समाज के लिए किया गया काम ही सबसे बड़ी पूंजी है।' उन्होंने कहा कि यदि उनके इस छोटे से प्रयास से समाज के जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलता है, तो यही उनके और उनके परिवार के लिए सबसे बड़ा उपहार होगा। मुखिया राकेश सिंह के इस कदम को सामाजिक सरोकार और जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इसे अनुकरणीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव की प्रेरणा देते हैं। आज एक दो धुर जमीन को लेकर परिजनों के बीच खून खराबा हो रही है। ऐसे में मुखिया श्री सिंह द्वारा महादलित परिवारों को करीब एक बीघा जमीन दिया जाना काफी मायने रखता है।





**सरथुआ के मुखिया राकेश सिंह ने बेटी प्रिंसी सिंह के पांचवे जन्मदिन पर पेश किया अनूठा उदाहरण**

**बोले-मुझे फर्च्यूनर जैसी महंगी गाड़ी नहीं, लोगों की दुआ चाहिए**

**30 से 35 लाख की जमीन दान में देने की हर ओर हो रही चर्चा**

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क व नाली निर्माण पर महापौर का जताया आभार

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नगर निगम के वार्ड संख्या 13 और 18 में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। लंबे समय से जलजमाव और खराब सड़क की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को अब राहत मिली है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि महापौर इंदु देवी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी, जिसके परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण विकास कार्य समय पर पूरा हो सका। उन्होंने कहा कि इस निर्माण से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि जलजमाव की समस्या से भी काफी हद तक निजात मिली है। स्थानीय नागरिकों ने महापौर इंदु देवी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र का वातावरण पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक हो गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह जनहित एवं विकास से जुड़े कार्य निरंतर जारी रहेंगे। क्षेत्रवासियों ने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए आरा नगर निगम एवं महापौर श्रीमती इंदु देवी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे विकास कार्यो से शहर की आधारभूत सुविधाओं में निरंतर सुधार हो रहा है।

### शोकसभा और श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट), भोजपुर तथा अल इंडिया सेंट्रल काउंसिल अफ ट्रेड यूनियन्स, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में एआईसीसीटीयू बिहार के महासचिव आर्.एन् ठाकुर के निधन पर जिला कार्यालय मिल रोड आरा में शोकसभा सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुरुआत यदुनंदन चौधरी द्वारा माल्यार्पण से की गई। अध्यक्षता बाल मुकुंद चौधरी एवं संचालन उमेश कुमार सुमन ने किया। मौके पर धर्म कुमार, केदार नाथ सिंह, रमेश कुमार यादव, किरण, मनोज कुमार, पिंटो कुमार, रामानंद सिंह, बाल मुकुंद चौधरी, यदुनंदन चौधरी, शमीम, हरवंश, वीरेंद्र, सच्चिदानंद, सुमन, अहमद अली, रबीन्द्र कुमार अखौरी आदि थे।

### सिविल कोर्ट में सुरक्षा सख्त करने की मांग

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता विद्या निवास सिंह उर्फ दीपक सिंह ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से आरा सिविल कोर्ट की सुरक्षा सख्त करने की मांग मोबाइल पर पत्र भेजकर की है। उन्होंने कहा है कि सिविल कोर्ट परिसर में संघन जांच एवं पुलिस सुरक्षा में तैनात फोर्स किसी भी तरह का कोताही नहीं बरती जाए, पूर्व में आरा सिविल कोर्ट में दो-दो बार बम काण्ड हों चुके हैं। उच्च न्यायालय बिहार के दिशा निर्देश व आदेश से आरा सिविल कोर्ट में पुलिस पीकेट का स्थापना हुई हैं। अधिवक्ता श्री सिंह ने कहा है कि अक्सर देखा जाता है कि कार्यरत पुलिस बैठें रहते हैं। मेटल डिटेक्टर खराब हो गई है। पुलिस हैंड मेंटल डिटेक्टर टेस्ट किसी भी आने वाले मुवक्किलों तथा आम जनता का नहीं करती है। हाथों से जांच करती है। कोई भी अंजान व्यक्ति वकील के भेष में भी आ जा सकता है। पूर्व में आरा सिविल कोर्ट में वकीलों भेष में आ चुके हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को पहचान पत्र देख कर न्यायालय परिसर में आने दिया जाए।

### बैंक द्वारा सुविधाओं में कटौती

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** पसौर गॉव स्थित पीएनबी इन दिनों अपने ग्राहकों के प्रति काफी उदासीन है। एक तरफ सरकार द्वारा किसानों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराने की बातें की जा रही है। बैंक प्रबंधक द्वारा मनमाने ढंग से तरह तरह की हथकंडे अपनाकर किसानों को पूर्व से प्राप्त सुविधाओं को भी गायब कर दिया जाता है। जनवरी में किसान क्रेडिट कार्ड का नवीनीकरण करने के लिए ब्याज सहित पूरी रकम जमा करवाने के बाद भी भुगतान करने में टाल मटोल किया गया। जब किसान ने अपनी खाता का पूरा हिसाब किताब कर नो डयूज सर्टिफिकेट की मांग की तो उसे भी टाल मटोल किया जाता रहा। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में निबंधित डाक से नो डयूज सर्टिफिकेट की मांग की गई लेकिन अप्राप्त रहा। पुनः तीन माह बाद खाताधारक द्वारा जुलाई माह में निबंधित डाक से आवेदन दिया गया तो नो डयूज सर्टिफिकेट प्रेषित किया गया जिससे किसान को आर्थिक हानि हुई है।

### बुजुर्ग की आहर में डूबने से मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नारायणपुर थाना के चासी गांव स्थित आहर में डूबने से रविवार की सुबह एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक अजीमाबाद थाना क्षेत्र के ताराचक गांव निवासी स्व् छपित सिंह के 65 वर्षीय पुत्र रजिन्द्र सिंह है।

### शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो लोग गिरतार

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाने पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरतार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि पहली गिरतारी सोनघट्टा गांव निवासी 30 वर्षीय विजय कुमार, पिता मुनेश्वर राय की गई। दूसरी गिरतारी कायमनगर गांव निवासी 55 वर्षीय शंकर पासवान की गई।

### शराब सेवन की पुष्टि होने पर दो गिरफ्तार

**बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद बड़हरा थाना पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरतार किया। गिरतार आरोपितों में विरिकेश्वर पासवान, पिता रामदेव पासवान, निवासी पैगा तथा प्रमोद यादव, पिता रामदयाल यादव, निवासी आलेखी टोला, दोनों थाना बड़हरा, शामिल हैं।

### गंडक नहरी रिसाव से रामधनाव की तीन सौ बीघा जमीन जलमग्न

**बनियापुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के रामधनाव स्थित एक बड़े भू भाग जहां किसान अपना धान,गेहूं का फसल उगाते पिछले कई वर्षो से गंडक नहरी के रिसाव से जलमग हो जा रहा है,किसानों के सामने खेती बर्बाद होने से भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो जा रहीहै।ग्रामीणों ने इसके लिए स्थानीय जन प्रतिनिधियों पदाधिकारियों से अपनी समस्या को सुनाया पर कोई लाभ नहीं हुआ,स्थानीय झाखर बाबा ने बताया गांव के तीन सौ बीघा खेती की जमीन गंडकी नहरी के पानी रिसाव से जलमग हो जाता है,किसानों की यह बड़ी समस्या है।वही पूर्व जिला पार्षद राजेंद्र सिंह ने बताया कि हमारे यहां गंडक विभाग के कर्मी है जिनसे हम ने बात किया था उनलोगों ने बताया कि हम लोगों ने काम कर दिया है पर यहां धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है विभाग के मात्र दस बीस हजार के खर्च के चले किसानों का दस बीस लाख की खेती नुकसान हो रही है ,जबकि सरकार के नजर मे किसनो की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर लेना है उन्होंने मामले डीएम सारण से बात करने की बात कही,वही स्थानीय ग्रामीणों भावी मुखिया प्रत्याशी मिश्रा जी ने भी किसानों के इस बर्बादी पर वर्तमान जन प्रतिनिधियों को कोसते हुए इस ग्रामीण नहरी से हो रहे नुकसान पर खेद व्यक्त किया,उन्होंने कहा विभाग की अकर्मण्यता के कारण है,इस कार्य को मनरेगा के माध्यम से भी प्रतिनिधि करा देते तो इतनी बड़ी बर्बादी किसानों को नहीं झेलनी पड़ती।जगह जगह इस ग्रामीण नहरी में रिसाव ,टूट फूट बड़ी समस्या बन गई है।अभी लोग धान के बिचड़ा गिरा रहे है जबकि पहले से खेत जलमग हो गया है।

## सरैंया बाजार पर सब्जी लेने उतरा, अगले दिन शव मिला

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव में घर से निकले अधेड़ का शव दूसरे दिन बरामद हुआ। उसका शव थाना क्षेत्र के नरगदा स्थित चिमनी के समीप सड़क चाट से रविवार की सुबह बरामद हुआ। मृतक के गले पर धारी जैसा निशान पाया गया है। परिजन द्वारा खिला-पिलाकर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी विष्णु शंकर साह के 50 वर्षीय पुत्र द्वारिका प्रसाद है। मृतक की पत्नी बिंदा देवी ने बताया कि उन्होंने अपने सास-ससुर से जब एक डिसमिल जमीन अपना हिस्सा मांगा, तो उन्होंने देने से इंकार कर दिया और कहा कि तुम्हारा कोई हिस्सा नहीं है। जिसको लेकर वर्ष 2024 में उन्होंने अपने सास-ससुर पर प्राथमिकी कराई थी। उसी जमीन को लेकर गांव कहीं कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। उन लोगों ने कहा है कि तुम्हारे ससुर से हम लोगों ने जमीन खरीद लिया है। इसे लेकर उनके द्वारा स्थानीय थाना में उक्त लोगों के खिलाफ आवेदन भी दिया गया था। कुछ दिन पूर्व उन्हीं लोगों के द्वारा उनके पति के साथ मारपीट भी की गई थी। शनिवार की शाम जब वह ऑटो द्वारा अपने पति द्वारका प्रसाद के साथ सदर अस्पताल से इलाज करा कर वापस गांव लौट रही थी। तभी उक्त लोग सरैया बाजार पर उन्हें बुलाने लगे। तब वह नहीं गए। इसके बाद जब वह सरैंया बाजार पर सब्जी लेने के लिए उतरे, तो घर वापस नहीं लौटे।

## मवेशी के बच्चे को मारने को लेकर दंपति समेत तीन को पीटा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पवना थाना क्षेत्र के रन्नी गांव में शनिवार की शाम मवेशी (भैंस) के बच्चे को मारने के विवाद को लेकर दंपति समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी गई। इससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में पवना थाना क्षेत्र के रन्नी गांव निवासी 80 वर्षीय जयराम सिंह, उनकी 68 वर्षीया पत्नी निर्मला देवी एवं 26 वर्षीया बहू मीता देवी शामिल है। जयराम सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने घर के बाहर दरवाजे पर अपने भैंस के बच्चे को बांधा हुआ था। तभी पड़ोस के लड़के द्वारा उसे मारा जाने लगा। जब वह पड़ोसी के दरवाजे पर इसकी शिकायत करने गए, तो बच्चे के परिवार वाले गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उनके द्वारा तीनों लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई।

## टीईटी की अनिवार्यता हटाने के लिए सांसद को सौंपा ज्ञापन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ भोजपुर ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन कर टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर प्रधान सचिव नन्द जी सिंह के नेतृत्व मे सांसद सुदामा प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। संघ ने संसद में ध्यान आ्ष्ट कराने का आग्रह किया है। संघ के अध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद राय एवं प्रधान महासचिव के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्णय के कारण शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 (संशोधित 2017) में संशोधन किए जाने से वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षाकर्मियों पर भी टीईटी की अनिवार्यता लागू होने की स्थिति बन गई है। संघ का कहना है कि यह उन शिक्षकों के साथ अन्याय है, जिनकी नियुक्ति तत्कालीन सरकारी नियमों, विज्ञापनों एवं निर्धारित शर्तो के अनुसार हुई थी। मौके धर्मदेव सिंह, मुकेश प्रसाद श्रीवास्तव, संजय कुमार देवांशु, चितरंजन कुमार, नवल किशोर तिवारी, शुभ दयाल राम सहित दर्जनो शिक्षक उपस्थित थे।



## एसपी ने कतीरा मोड़ का किया निरीक्षण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने शनिवार की देर रात आरा नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा मोड़ एवं आसपास के विभिन्न इलाकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रात्रि गश्ती व्यवस्था का जायजा लिया तथा पुलिस बल की मुस्तैदी की जांच की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आरा नवादा थाना की रात्रि गश्ती टीम की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए कतीरा मोड़ के समीप आम लोगों तथा वाहनों की सघन जांच भी कराई गई।निरीक्षण के दौरान गश्ती रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने इसे गंभीरता से लेते हुए आरा नवादा थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण (शोकज) समर्पित करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रात्रि गश्ती एवं थाना अभिलेखों के संधारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा अपराधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता और जवाबदेही से ही अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है।

**गश्ती रजिस्टर नहीं मिलने पर मांगा स्पष्टीकरण**



## उदवंतनगर थाना पहुंचे एसपी दिए कई आवश्यक निर्देश

**आरा (भोजपुर)।** पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने उदवंतनगर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों, मालखाना, बंदी गृह, शस्त्रागार तथा थाना परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली। अभिलेखों के संधारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं थाने की कार्यप्रणाली का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने थाना के सभी अनुसंधानकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबित कांडों, गंभीर अपराधों तथा मद्यनिषेध अधिनियम से संबंधित मामलों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने प्रत्येक मामले की प्रगति की जानकारी लेते हुए अनुसंधान में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित किया कि सभी कांडों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष अनुसंधान करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही फरार अपराधियों एवं वारंटियों की गिरतारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाने तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि थाना में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना जाए तथा उनकी समस्याओं के त्वरित और न्यायसंगत समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाने की नसीहत देते हुए थाना की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## मंडल कारा में गायत्री मंत्र लेखन और दीप यज्ञ का किया आयोजन



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** प्रांतीय कन्या कौशल अभिवर्धन शिविर, शक्तिपीठ मौलाबाग, आरा की महिला टीम द्वारा मंडल कारा आरा में महिला बंदियों के बीच आध्यात्मिक एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दीप यज्ञ के माध्यम से महिला कैदियों को गायत्री मंत्र लेखन के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें लाल पेन वितरित किए गए। आयोजकों ने बताया कि लगभग चार माह पूर्व 60 महिला बंदियों को गायत्री मंत्र लेखन का संकल्प दिलाया गया था। कार्यक्रम में बताया गया कि कई महिलाओं ने नियमित रूप से मंत्र लेखन किया। वहीं तीन महिला बंदियों ने भी अब गायत्री मंत्र लेखन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों "धरती पर स्वर्ग का अवतरण और मनुष्य में देवत्व का उदय" को साझा करते हुए आध्यात्मिक जीवन, सकारात्मक सोच और आत्मिक उन्नति का संदेश दिया गया।आयोजकों ने मंडल कारा प्रशासन, विशेष रूप से रिया मैडम के सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार की रीना सिंह, कुसुम त्रिपाठी और रेनू मिश्रा सहित अन्य महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही।

## बड़हरा थाने में चौकीदार परेड का किया आयोजन

**बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** बड़हरा थाना परिसर में चौकीदारों की मासिक परेड आयोजित की गई। परेड के दौरान सभी चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष चूनमून कुमारी ने चौकीदारों को शराब तस्करी एवं अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने, क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार करने तथा किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना को देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही चौकीदारों से कहा गया कि वे ग्रामीणों के साथ समन्वय बनाकर पुलिस की आंख और कान की भूमिका निभाएं तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करें।

## दुकानदारों के साथ गीधा थाना में सुरक्षा बैठक, मिला भरोसा



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** अपराध नियंत्रण और बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गीधा थाना परिसर में बैंक प्रतिनिधियों, सीएसपी संचालकों, ज्वेलर्स तथा बाजार के दुकानदारों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने की। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, चोरी का सामान बेचने आने वाले लोगों अथवा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि थाना पुलिस हर परिस्थिति में व्यवसायियों और आम लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर है तथा जरूरत पड़ने पर तत्काल सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान बैंक, सीएसपी, ज्वेलर्स और दुकानदारों ने अपनी समस्याओं एवं सुरक्षा संबंधी सुझाव भी पुलिस के समक्ष रखे। थानाध्यक्ष ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया और व्यवसायियों से पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने की अपील की। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य अपराधों की रोकथाम, चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण तथा पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है।

## रामजी सिंह की पुण्यतिथि पर 29 जुलाई को होगा भव्य कार्यक्रम

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा क्लब में शाहाबाद सिविल सोसाइटी की कार्यसमिति एवं आमंत्रित सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक डॉ. शशि कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शाहाबाद क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक सरोकारों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा सर्वसम्मति से कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 29 जुलाई को शाहाबाद के गौरव, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्व रामजी प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि भव्य रूप से आयोजित की जाएगी। बैठक में सोसाइटी की वरिष्ठ सदस्य पूर्व प्राचार्या प्रो कमल कुमारी ने डॉ. शशि कुमार सिंह को शाहाबाद सिविल सोसाइटी का अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए डॉ. शशि कुमार सिंह को शाहाबाद सिविल सोसाइटी का संस्थापक अध्यक्ष घोषित किया गया।

बैठक में भोजपुरी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के उद्देश्य से व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत भोजपुरी भाषा की दुर्लभ पांडुलिपियों, लोक साहित्य, लोकगीत, लोककथाओं, शोध सामग्री, ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा अन्य महत्वपूर्ण साहित्य का व्यवस्थित संग्रह किया जाएगा ताकि भोजपुरी भाषा की समृद्ध परंपरा का सशक्त दस्तावेज तैयार किया जा सके और इसे संवैधानिक मान्यता दिलाने के प्रयासों को ठोस आधार मिल सके।

बैठक में डॉ. जितेंद्र शुक्ला, डॉ. शशिकांत तिवारी, डॉ. निर्मल कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह, कृष्ण बिहारी सिन्हा, डॉ. कंचन प्रभा सिंह, डॉ. रेनु मिश्रा, डॉ. विमल कुमार सिंह, श्री नारायण प्रसाद सिंह, अब्बास खान, सर्वजीत कुमार सिंह, कन्हैया प्रसाद सिंह, राजेंद्र कुमार दुबे, गुंजय कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक के अंत में डॉ. शशि कुमार सिंह ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शाहाबाद सिविल सोसाइटी समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर क्षेत्र के समग्र विकास, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, भाषा संरक्षण, ऐतिहासिक विरासत के संवर्धन तथा जनहित के मुद्दों पर निरंतर कार्य करेगी। उन्होंने सभी बुद्धिजीवियों, युवाओं, महिलाओं एवं समाजसेवियों से इस जन-अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



**शाहाबाद सिविल सोसाइटी की कार्यसमिति की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय**

**शाहाबाद सिविल सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष घोषित किए गए डॉ. शशि कुमार सिंह**

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस नेताओं ने बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर दिया जोर

**कुर्था (एनएसबी)** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत रविवार को जिलाध्यक्ष मोहम्मद कैफ के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर नए 'सृजन साथी' जोड़े गए। इस दौरान पार्टी नेताओं ने ग्रामीणों से संपर्क कर कांग्रेस की नीतियों एवं संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से लोगों को अभियान से जोड़ा। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम कांग्रेस का महत्वपूर्ण संगठनात्मक अभियान है, जिसका उद्देश्य पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना तथा अधिक से अधिक नए कार्यकताओं को संगठन से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठा सकता है और कांग्रेस इसी दिशा में लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस के कुर्था प्रखंड अध्यक्ष डॉ. राम विजय यादव, मो. असलम अंसारी, पुनदेव यादव पप्पू कुमार सहित पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छठ पूजा से पहले कुर्था सूर्य मंदिर तालाब की टूटी सीढ़ियां से बनी श्रद्धालुओं की चिंता

**कुर्था(एनएसबी)** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा मे हजारों श्रद्धालु कुर्था स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में आकर छठ पर्व मनाते हैं लेकिन विडम्बना इस बात कि है जो तालाब घाट की स्थिति जर्जर हो गई हैं। जिससे श्रद्धालुओं की चिंता काफी बढ़ गई है। क्योंकि तालाब की कई सीढ़ियां टूटी हुई हैं, जिससे छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के फिसलने या किसी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छठ पूजा के दौरान हजारों श्रद्धालु इसी घाट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में यदि समय रहते टूटी सीढ़ियों की मरम्मत नहीं कराई गई तो श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हर वर्ष छठ पर्व से पहले प्रशासन द्वारा विभिन्न घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है, ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। लेकिन कुर्था सूर्य मंदिर तालाब की वर्तमान स्थिति प्रशासन की तैयारियों पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय श्रद्धालुओं और सामाजिक लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि छठ पूजा से पूर्व सूर्य मंदिर तालाब की टूटी सीढ़ियों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, घाट की समुचित साफ-सफाई कराई जाए तथा आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित वातावरण में आस्था के इस महापर्व को श्रद्धापूर्वक संपन्न कर सकें।

### जदयू के नवमनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों का भव्य स्वागत, संगठन को और मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जनता दल (यूनाइटेड) के नवमनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों के सम्मान में रविवार को जहानाबाद के इरकी मोहल्ला में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ जदयू नेता अरमान अहमद गुड्डू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं ने नवमनोनीत प्रदेश





**अरमान अहमद गुड्डू के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फूल-मालाओं एवं अंगवस्त्र से किया अभिनंदन**

महासचिव राजीव नयन उर्फ राजू सिंह, प्रदेश सचिव दिलीप कुशवाहा एवं प्रदेश सचिव सुनीता कुमारी का अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्पमालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरमान अहमद गुड्डू ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जहानाबाद जिले के समर्पित, कर्मठ एवं ऊजार्वान कार्यकताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर जिले के कार्यकताओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह मनोनयन न केवल सम्मान है, बल्कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की जिम्मेदारी भी है। नवमनोनीत प्रदेश महासचिव राजीव नयन उर्फ राजू सिंह, प्रदेश सचिव दिलीप कुशवाहा एवं सुनीता कुमारी ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा जिस विश्वास के साथ उन्हें संगठन में कार्य करने का अवसर दिया गया है, वे उस विश्वास पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकताओं का सम्मान और जनसरोकारों के मुद्दों को प्राथमिकता देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर डॉ. निरंजन अंबेडकर, मेराज अहमद, राजू पटेल, मुरारी यादव, पंकज कुमार राकेश, रामप्रवेश कुशवाहा, रणधीर वर्मा, चंद्रभानु प्रसाद, अजय चौरसिया, प्रेम कुमार पप्पू, राजेश शर्मा, विनय कुमार विद्यार्थी, विजय शर्मा एवं रंजय चंद्रवंशी (मुखिया) सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नए पदाधिकारियों के नेतृत्व में जहानाबाद जिला संगठन और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनेगा।

### 'चैती पीपर चलो' के आह्वान के साथ 20 जुलाई को होगी विशाल प्रतिवाद सभा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** चैती पीपर के पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आगामी 20 जुलाई को आयोजित होने वाली विशाल प्रतिवाद सभा की तैयारी के लिए रविवार को गड़ेरी बिगहा में भाकपाझमाले की घोषी



विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में "चैती पीपर चलो" के आह्वान के साथ अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि यह प्रतिवाद सभा 20 जुलाई को घोसी बाजार स्थित खेल मैदान में आयोजित होगी, जिसमें पार्टी के राज्यस्तरीय नेता भी भाग लेंगे। बैठक में जोन प्रभारी कुमार परवेज, जिला सचिव विजय कुमार, राज्य कमेटी सदस्य रविंद्र यादव, प्रभात कुमार, अरुण बिंद, संजय चंद्रवंशी, वितन मांझी, विनोद भारती, उद्रेश पासवान, योगेंद्र यादव एवं सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि चैती पीपर की घटना को लेकर जिले के दलितों एवं अतिपिछड़े समाज में व्यापक आक्रोश है। उनका आरोप था कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय उन्हें ही झूठे मुकदमों में फँसाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका विरोध किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने घटना से जुड़े विभिन्न सवाल भी उठाए और प्रशासन से निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की।

# कोयल भूपत में श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, कृष्ण जन्मोत्सव ने बांधा समां

**मेहंदिया (एनएसबी)।** प्रखंड के कोयल भूपत गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के दौरान कथावाचक स्वामी श्रीरामायणाचार्य वेदांती जी महाराज ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का सरल और प्रेरणादायक वर्णन किया।

उन्होंने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए बताया कि जब गजराज मगरमच्छ के चंगुल में फंसकर असहाय हो गया, तब उसने भगवान विष्णु का स्मरण किया। भक्त की सच्ची पुकार सुनकर भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से मगरमच्छ का वध कर गजेंद्र की रक्षा की और दोनों को मोक्ष प्रदान किया। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में सच्ची श्रद्धा और ईश्वर पर विश्वास ही मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा होता है।कथा के दौरान वामन भगवान और राजा बलि का प्रसंग भी सुनाया गया। कथावाचक ने कहा कि दानवीर राजा बलि के अहंकार को दूर करने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया।




प्रवचन करते कथावाचक।



कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

तीन पग भूमि मांगकर भगवान ने अपने विराट स्वरूप से संपूर्ण सृष्टि को नाप लिया। तीसरे पग के लिए राजा बलि ने अपना सिर अर्पित कर दिया। उनके समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें पाताल लोक का राजा बनने का वरदान दिया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की जन्म लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्ति के रंग में रंग गया। आधी रात को शंखनाद भजन-कीर्तन और "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने झूमकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। माखन-मिश्री का भोग अर्पित करने के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली आध्यात्मिक शिक्षा है। कथा से लोगों में भक्ति, ज्ञान, दया, करुणा और नैतिक मूल्यों का विकास होता है तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सकारात्मक सोच का संदेश मिलता है।आयोजक मंडली के शिव विनोद शर्मा, अविनाश कुमार एवं पूर्व मुखिया अजय कुमार ने बताया कि कथा में प्रतिदिन बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या लोगों की गहरी आस्था और धार्मिक विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर आध्यात्मिक लाभ लेने की अपील की।

### ग्रामीण बिहार से वैश्विक मंच तकः फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे शकील अहमद काकवी



**जहानाबाद/ कोलकाता (एनएसबी)।** ग्रामीण बिहार के काको से निकलकर वैश्विक मंच तक अपनी पहचान बनाने वाले कायनात फाउंडेशन एवं कायनात इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक अध्यक्ष शकील अहमद काकवी को 14 जुलाई 2026 को कोलकाता में आयोजित फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस (बैस्टिल डे) स्वागत समारोह में शामिल होने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया है। यह निमंत्रण भारत स्थित फ्रांस के दूतावास एवं कोलकाता स्थित फ्रांस के महावाणिज्य दूतावास की ओर से दिया गया है। यह अवसर न केवल शकील अहमद काकवी के लिए, बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। यह भारत और फ्रांस के बीच लगातार सुदृढ़ हो रहे शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं जन-से-जन संबंधों का प्रतीक है। इस अवसर पर शकील अहमद काकवी ने कहा— *ग्रामीण बिहार के काको से विश्व तक— भाषा, विज्ञान एवं वैश्विक शिक्षा के माध्यम से विचारों, संस्कृतियों और समुदायों को जोड़ना हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान ग्रामीण बिहार के विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के उनके प्रयासों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान है।

**कोलकाता में बैस्टिल डे समारोह का मिला प्रतिष्ठित आमंत्रण, इंडो-फ्रेंच शिक्षा, विज्ञान और सांस्कृतिक सहयोग को मिलेगा नया आयाम**

**फ्रेंच भाषा एवं संस्कृति केंद्र की स्थापना की दिशा में ऐतिहासिक पहल :** कायनात फाउंडेशन ने सुश्री जूलिया मार्टिन-लेग्रॉस के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उनके हालिया कायनात इंटरनेशनल स्कूल भ्रमण, मार्गदर्शन एवं सहयोग से "कायनात सेंटर फॉर लर्निंग फ्रेंच लैंग्वेज एंड कल्चर" की स्थापना की मजबूत आधारशिला रखी गई है। शकील अहमद काकवी ने कहा कि यह केंद्र ग्रामीण बिहार के विद्यार्थियों को फ्रेंच भाषा सीखने, फ्रांसीसी संस्कृति को समझने और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों से जुड़ने का नया मार्ग प्रदान करेगा।

**एलायंस फ्रॉंसेज दु बंगाल में होगी महत्वपूर्ण बैठक :** बैस्टिल डे समारोह के बाद कायनात प्रतिनिधिमंडल अ'ॅल्ली ऋल्लइंरी फ़ि ड़ील्लॅंी में सुश्री क्लेमेंटीन बर्टशी मंडल से मुलाकात करेगा। इस बैठक में प्रस्तावित कायनात सेंटर फॉर लर्निंग फ्रेंच लैंग्वेज एंड कल्चर के संचालन, पाठ्यक्रम एवं सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा होगी। साथ ही यह भी प्रस्तावित है कि सुश्री जूलिया मार्टिन-लेग्रॉस के नेतृत्व में फ्रांसीसी महावाणिज्य दूतावास का प्रतिनिधिमंडल बिहार का दौरा करे और जनप्रतिनिधियों, विश्वविद्यालयों, शिक्षा विभाग एवं विद्यालयों के साथ मिलकर बिहार में फ्रेंच भाषा केंद्रों की स्थापना तथा भारत-फ्रांस शैक्षिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करे। कोलकाता आगमन पर इंसान स्कूल, किशनगंज के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में कोलकाता निवासी मुमताज उर रब ने अपने सहयोगियों के साथ अपने पूर्व विज्ञान शिक्षक शकील अहमद काकवी का आत्मीय स्वागत किया। यह दृश्य गुरु-शिष्य संबंधों की गरिमा, सम्मान और भारतीय शिक्षा संस्कृति की जीवंत मिसाल बन गया।

**विज्ञान एवं नवाचार के अध्ययन का भी रहेगा विशेष उद्देश्य :** कोलकाता प्रवास के दौरान शकील अहमद काकवी नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूज़ियम (NCSM), बिड़ला इंडस्ट्रियल एंड टेक्नोलॉजिकल म्यूज़ियम (BITM) तथा साइंस सिटी, कोलकाता का भी भ्रमण करेंगे। इस अध्ययन यात्रा का उद्देश्य बिहार के विद्यालयों में आधुनिक विज्ञान पार्क, इनोवेशन लैब एवं वैज्ञानिक शिक्षण सुविधाओं के विकास की संभावनाओं का अध्ययन करना है।

**यूनेस्को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की तैयारी :** आगामी 8 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले यूनेस्को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रमों के लिए भी विभिन्न शैक्षणिक, वैज्ञानिक, भाषाई एवं सांस्कृतिक संस्थानों के साथ सहयोग पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य मदरसों, उर्दू माध्यम विद्यालयों, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित तथा विद्यालय से बाहर रहने वाले बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है।

कायनात फाउंडेशन ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह पहल ग्रामीण एवं वंचित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए बहुभाषी शिक्षा, वैश्विक नागरिकता, वैज्ञानिक साक्षरता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का एक अनुकरणीय मॉडल सिद्ध होगी तथा बिहार की शिक्षा को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाएगी।

# न्याय की रोशनी हर बंदी तक पहुंचे

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मंडल कारा में आयोजित हुआ, विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था—"कैदियों को कानूनी सेवाओं तक पहुँच एवं जेल विधिक सहायता क्लिनिक के संचालन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (SOP-2022)"। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल उपाधीक्षक श्री भोला प्रसाद शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजीव कुमार, डिप्टी चीफ एल.ए.डी.सी.एस. ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) द्वारा वर्ष 2022 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया (SOP-2022) की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य प्रत्येक बंदी तक समय पर निःशुल्क विधिक सहायता पहुँचाना तथा न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी और संवेदनशील बनाना है। उन्होंने बताया कि महिला बंदी, विदेशी बंदी, वृद्ध, दिव्यांग एवं आर्थिक रूप से कमजोर सभी बंदियों को निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 21 एवं 39(क) प्रत्येक नागरिक को न्याय तक समान पहुँच का अधिकार प्रदान करते हैं। इसी संवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था की गई है।

कानून की नजर में सब हैं बराबर,यही संविधान का है सुंदर आधार
जो न्याय से कभी वंचित न रहे,यही है लोकतंत्र का सच्चा संस्कार।

राजीव कुमार ने कहा कि कारागार में निरुद्ध बंदी अपने सभी मौलिक एवं विधिक अधिकारों से वंचित नहीं होते। उन्हें निष्पक्ष सुनवाई, विधिक प्रतिनिधित्व तथा न्यायालय तक पहुँच का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। इन्हीं उद्देश्यों को प्रभावी बनाने के लिए ठअछरअ रडढ-2022 लागू की गई, ताकि प्रत्येक बंदी को उसके अधिकारों की जानकारी मिले तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि जेल विधिक सहायता क्लिनिक प्रत्येक कारागार में स्थापित एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है, जो बंदियों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बीच सेतु का कार्य करती है। इसके माध्यम से बंदियों को निःशुल्क विधिक परामर्श, जमानत संबंधी सहायता, विचाराधीन मुकदमों में सहयोग,






**मंडल कारा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं अधिकारों की दी गई विस्तृत जानकारी**

अपील दायर करने में सहायता, मुकदमों की प्रगति की जानकारी सहित अन्य कानूनी सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि विधिक सहायता क्लिनिक के माध्यम से बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है।

निःशुल्क विधिक सहायता के आवेदन प्राप्त कर संबंधित प्राधिकरण तक पहुँचाए जाते हैं। पात्र बंदियों को अधिवक्ता उपलब्ध कराने में सहायता दी जाती है। विचाराधीन बंदियों के मामलों की नियमित समीक्षा की जाती है। विधिक जागरूकता शिविर एवं परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महिला, वृद्ध, दिव्यांग एवं अन्य विशेष श्रेणी के बंदियों की विधिक आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि "विधिक सहायता केवल एक सेवा नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। जब किसी बंदी को उसके अधिकारों की जानकारी देकर उसे न्याय दिलाने का प्रयास किया जाता है, तब न्यायपालिका के प्रति समाज का विश्वास और अधिक मजबूत होता है।"

**"इंसाफ की राह कभी आसान नहीं होती, मगर सच्चाई की मंज़िल वीरान नहीं होती।**

**जो अधिकारों की लौ जलाए रखते हैं, उनकी उम्मीद कभी बेकार नहीं होती।"***

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेल उपाधीक्षक श्री भोला प्रसाद शर्मा ने भी बंदियों को कारागार में उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी बंदी न्याय से वंचित न रहे, इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जेल प्रशासन निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बंदियों को जमानत, पैरोल एवं अपील संबंधी अधिकारों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर जेल सहायक अधीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह ने बंदियों को विशेष रूप से पैरोल संबंधी प्रावधानों से अवगत कराया तथा पात्र बंदियों से इसका विधिसम्मत लाभ उठाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पारा विधिक स्वयंसेवक विमल कुमार एवं जेल पीएलवी नवीन कुमार सिंह ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष बंदियों, कक्षपालों तथा कारा प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। "न्याय का अधिकार सबका सम्मान, यही है संविधान की पहचान। हर बंदी तक पहुँचे विधि का प्रकाश, तभी होगा न्याय व्यवस्था पर विश्वास।"

# जहानाबाद में जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का भव्य स्वागत

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष, प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति उमेश कुशवाहा का गया से पटना लौटने के क्रम में जहानाबाद बाईपास पर पार्टी कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं ने गगनभेदी नारों, पुष्पमालाओं एवं अंगवस्त्र भेंट कर अपने नेता का अभिनंदन किया। ज्ञात हो कि गया स्थित बिपार्ड (इब्ढअफ्ळ) में बिहार के सभी माननीय विधायकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पटना लौटते समय प्रदेश अध्यक्ष का जहानाबाद में पार्टी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्ण स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि भीषण गर्मी के



बावजूद जिस उत्साह और एकजुटता के साथ कार्यकर्ता स्वागत के लिए उपस्थित हुए हैं, वह संगठन की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की यही एकजुटता और समर्पण एनडीए गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत है, जिसके बल पर बिहार में पुनः एनडीए की सरकार बनी है।उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव राजीव नयन उर्फ राजू सिंह, प्रदेश सचिव दिलीप कुशवाहा, सुनीता कुमारी, वरिष्ठ नेता डॉ. निरंजन अंबेडकर, अरमान अहमद गुड्डू, राजू पटेल, मुरारी यादव, गुड्डू कुशवाहा, रामप्रवेश कुशवाहा, विनय विद्यार्थी सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पमालाओं एवं अंगवस्त्र से अभिनंदन करते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।